www.navpradesh.com

दैनिक
नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

//-- सुविचार --//
रिश्तों की सिलाई अगर भावनाओं से हुई है तो टूटना मुश्किल है और अगर स्वार्थ से हुई है, तो टिकना मुश्किल है।

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 6 | अभिव्यक्ति 5 | झारखंड 7 | झारखंड

रांची, शुक्रवार 04 फरवरी 2022, माघ शुक्ल पक्ष तृतीया, विक्रम संवत - 2077 वर्ष-07 अंक-290 पृष्ठ-12, मूल्य - 3 रुपए

रांची, रायपुर, बिलासपुर, भोपाल व जबलपुर से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

मोहब्बत और अदावत की तरह सियासत में भी सब जायज होता है। दलबदल करा कर दलदल बनाना, दागियों को गले लगाना और वोट कबाड़ने के लिए खुलेआम प्रलोभन परोसना नाजायज नहीं है। जुबानी जंग में मर्यादा का उल्लंघन करना और जो मुंह में आए बक देना तो बयानवीर नेताओं का जन्म सिद्ध अधिकार है। उत्तर प्रदेश में आरोप प्रत्यारोप के बाद अब धमकी चमकी दी जाने लगी है। गर्मी शांत करने, चर्बी उतारने से बात आगे पहुंच कर हिन्दू गर्दी तक आ गई है। पता नहीं आगे और कहा तक जाएगी? आगाज ऐसा है तो अंजाम का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

सूर्योदय

उदय : 6.29 प्रात:

अस्त : 5.36 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,924,674,390

भारत : 1,401,982,310

बाजार

सेंसेक्स : 58788.02

निफ्टी : 17560.20

गोल्ड : 49,050 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 61,400 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 4.53 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	21.4	7.5
जमशेदपुर	23.6	9.4
डालटेनगंज	20.8	8.6
देवघर	20.9	8.2

आज का दिवस

विश्व कैंसर दिवसः दुनियाभर में 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जा रहा है। विश्व कैंसर दिवस 2021 की थीम 'आईएम एंड आईविल' है। यह थीम साल 2019 से 2021 तक के लिए रखी गयी है, जो इस साल भी कायम है। विश्व कैंसर दिवस के जरिए दुनियाभर के लोगों को कैंसर के प्रति जागरुक किया जाता है, क्योंकि यह एक ऐसी घातक बीमारी है, जिसके शुरुआती लक्षण सामने नहीं आते हैं। विश्व कैंसर दिवस पहली बार पेरिस में यूनियन फॉर इंटरनेशनल कैंसर कंट्रोल द्वारा 4 फरवरी को मनाया गया था और इसकी स्थापना की गई थी।

राहुल गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस

गोड्डा। गोड्डा के भाजपा सांसद निशिकांत दूबे ने लोकसभा अध्यक्ष को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन और गलत बयानी का नोटिस दिया है। दूबे ने कहा कि राहुल गांधी की मानसिकता जिन्ना के दो राष्ट्र के सिद्धांत का है, कल लोकसभा में दिया गया उनका भाषण देश को टुकड़ों में बांटने की साजिश है।

गरमा-गरम

मुख्यमंत्री की स्वीकृति. राज्य स्थापना दिवस समारोह-2016 में हुई अनियमितता की होगी जांच

एसीबी करेगी टी-शर्ट, मिठाई व टॉफी घोटाले की जांच

गायिका सुनिधि चौहान के कार्यक्रम पर भी है विवाद

संवाददाता

रांची। झारखंड राज्य स्थापना दिवस, 2016 (13 -15 नवंबर) के अवसर पर आयोजित मुख्य समारोह में गायिका सुनिधि चौहान के कार्यक्रम और विभिन्न विद्यालयों में बच्चों के बीच टी -शर्ट और मिठाई तथा टॉफी वितरण में बरती गई अनियमितता की जांच भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) करेगी। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने इस कार्यक्रम के विभिन्न पहलुओं से संबंधित अनियमितता की मिली शिकायतों के मद्देनजर एसीबी जांच के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है।

ज्ञात हो कि वर्ष 2016 के राज्य स्थापना दिवस समारोह के आयोजन में हुई अनियमितता को लेकर झारखंड उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका सुनवाई के लिए विचाराधीन है।

खिसियानी बिल्ली खंबा नोचे : रघुवर दास

रांची। पूर्व मुख्यमंत्री और बीजेपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने इस फैसले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा - खिसियानी बिल्ली खंबा नोचे। रघुवर दास ने कहा कि उन्होंने 5 साल ईमानदार सरकार और इमानदार प्रशासन दिया है। इसके बावजूद अगर किसी को लगता है कि कोई गड़बड़ी हुई है, तो किसी भी जांच का वे स्वागत करते है, सांच को आंच क्या। इस सरकार ने विधानसभा में स्वयं स्वीकार किया था कि इस मामले में किसी प्रकार की गड़बड़ी नहीं हुई है। अभी हाल के दिनों में ही उन्होंने सरकार पर कुछ गंभीर सवाल उठाए थे, शायद निशाना सही जगह लगा है।

रोकी जायेगी अभ्रख की अवैध तस्करी

संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ढिबरा डम्पस में निहित अभ्रख खनिज की हो रही अवैध तस्करी को रोकने से संबंधित प्रस्ताव को अपनी मंजूरी दे दी है। इसे अब मंत्रिमंडल की बैठक में स्वीकृति के लिए रखा जाएगा।

ज्ञात हो कि राज्य में ढिबरा (अभ्रक स्क्रैप) के निष्पादन के लिए बिहार माइका एक्ट /रूल्स में कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं होने की वजह से यह प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसमें तीन शर्तें निहित हैं, जिसका अनुपालन किया जाना है।

ये हैं प्रस्ताव में निहित तीन शर्तें

1. ढिबरा निष्पादन (अभ्रक स्क्रैप) का सर्वेक्षण किया जाएगा। इसमें उसके स्थल, वॉल्यूम और मात्रा का उल्लेख होगा। इससे ढिबरा की अवैध तस्करी को रोका जा सकेगा।
2. ढिबरा (अभ्रक स्क्रैप) का रासायनिक विश्लेषण रिपोर्ट भी प्राप्त कर लिया जाए, ताकि स्पष्ट हो सके कि इसकी गुणवत्ता कैसी है।
3. जो ढिबरा (अभ्रक स्क्रैप) वन क्षेत्र में अवस्थित है, उसके निष्पादन के पहले सक्षम प्राधिकार से फॉरेस्ट क्लीयरेंस तथा अन्य वांछित दस्तावेज प्राप्त कर लिया जाए।

फॉसिल सिर्फ पत्थर नहीं इतिहास के पन्ने हैं, सम्मान करें : हेमंत

हाथी कॉरिडोर पर दें विशेष ध्यान

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन साहेबगंज में फॉसिल पार्क का निर्माण हो रहा है। यह अच्छी बात है। लेकिन इसको लेकर गंभीरता नहीं दिखाई गई। हमने इसकी जानकारी लोगों से साझा नहीं की। इसको लेकर लोगों को जागरूक करें। ये फॉसिल पत्थर नहीं इतिहास के पन्ने हैं। इसका सम्मान करें। कोर माइनिंग क्षेत्र में भी फॉसिल के होने की जांच हो। वन्य प्राणी आश्रयणियों के अंदर स्थित स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को वन्यप्राणियों के संरक्षण के प्रति जागरूक करना सुनिश्चित करें। इससे वन्यजीव संरक्षण को बल मिलेगा साथ ही, बच्चे अपनी मर्जी के अनुरूप इसे कैरियर के रूप में अपना सकेंगे। राज्य के जंगल को समृद्ध करें। कई राज्य अपने जंगल और वन्यजीव को लेकर कार्य कर रहें हैं। वन विभाग उस मॉडल को झारखण्ड के लिए अपनाएं। बेहतर सुविधा देंगे तो लोग अवश्य यहां आएंगे। मुख्यमंत्री आज झारखण्ड राज्य वन्यजीव बोर्ड की 14वीं बैठक में बोल रहे थे।

झारखण्ड राज्य वन्यजीव बोर्ड की 14वीं बैठक

अंडरपास निर्माण में ध्यान दें

मुख्यमंत्री ने कहा कि वन्य जीव खासकर हाथी कॉरिडोर पर विशेष ध्यान दे विभाग। कॉरिडोर से गुजरने वाली सड़कों के किनारे दीवार या लोहे का ऊंचा बैरियर लगा दिया जाता है। ऐसे में हाथियों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। इनके लिए अंडरपास का निर्माण बेहतर ढंग से करवाएं। जहां जरूरत हो वहीं अंडरपास का निर्माण करें। ताकि वन्यजीवों को सड़क पार करने में सुविधा हो सके। सड़क निर्माण को लेकर हमें बदलाव करने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कोडरमा वन्य प्राणी आश्रयणी से होकर गुजरने वाली नेशनल हाईवे के चौड़ीकरण हेतु एक समिति गठन करने को कहा। ताकि वहां मौजूद सड़क को कैसा बनाया जाएद्य इसपर सहमति बने और वन्यजीव का संरक्षण भी हो सके।

बैठक में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, अपर मुख्य सचिव एल. खिंग्याते, पीसीसीएफ राजीव रंजन, पुलिस महानिदेशक नीरज सिन्हा, एडीजी सीआईडी प्रशांत कुमार, निदेशक मत्स्य एच एन द्विवेदी, विभिन्न वन प्रमंडल के डीएफओ, वन जीव संरक्षण के लिए कार्य करने वाले गैर सरकारी संगठन के सदस्य एवं अन्य उपस्थित थे।

कोविड टीकाकरण 168.40 करोड़ के पार

नयी दिल्ली। देश में कोविड टीकाकरण अभियान के 384 वें दिन गुरुवार को 50 लाख से अधिक कोविड टीके लगाये गये। इसके साथ ही कोविड टीकाकरण 168.40 करोड़ से अधिक हो गया। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने देर शाम यहां बताया कि देश में कोविड टीकाकरण अभियान के तहत आज शाम सात बजे तक 168 करोड़ 40 लाख 41 हजार 689 कोविड टीके लगाये जा चुके है। आज 50 लाख 11 हजार 156 कोविड टीके दिये गये। आंकड़ों के अनुसार अतिरिक्त खुराक के पात्र व्यक्तियों को एक करोड़ 38 लाख 82 हजार 262 कोविड टीके लगाये गये हैं।

नौसेना प्रमुख ने वीरता और पुरस्कार दिये

नयी दिल्ली। नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने गुरुवार को यहां एक अलंकरण समारोह में 14 अधिकारियों तथा नौसैनिकों को वीरता तथा विशेष सेवाओं के लिए पदक प्रदान किए। इन पदकों की घोषणा गत वर्ष 15 अगस्त और इस वर्ष गणतंत्र दिवस पर की गई थी। नौसेना प्रमुख ने समारोह में वीरतापूर्ण कार्य, नेतृत्व, पेशेवर उपलब्धियों और उच्च कोटि की विशिष्ट सेवा का प्रदर्शन करने वाले नौसेना के कर्मियों को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की ओर से यह पुरस्कार तथा पदक प्रदान किए।

किसन दा की गिरफ्तारी के बाद घबराये माओवादी

अब झारखंड छोड़ेंगे बड़े माओवादी नेता

गौतम चौधरी

बूढ़ा पहाड़ व पारसनाथ पहाड़ी छोड़ चंदन के जंगल को बनाएंगे ठिकाना

माओवादियों ने माना, झारखंड में नहीं रहा कोई लिब्रेट जोन

झारखंड में अब न तो कोई बड़ा ऑपरेशन होगा और न ही होगी रंगरूटों की ट्रेनिंग

रांची। सुरक्षा, गुप्तचर एजेंसियां और राज्य पुलिस के समन्वय ने ड्डारत की कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के दांत खट्टे कर दिए हैं। हताश-निराश माओवादी लड़ाके अब झारखंड को सेफ जोन नहीं मानते। यही कारण है कि माओवादी अब जल्द ही अपने सभी बड़े नेताओं को झारखंड से सिफ्ट करने की तैयारी में है। लंबे समय से माओवादी झारखंड को अपने लिए बेहद सुरक्षित मानते रहे हैं लेकिन ईस्टर्न रीजनल ब्यूरो (ईआरबी) सह पोलित ब्यूरो सदस्य प्रशांत बोस उर्फ किशन उर्फ बूढ़ा और उनके साथ पत्नी शीला मरांडी की गिरफ्तारी के बाद वे अपनी रणनीति परिवर्तित करने के लिए बाध्य हो गए हैं। माओवादी अब झारखंड में न तो कोई बड़ा ऑपरेशन करेंगे और न ही यहां अपने रंगरूटों की ट्रेनिंग।

इन माओवादी नेताओं का केन्द्र है झारखंड

रंजीत बोस उर्फ कंचन को अड्डी हाल ही में ईआरबी का प्रमुख बनाया गया है। रंजीत बोस पार्टी के सेंट्रल मेंबर कमेटी के सदस्य हैं। बता दें सेंट्रल मेंबर कमेटी भाकपा माओवादी की सबसे प्रभावशाली समिति है। रंजीत बोस को झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल में संगठन को मजबूत बनाने की ज़िम्मेदारी दी गई थी। 65 वर्ष के रंजीत बोस की तीनों राज्यों में अच्छी पकड़ है। जानकारों की मानें तो भाकपा माओवादी सेंट्रल मेंबर कमेटी में फिलहाल 9 सदस्य हैं। इसमें से पांच सदस्यों का मुख्यालय झारखंड में ही था। प्रशांत दा की गिरफ्तारी के बाद अब झारखंड में मिसिर बेसरा उर्फ भास्कर उर्फ निर्मल जी उर्फ सागर, असीम मंडल उर्फ आकाश उर्फ तिमिर, अनल दा उर्फ तूफान उर्फ पतिराम मांझी उर्फ पतिराम मराण्डी उर्फ रमेश और प्रयाग मांझी उर्फ विवेक उर्फ फुचना उर्फ नागो मांझी उर्फ करण दा उर्फ लेतरा सक्रिय रूप से झारखंड में ही निवास करते हैं। अब इन नेताओं को दक्षिण में सिफ्ट किया जाएगा।

माओवादी नेताओं का नया ठिकाना

झारखंड के बाद माओवादियों के लिए दो और सुरक्षित क्षेत्र माना जाता है। एक छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश एवं महाराष्ट्र का बॉडर इलाका दूसरा केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु का सीमावर्ती क्षेत्र। इन दोनों क्षेत्रों में माओवादी नेता निवास करेंगे। यह दोनों इलाके घने जंगलों से आक्षादिदत हैं और माओवादी विद्रोहियों के लिए उपयुक्त माना जाता है। यही नहीं माओवादी लड़ाकों को खदान व चंदन की कीमती लकड़ियों पर भी नजर है। फिलहाल माओवादी आर्थिक कमी का भी सामना कर रहे हैं। इसके कारण भी वे दक्षिण की ओर जाने को विवस हो रहे हैं।

दक्षिण की ओर जाने के लिए विवस माओवादी

इधर के दिनों में झारखंड का माहौल बड़ी तेजी से बदला है। विकास और आर्थिक प्रगति के कारण झारखंड की आम जनता का जीवनस्तर बहुत बदल गया है। सामान्य लोगों में आयी समृद्धि के कारण अब झारखंड के नौजवान रचनात्मक कामों में अपना ध्यान केन्द्रित करने लगे हैं। इसके कारण माओवादियों को रंगरूट मिलना कठिन हो गया है। दूसरी बात यह है कि झारखंड पुलिस ने केन्द्रीय सुरक्षा एजेंसियों के साथ बेहतर तालमेल बिठाया है। फिर झारखंड सरकार की विद्रोही समर्पण की नीति ने ड्डी माओवादी लड़ाकों को बंदूक छोड़ने के लिए विवस कर दिया है। आपसी लड़ाई एवं सांगठनिक कलह के कारण कई बड़े माओवादी लड़ाके मारे गये और कई ने समर्पण कर दिया। इससे माओवादी आंदोलन कमजोर पड़ गया। राज्य सरकार की दबिश के कारण लेवी की वसूली भी कम होने लगी है।

पेगासस जासूसीः तकनीकी जांच कमेटी की लोगों से अपील

आठ तक अपनी शिकायतें भेजें

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय के आदेश पर कथित पेगासस जासूसी मामले की छानबीन कर रही तकनीकी जांच कमेटी ने लोगों से अपील की है कि जिन्हें अपने मोबाइल फोन के जरिये जासूसी का संदेह हैं, वे उचित कारण बताते हुए आठ फरवरी तक अपना पक्ष कमेटी के समक्ष रख सकते हैं।

तकनीकी कमेटी के सदस्यों- प्रो. नवीन चौधरी, प्रो. अश्विनी गुमस्ते और प्रो. पी. प्रबाहरण के हवाले से गुरुवार को समाचार पत्रों में जारी एक विज्ञापन में ये अपील की गई है। विज्ञापन में कहा गया है कि जिन लोगों को अपने मोबाइल जासूसी सॉफ्टवेयर के माध्यम से जासूसी के संदेह हैं, वे पर्याप्त कारणों का जिक्र करते हुए कमेटी के समक्ष अपनी बात ईमेल के माध्यम से रख सकते हैं। कमेटी संबंधित व्यक्ति/ व्यक्तियों को अपने मोबाइल फोन आवश्यक जांच के लिए कमेटी के समक्ष जमा कराने के लिए कह सकती है। कमेटी जांच के बाद उनके मोबाइल फोन लौटा देगी। विज्ञापन में यह भी कहा गया है कि इससे पहले दो जनवरी को इसी प्रकार का विज्ञापन जारी किया गया था। इसके बाद सिर्फ दो लोगों ने अपने मोबाइल फोन तकनीकी कमेटी के समक्ष जांच के लिए प्रस्तुत किए हैं।

मोस्ट वांटेड दिनेश गोप के अड्डे पर पुलिस की रेड

गोली व सामान छोड़ भागे उग्रवादी

वरीय संवाददाता

रांची। खूंटी जिला पुलिस व सीआरपीएफ की टीम के साथ गुरुवार को पीएलएफआई उग्रवादियों के साथ मुठभेड़ हुई। घटना सुबह करीब सवा छह बजे की है। पुलिस को जानकारी मिली थी कि रनिया व चाईबासा जिला के गुदड़ी थाना के सीमावर्ती क्षेत्र टेमना व सिदमा में मोस्ट वांटेड दिनेश गोप अपने दस्ता सदस्यों के साथ मौजूद है। उक्त सूचना पर पुलिस व सीआरपीएफ की टीम जैसे ही दिनेश गोप के अड्डे पर पर पहुंची कि पीएलएफआई के उग्रवादी ने फायरिंग करना शुरु कर दिया। इस मुठभेड़ में पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग शुरु कर दी, जिसमें पुलिस को देख उग्रवादी गोली व अन्य सामान छोड़कर जंगल व पहाड़ की तरफ भाग निकलने में सफल रहे।

इस संबंध में खूंटी एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि मुठभेड़ के बाद पुलिस ने घटनास्थल से पुलिस को एके 47 रायफल का एक मैगजीन व 44 कारतुस, दो स्मार्ट फोन, दो छोटा मोबाईल, एक वॉकी टॉकी, एक मोबाईल चार्जर, एक पिठ्ठु पाउच, एक पिठ्ठु बैग, पीएलएफआई का पर्चा व चंदा रसीद सहित चटाई, कंबल व दैनिक उपभोग की ढेर सारी वस्तुएं और दवाईयां बरामद की है। पुलिस का घटनास्थल के आसपास लगातार सर्च अभियान जारी रहेगा। पुलिस टीम में पीआर मिश्रा (द्वितीय कमान अधिकारी, सीआरपीएफ 94 बटालियन), रमेश कुमार (अपर पुलिस अधीक्षक, अभियान, खूंटी), ओम प्रकाश तिवारी (अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, तोरपा) सहित खूंटी व चाईबासा जिला के पुलिस पदाधिकारी व सशस्त्र बल शामिल थे।

बलूच लड़ाकों का पाकिस्तानी सेना पर हमला

100 पाक सैनिक ढेर

इस्लामाबाद : पाकिस्तान के लिए लगातार मुसीबत बन रहे बलूच लड़ाकों ने पाकिस्तानी सेना पर जोरदार हमला किया है। बलूच लड़ाकों का दावा है कि इस हमले में 100 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए हैं। हालांकि पाकिस्तानी सेना ने महज एक सैनिक के मारे जाने और चार आतंकियों को मारकर हमले को विफल करने की बात कही है। बलूच लिबरेशन आर्मी ने हमले की जिम्मेदारी ली है।

बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलओ) ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दावा किया कि बीएलए की मजीद ब्रिगेड ने बलूचिस्तान प्रांत में पांजगुर और नूशकी इलाके में फ्रंटियर कोर और सेना के एक ठिकाने पर भीषण हमला किया है। बलूच लड़ाकों का दावा है कि बलूच फिदायीन दस्ते (आत्मघाती लड़ाकों) ने सफलतापूर्वक सेना के ठिकानों में प्रवेश कर इस हमले को अंजाम दिया है। दावा किया गया है कि हमले में 100 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए हैं। बीएलए की विज्ञप्ति में कहा गया है कि हमले के चार घंटे बाद भी बलूच लड़ाके सफलता के साथ पाकिस्तानी सेना का सामना कर रहे हैं।

उधर, पाकिस्तानी सेना ने केवल एक सैनिक के मारे जाने की पुष्टि करते हुए चार आतंकियों को मार कर हमले को विफल करने का दावा किया है। पाकिस्तानी सेना ने एक बयान जारी करके दावा किया कि ठीक समय पर की गई जवाबी कार्रवाई में विद्रोहियों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है।

टिप्पणी बढ़ता प्रभाव, घटता विश्वास

सचिन कुमार सिंह

रांची। साख पर बट्टा न लगे इसकी चिंता सबको रहती है। रहनी भी चाहिए, क्योंकि सब कुछ साख यानी इज्जत, मान- मर्यादा बनाये और बचाये रखने के लिए किया जाता। बचाये रखने के मुद्दे पर अमीरी - गरीबी की सोच हावी नहीं होती। राजनीतिक दल भी इसी के दायरे में आते हैं। राजनीतिक दलें भी अपने प्रभाव का विस्तार करने में लगी रहती हैं, क्योंकि लोकतंत्र में जनता के प्रति उनका सीधा वास्ता रहता है। हाल के दिनों में राजनीतिक दलों का प्रभाव का विस्तार तो हो रहा है, मगर विश्वास की कमी भी साफ दिखने लगी है। राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलें सिर्फ अपने विस्तार पर जोर दे रही हैं। सत्तालोलुपता कहें या नीति से अलग हटने की होड़, परिणाम सकारात्मक नहीं आ रहा। यह गंभीर मंथन का विषय है कि विश्वास घटने के लिए राष्ट्रीय दलें जिम्मेवार हैं या क्षेत्रीय दलें, मगर सच यह भी है कि राष्ट्रीय दलें हो या क्षत्रपों का दल, कमोबेश जिम्मेवार सभी हैं। लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकार गठन के लिए राजनीतिक दलों में से किसी एक विचारधारा को साथ देने की बाध्यता है। बस यही लोकतंत्र की मजबूरी और राजनीतिक दलों को फायदा पहुंचाने का फंडा है, जिसका दुरुपयोग सभी राजनीतिक दलें करते हैं। न जनता के प्रति वह जिम्मेवार नजरिया रखते हैं, न ही अपनी नीतियों पर चलने की विवशता होती है। राजनीतिक दलों का यही व्यवहार जनता में उनके साख पर बट्टा लगा रहा है।

वर्तमान परिस्थिति राजनीतिक दलों के लि ए के लिए गंभीर मंथन की है। उन्हें राजनीतिक बोध करना चाहिए और अपनी नीतियों पर अडिग रहने का संकल्प लेना चाहिए। हालांकि सत्ता तक पहुंचने की होड़ में राजनीतिक दलों के लिए अपनी नीतियों पर टिके रहना मुश्किल भरा काम है। बावजूद इसके, लोकतांत्रिक ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए और जनता का विश्वास अपने पक्ष में करने की मंशा से सार्थक पहल करने की जरूरत है। अन्यथा प्रभाव का विस्तार करने में वह सफल होंगे मगर घटते विश्वास पर लगाम लगाना मुश्किल होगा।

चीन की चाल पर भारत की दोहरी मार

डीडी स्पोर्ट्स पर नहीं होगा विंटर ओलिंपिक के समारोहों का प्रसारण

नयी दिल्ली। प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) शशि शेखर वेमपति ने गुरुवार को कहा कि डीडी स्पोर्ट्स चैनल बीजिंग में होने वाले विंटर ओलिंपिक खेलों के उद्घाटन और समापन समारोह का सीधा प्रसारण नहीं करेगा। भारत सरकार ने घोषणा की कि बीजिंग में भारतीय दूतावास का कोई भी राजनयिक 2022 शीतकालीन ओलिंपिक के उद्घाटन और समापन समारोह में हिस्सा नहीं लेगा, क्योंकि चीन ने गलवान घाटी में हुई झड़प में शामिल एक सैन्य कमांडर को इन खेलों का मशालवाहक बनाया है। और इस फैसले के तुरंत बाद ही प्रसार भारती ने यह घोषणा की। वेमपति ने ट्वीट किया, विदेश मंत्रालय की घोषणा के परिणामस्वरूप डीडी स्पोर्ट्स चैनल बीजिंग में होने वाले शीतकालीन ओलंपिक के उद्घाटन और समापन समारोह का सीधा प्रसारण नहीं करेगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बाग्ची ने गलवान कमांडर को इस खेल प्रतियोगिता का मशाल धारक बनाकर सम्मानित करने के चीन के इस कदम को खेदजनक करार दिया। चीन ने बुधवार को की फाबाओ को खेलों की मशाल रिले में मशाल धारक के रूप में पेश किया था। पीपल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के रेजीमेंटल कमांडर फाबाओ जून 2020 में पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में भारतीय सैनिकों के साथ झड़प में घायल हो गए थे।

पुलिस पर भारी बालू तस्कर, की फायरिंग

चार में दो ट्रैक्टर छुड़ा ले गये तस्कर

मेदिनीनगर। पलामू जिले में इन दिनों विभिन्न नदी घाट से बालू का अवैध उठाव किया जा रहा है। कमाई इतनी ज्यादा है कि बालू तस्कर का पुलिस का भी भय नहीं रह गया है। इसकी एक बानगी जिले के तरहसी थाना क्षेत्र में बुधवार की रात देखने को मिली। तरहसी थाना क्षेत्र के सेलारी के देल्हा अमानत नदी घाट से अवैध बालू उठाते पुलिस ने चार ट्रैक्टर जब्त किया, लेकिन तस्कर जबरन दो ट्रैक्टर को रात में ही छुड़ा ले गये। इस दौरान फायरिंग होने की भी जानकारी ग्रामीणों ने दी है। हालांकि पुलिस ने इससे इंकार किया है। पुलिस ने दो अनलोड ट्रैक्टर जब्त कर थाने में रखा है। जानकारी के अनुसार देल्हा स्थित अमानत नदी घाट से बालू का उठाव हो रहा था। गुप्त सूचना मिलने पर बुधवार की देर शाम पुलिस मौके पर पहुंची और चार ट्रैक्टर को पकड़ा। तीन ट्रैक्टर में अवैध बालू लोड था, जबकि एक अनलोड। पुलिस द्वारा ट्रैक्टर जब्त करने की कार्रवाई देखकर बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और कार्रवाई में सहयोग करते हुए पुलिस पर दबाव बनाने लगे। बालू घाट से जैसे ही पुलिस ट्रैक्टरों को लेकर मुख्य सड़क पर आयी, तस्कर सक्रिय हो गए और बालू अनलोड कर तेजी से दो ट्रैक्टर को पाटन थाना क्षेत्र की ओर भगा ले गए। ट्रैक्टर पाटन थाना क्षेत्र के आरेदाना अंगरा के बताये गये हैं। हालांकि इसके बाद पुलिस ने उनका पीछा किया। ग्रामीणों के अनुसार इस क्रम में फायरिंग हुई। बाइक सवार लोगों ने रोको रोको कहकर फायरिंग की। घटना नौ बजे के आस पास हुई। फायरिंग किस पक्ष से हुई, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है।

मनरेगा अंतर्गत नवनियुक्त लोकपालों का 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू, 19 जिलों के नवनियुक्त लोकपालों को दिया जाएगा 7 फरवरी तक प्रशिक्षण

लोकपाल योजना में पारदर्शिता को बढ़ाने की संस्था : मनरेगा आयुक्त

रांची। मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) के अंतर्गत नव नियुक्त लोकपालों के लिए आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने कहा कि सभी लोकपालों को भारत सरकार द्वारा जारी निर्देशिका के अनुसार अपने दायित्वों का निर्वहन करना है। इसके लिए मनरेगा के हर पहलू को समझने के साथ ही लोकपाल की भूमिका की भी गहन जानकारी जरूरी है। उन्होंने प्रतिभागियों से कहा कि लोकपाल का पद, पद न होकर एक संस्था है, जहां आपको नियमों एवं कानून के अनुसार शिकायतों का निराकरण करना है। लोकपाल की निष्पक्षता ही उसे संस्था का रूप देती है। मनरेगा आयुक्त ने कहा कि लोकपाल योजना में पारदर्शिता को बढ़ाने की संस्था है।

मनरेगा और लोकपाल निर्देशिका समझने में मिलेगी मदद

कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए राज्य मनरेगा आयुक्त ने कहा कि ग्रामीण विकास संस्थान में आयोजित पांच दिवसीय इस कार्यशाला में 19 जिलों के लोकपालों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस दौरान उन्हें मनरेगा के प्रावधानों एवं श्रमिक हितग्राही के अधिकार, लोकपाल के कार्य व दायित्व, मनरेगा के तहत शिकायत निवारण के लिए मानक संचालन प्रक्रिया, सामाजिक अंकेक्षण, सूचना का अधिकार अधिनियम, लोकपाल कार्यालय में शिकायत पंजीयन एवं निवारण तथा सामाजिक न्याय व प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला मनरेगा और लोकपाल निर्देशिका की बारीकियों को समझने में प्रतिभागियों के लिए काफी मददगार होगा।

रोल मॉडल बनें लोकपाल

मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने सभी नवनियुक्त लोकपालों से कहा कि वे अपने उत्कृष्ट दायित्व निर्वहन से रोल मॉडल बनें। धैर्यपूर्वक एक जज की तरह समस्या या शिकायतों को सुनें, परखें और निर्णय लें। जरूरत समझने पर सजा का भी अनुमोदन करें। उन्होंने लोकपालों से ज्यादा से ज्यादा फील्ड विजिट करने को कहा। योजना कार्यान्वयन की जियो टैगिंग करने पर बल दिया।

इस मौके पर मास्टर ट्रेनर, ठाकुर गौरी शंकर- लेक्चरर, मुकेश कुमार-व्याख्याता अनिल यादव सहायक निदेशक एवं अन्य पदाधिकारीगण मौजूद थे।

संक्षिप्त

भोजपुरी, मगही को भाषा सूची से हटाएं

रांची। आजसू से गोमिया विधायक लंबोदर महतो ने गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर धनबाद एवं बोकारो जिले से भोजपुरी और मगही को क्षेत्रीय भाषा सूची से हटाने का आग्रह किया है। उन्होंने प्रोजेक्ट बिल्डिंग सचिवालय में मुख्यमंत्री से मिलकर यह आग्रह किया है। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री से अपने विधानसभा क्षेत्र की सड़क एवं पेयजल संबंधी समस्या पर चर्चा कर समाधान की ओर ध्यान आकृष्ट कराया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से बलिहारी पंचायत अंतर्गत कोनार नदी में इंटेकवेल बनाकर नया डब्ल्यूटीपी एवं नया पाइप बिछाकर नयी जलापूर्ति योजना जल जीवन मिशन से स्वीकृत कराने का आग्रह किया है। इसके साथ ही उनसे पथ निर्माण विभाग अंतर्गत गझडी से हुरलुंग भाया चतरो चट्टी पथ, ललपनिया से रजरप्पा पथ डभातू (गोला) से खुदी बेड़ा चौक तक, बगीयारी मोड से ओरमो होते हुए दातू एनएच 23 तक पथ निर्माण, मकुनी टूगरी से रजरप्पा भाया बड़की पुन्नू पथ का भी निर्माण कराने का भी आग्रह किया है।

कुलपति व प्रति कुलपति की स्थायी नियुक्ति हो : आजसू

रांची। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के आजसू छात्र संघ के संयोजक अभिषेक झा ने कहा कि विश्वविद्यालय में कुलपति और प्रति कुलपति की स्थाई नियुक्ति जल्द हो। अभिषेक ने गुरुवार को कहा कि विश्वविद्यालय में स्थाई कुलपति एवं प्रति कुलपति के नहीं रहने से विश्वविद्यालय के प्रशासनिक कार्यों में कई तरह की बाधाएं हो रही हैं। साथ ही छात्र हित में कोई भी काम विश्वविद्यालय में नहीं हो पा रहा है। सभी काम ठप पड़े हुए है एवं विश्वविद्यालय में रिजल्ट समय पर जारी नहीं हो रहा है।

24 घंटे में 3 कोरोना संक्रमितों की मौत, 601 नए मामले

रांची। झारखंड में कोरोना अब काबू में आने लगा है। तीसरी लहर में जितनी तेजी से संक्रमण बढ़ा उतनी ही रफ्तार से यह गिर भी रहा है। अब रोज नए मरीज मिलने का आंकड़ा एक हजार से भी नीचे आ गया है। राहत की बात है कि स्वस्थ होने वाले लोगों की संख्या संक्रमित मरीजों से ज्यादा हो रही है। गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग की तरफ से दी गयी जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घंटों में कोरोना से एक हजार, 189 लोग स्वस्थ हुए हैं। इस दौरान राज्य में कोरोना के 601 नए मरीज मिले हैं। कोरोना की वजह से रांची में एक और सरायकेला में दो मरीजों की मौत हुई है। राज्य में कोरोना के सक्रिय तीन हजार, 781 मामलों में सबसे अधिक एक हजार, 360 राजधानी रांची में है। इस जिले में अभी तक कुल एक लाख, 12 हजार, 182 पॉजिटिव मरीज आए, जबकि इनमें से एक लाख, नौ हजार, 217 लोग स्वस्थ हो चुके हैं।

झारखंड कांग्रेस को-ऑर्डिनेशन कमेटी का गठन

प्रभारी अविनाश पांडेय बने चेयरमैन

सह प्रभारी उमंग सिंघार बने को-चेयरमैन

कमेटी में पार्टी के 14 नेता शामिल

संवाददाता

रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस को-ऑर्डिनेशन कमेटी का गठन किया गया है। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के निर्देश पर गुरुवार को कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने प्रदेश कांग्रेस को पत्र जारी किया है। प्रदेश कांग्रेस को-ऑर्डिनेशन कमेटी का चेयरमैन प्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त प्रभारी अविनाश पाण्डेय को बनाया गया है।

कांग्रेस में घ वापसी के साथ ही सुखदेव भगत और प्रदीप बलमुचू को अहम जिम्मेवारी दी गयी है। इन दोनों को को-ऑर्डिनेशन कमेटी के सदस्य बनाये गये हैं। कमेटी में को-चेयरमेन का पद सह प्रभारी उमंग सिंघार होंगे। इसके अलावा प्रदेश अध्क्ष राजेश ठाकुर को कमेटी के कनवेनर बनाया गया है। इसके अलावा कमेटी में 14 कांगेस नेताओं को भी सदस्य के तौर पर जगह दी गयी है। सदस्य बनने वाले में हेमंत सरकार में कांग्रेस कोटे के चारों मंत्री भी शामिल हैं।

जिन-जिन वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं को को-ऑर्डिनेशन कमेटी का सदस्य बनाया गया हैं, उसमें मंत्री आलमगीर आलम, रामेश्वर उरांव, बादल पत्रलेख, बन्ना गुप्ता, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, तीन पूर्व प्रदेश अध?क्ष डॉ अजय कुमार, सुखदेव भगत, प्रदीप बलमुचू, राज्यसभा सांसद धीरज साहू, विधायक दल के उपनेता प्रदीप यादव, चारों कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष गीता कोड़ा (लोकसभा सांसद), बंधु तिर्की, जलेश्वर महतो, शाहजादा अनवर शामिल हैं।

हेमंत सरकार गिराने की साजिश का मामला

रवि केजरीवाल की गिरफ्तारी पर रोक

संवाददाता

रांची। हेमंत सोरेन सरकार गिराने की साजिश के आरोपित रवि केजरीवाल की अग्रिम जमानत याचिका पर हाई कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। अगली सुनवाई तक रवि केजरीवाल गिरफ्तार नहीं किया जाएगा। इसको लेकर झारखंड सरकार की ओर से हाई कोर्ट में अंडर टेकिंग दी गई है। इसके बाद जस्टिस एके चौधरी की अदालत ने झारखंड सरकार को पूरक प्रति शपथ पत्र दाखिल करने की अनुमति प्रदान की है। रवि केजरीवाल की ओर से हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की गई है।

सुनवाई के दौरान झारखंड सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता ने प्रति शपथ पत्र दाखिल करने के लिए समय की मांग की। इसका विरोध करते हुए पूर्व महाधिवक्ता अजीत कुमार ने कहा कि अदालत ने पूर्व में एक अन्य आरोपित अशोक अग्रवाल के मामले में प्राथमिकी देख चुकी है। रवि केजरीवाल पर भी समान मामला है। ऐसे में झारखंड सरकार की ओर से समय मांगा जाने की मंशा को समझा जा सकता है।

...तो कोर्ट आग्रह को कर सकता है स्वीकार

अदालत ने कहा कि अगर सरकार इसकी अंडरटेकिंग देती है कि वादी को इस बीच गिरफ्तार नहीं किया जाएगा, तो कोर्ट उनके आग्रह को स्वीकार कर सकती है। इसके बाद सरकार की ओर से वादी को गिरफ्तार नहीं करने की अंडरटेकिंग दी गई। इसको अदालत ने अपने आदेश में रिकॉर्ड करते हुए झारखंड सरकार को प्रति शपथ पत्र दाखिल करने के आग्रह को स्वीकार कर लिया। मामले में अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद होगी।

उल्लेखनीय है कि रवि केजरीवाल को झामुमो से निष्कासित कर दिया गया है।

रिम्स प्रबंधन ने डॉक्टरों व कर्मचारियों को दिया निर्देश

इनकम टैक्स की डिटेल उपलब्ध करायें

संवाददाता

रांची। राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) प्रबंधन ने अपने कर्मचारियों को नोटिस जारी किया है। जारी नोटिस में कहा गया है कि डॉक्टरों से लेकर सभी अधिकारियों, स्टाफ, स्टूडेंट्स और नन एकेडमिक स्टूडेंट्स से इनकम टैक्स की डिटेल्स जमा कराने का निर्देश दिया गया है।

साथ ही कहा गया है कि इस पत्र के साथ 2021-22 का इनकम टैक्स फॉर्म और उसमें ली जाने वाली छूट की जानकारी से जुड़े कागजात की सेल्फ अटेस्टेड कापी और पैन कार्ड की कॉपी 12 फरवरी तक जमा कराना सुनिश्चित करेंगे। अगर कोई भी इनकम टैक्स की जानकारी प्रबंधन को उपलब्ध नहीं कराता है तो बिना कोई छूट दिये इनकम टैक्स काउंट करते हुए उसकी कटौती पेमेंट से कर ली जायेगी। इसके बाद ही सभी को पेमेंट किया जायेगा। इनकम टैक्स के फॉर्म को रिम्स की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है।

जादूगोड़ा में रेडिएशन पर सदन में पूछे सवाल

रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका प्रखंड के जादूगोड़ा में यूरेनियम उत्खनन के कारण पड़ रहे गंभीर दुष्प्रभाव पर राज्य सभा में सवाल पूछा। एक प्रश्न पर पूरक सवाल पूछते हुए गुरुवार को प्रकाश ने कहा कि जादूगोड़ा में रेडिएशन का बुरा प्रभाव पड़ रहा है। पिछले 15 वर्षों में 200 अपंग बच्चे जन्म लिए हैं। इस क्षेत्र में लगभग 20 प्रतिशत गर्भवती महिलाओं का एक बार और दस प्रतिशत महिलाओं का औसत चार-पांच बार गर्भपात हो जाता है। 30 प्रतिशत बच्चों की जान कोख में ही चली जाती है। उन्होंने कहा कि जन्म लेने वाले बच्चे भी शारीरिक और मानसिक विकलांग होते हैं। प्रकाश ने कहा कि यह सब रेडिएशन के कारण हो रहे जलीय प्रदूषण का दुष्प्रभाव है, जिसके रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने सदन में सरकार से इस संदर्भ में अबतक किये गए प्रयासों की जानकारी भी मांगी।

खूंटी भाजयुमो कार्य समितियों की संयुक्त बैठक

भाजपा की कार्यशैली अन्य दलों से भिन्न

प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा ने कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

संवाददाता

रांची। भारतीय जनता युवा मोर्चा खूंटी नगर और ग्रामीण मंडल कार्य समितियों की संयुक्त बैठक गुरुवार को खूंटी विधायक के आवासीय परिसर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता शुभम जायसवाल और सुकेंद्र महतो ने संयुक्त रूप से की।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा और विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष काशीनाथ महतो और भाजयुमो के जिलाध्यक्ष राजेश महतो शामिल थे।

बैठक को संबोधित करते हुए विधायक मुंडा ने कहा कि भाजपा राष्ट्रहित में काम करती है। इसकी कार्यशैली अन्य दलों से भिन्न है। यही कारण है कि भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। उन्होंने कहा कि गांव में रहकर भी भाजपा के सिपाही राष्ट्रहित की भावना रखते हैं। विधायक ने भाजुयमो कार्यकताओं से माइक्रो डोनेशन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की।

बैठक में सुरेश जायसवाल, रूपेश जायसवाल, सत्यम मिश्रा, योगेंद्र नायक, चदन महतो, सुमित चौधरी, संतोष कुमार, रवि नायक, कुंदन झा, अनूप महतो, उत्तम कुमार, ईलु कुमार, मंजू कश्यप, करम सिंह महतो, जगन्नाथ पाहन, विकास मिश्रा, मनीष कुमार आदि उपस्थित थे।

एक नजर

कोरोना गाइडलाइन का पालन करने की अपील

रांची। प्राईवेट स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) ने चार फरवरी से राज्य के 17 जिलों में कक्षा एक से और सात जिलों में कक्षा नौ से 12वीं तक के बच्चों के लिए शुरू हो रहे ऑफलाइन क्लास को लेकर आवश्यक एहतियाती दिशा निर्देश जारी किया है। पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे की अध्यक्षता में गुरुवार को रांची में हुई बैठक में स्कूल संचालकों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर कोरोना गाइडलाइन का पालन करने की अपील की गयी। बैठक में कहा गया है कि राज्य के मुख्य सचिव के निर्देश पर सभी स्कूलों में एक कमरा आइशोलेशन सेंटर के रूप में स्थापित करना है। प्रारंभ में 50 प्रतिशत उपस्थिति के साथ कक्षाओं को प्रारंभ किया जाए, जिन सात जिलों में कक्षा एक से स्कूल नहीं खुले हैं। उन जिलों में कई प्रखंड ऐसे हैं, जहां कोरोना संक्रमण नहीं है उसकी समीक्षा होनी चाहिये। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष लाल किशोर नाथ शाहदेव, अरविन्द कुमार, राजेश गुप्ता, निशा भगत, रुबी कुजूर, सुषमा केरकेट्टा आदि मौजूद थे।

समाज को बांटना चाहती है सरकार : संजय पोद्दार

रांची। अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश सचिव संजय पोद्दार ने कहा कि सरकार भाषा के आधार पर भेदभाव पैदा कर आपस में लड़ाकर समाज को बांटना चाहती है। झारखंड में कई तरह के भाषा भाषी बोलने वाले लोग बरसों से रहते आ रहे हैं। सरकार को इस पर गंभीरता पूर्ण विचार कर इसका समाधान निकाला चाहिए। पोद्दार ने गुरुवार को कहा कि किसी भी समाज की मुख्य पहचान उसकी भाषा होती है। जिस तरह से प्रदेश में भोजपुरी, मगही तथा मैथिली भाषा का विरोध किया जा रहा है वह दुर्भाग्यपूर्ण है। राज्य की झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राजद की सरकार आदिवासी समाज, गरीब लोग के साथ स्थानीय लोगों को भाषा के आधार पर भेदभाव पैदा कर आपस में बांट कर लोगों में नफरत की भावना पैदा की जा रही है जो स्वस्थ राजनीति के लिए शुभ संकेत नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राजद को इस पर अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। राज्य में बोली जाने वाली सभी भाषा भाषी बोलने वाले लोगों का सम्मान होना चाहिए।

अमरजीत बलीहार हत्याकांड में फैसला सुरक्षित

रांची। दुमका के पूर्व एसपी अमरजीत बलीहार मामले में हाई कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया। सुनवाई जस्टिस रंगुन मुखोपाध्याय और जस्टिस संजय प्रसाद की बेंच में हुई। प्रार्थी पक्ष से अधिवक्ता रवि प्रकाश ने दलील पेश की। उल्लेखनीय है कि दुमका के एसपी रहें अमरजीत बलीहार की नक्सली हमले में मौत हो गयी थी। घटना साल 2013 की है। इसके बाद दुमका सिविल कोर्ट ने दो दोषियों को फांसी की सजा सुनायी थी, जबकि पांच दोषियों को बरी कर दिया गया था। मामले में अमरजीत बलीहार समेत छह पुलिसकर्मियों की मौत हुई थी। प्रार्थियों ने दुमका सिविल कोर्ट के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी है।

रिम्स में कोविड पॉजिटिव दो मरीजों की मौत

रांची। राजधानी रांची स्थित रिम्स अस्पताल में कोविड पॉजिटिव के मरीजों की संख्या जस की तस बनी हुई है। साथ ही दो मरीज की मौत हुई है। रांची सहित पूरे राज्य में कोरोना संक्रमित मरीजों के मिलने का सिलसिला जारी है। बुधवार को रिम्स में कोविड पॉजिटिव के 28 मरीज थे। गुरुवार को भी यही संख्या रही। रिम्स के प्रवक्ता डॉ डीके सिन्हा ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रिम्स में 28 कोविड पॉजिटिव के मरीजों का इलाज चल रहा है। इन मरीजों का इलाज डेंगू वार्ड, पीडियाट्रिक वार्ड, सर्जरी, न्यू ट्रामा सेंटर सहित अन्य जगहों पर चल रहा है। उन्होंने बताया कि रिम्स में गुरुवार को कोविड पॉजिटिव के दो मरीज की मौत हुई है। कोविड से मरने वाले मरीजों में 67 वर्षीय सत्यनारायण उरांव और 44 वर्षीय जोहनवा देवी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि रिम्स में ब्लैक फंगस और पोस्ट कोविड का एक भी मरीज भर्ती नहीं है।

मेरी आवाज मेरी पहचान की बैठक संपन्न

रांची। मेरी आवाज मेरी पहचान की एक बैठक अशोक नगर स्थित रोड नंबर 3 में हुई, जिसमें वेब सीरीज बनाने को लेकर चर्चा की गई। मेरी आवाज मेरी पहचान के अध्यक्ष और बॉलीवुड एक्टर देवेश खान ने बताया कि फरवरी माह के अंत में वेब सीरीज बनाने का फैसला लिया गया है। जिसमें झारखंड के सभी शहरों में शूटिंग की जाएगी। इसमें ज्यादातर झारखंडी कलाकार को काम दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसमें कुछ बॉलीवुड के कलाकारों को भी शामिल किया जाएगा। इस वेब सीरीज में रांची के कलाकारों को भी मौका दिया जा रहा है। इच्छुक कलाकार जो काम करना चाहते हैं उनको ऑडिशन के लिए आना पड़ेगा। जो इस में सफल होंगे उनको मौका दिया जाएगा। अली खान, रजा मुराद, शक्ति कपूर, हेमंत बिरजे आदि को वेब सीरीज के लिए रांची बुलाया जाएगा। इस मौके पर बॉलीवुड एक्टर देवेश खान, साबिर हुसैन, बुलंद अख्तर, एक्टर शोएब उर रहमान, अरशद उबैद, कुमार गहलोत, रोजी खान, अर्चना, निक्की आदि शामिल थे।

महेश अग्रवाल की जमानत पर आदेश सुरक्षित

रांची। टेरर फंडिंग के आरोपित आधुनिक पॉवर के पूर्व एमडी महेश अग्रवाल की जमानत पर गुरुवार को एनआइए के विशेष न्यायाधीश एम के वर्मा की अदालत में गुरुवार को सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया है। जमानत पर फैसला 26 फरवरी को होगी। गौरतलब है कि 18 जनवरी को महेश अग्रवाल को एनआइए ने कोलकाता से गिरफ्तार किया था, पूछताछ के बाद 20 जनवरी को उन्हें अदालत में पेश किया गया था। अदालत ने उन्हें 19 फरवरी तक के लिए जेल भेज दिया था। 21 जनवरी को महेश अग्रवाल के अधिवक्ता ने जमानत के लिए आवेदन दिया था। 22 जनवरी को इस पर सुनवाई हुई थी। उस दिन अदालत ने अगली सुनवाई के लिए तीन फरवरी के तिथि तय की थी।

पहल. पर्यटन के जरिये ग्रामीण अर्थव्यवस्था का होगा सशक्तीकरण

इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने की योजना

रांची। झारखण्ड सरकार राज्य में पर्यटन को विश्व पटल पर लाने के प्रति संजीदा है। राज्य की भौगोलिक स्थिति व प्राकृतिक सौंदर्य पर्यटन के लिहाज से अनुकूल है भी। सरकार ने राज्य में पर्यटकों को आकर्षित करने और उन्हें गुणवत्तापूर्ण सुविधा उपलब्ध कराने के उदेश्य से पर्यटन के क्षेत्र में निजी निवेश आकर्षित करने के लिए नई पर्यटन नीति बनाई है। पर्यटन नीति की मंत्रिपरिषद से स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। इसमें कोई संदेह नहीं कि आने वाले दिनों में पर्यटन से रोजगार के अवसर सृजित करने और राजस्व में बढ़ोतरी करने के विजन के साथ झारखण्ड पर्यटन के क्षेत्र में बदलाव का वाहक बनेगा। राज्य पर्यटन विकास की संभावनाओं से भरा है। राज्य के 33 प्रतिशत वन से आच्छादित भू-क्षेत्र को पर्यटन के लिहाज से बड़ा बाजार बनाने की दिशा में सरकार ने कदम बढ़ा दिया है।

फाइल फोटो

संस्कृति का संरक्षण व ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सशक्तिकरण

ग्रामीण विकास और ग्रामीणों का आर्थिक सशक्तिकरण सरकार की प्राथमिकता वाला क्षेत्र है। इस निमित्त पर्यटन विभाग, झारखण्ड के विभिन्न पर्यटन स्थलों के आसपास के क्षेत्रों में होमस्टे को बढ़ावा देने जा रहा है। इन होमस्टे को राज्य के पर्यटन स्थलों के पास रहने वाले ग्रामीण आबादी के सहयोग से विकसित किया जाएगा। इससे न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, बल्कि रोजगार के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष अवसर भी सृजित होंगे। साथ ही झारखण्ड की परंपरा और संस्कृति के बारे में लोगों को रूबरू कराने में भी मदद मिलेगी। पर्यटन स्थल के पास स्थित गांव में प्रवास को विकसित करने की योजना के साथ सरकार कुछ प्रमुख पर्यटन स्थलों पर रहने की सुविधाओं की कमी को भी दूर करने की कोशिश कर रही है। होम स्टे के निर्माण में सरकार अनुदान से लेकर अन्य सुविधाएं देने के प्रावधान की दिशा में कार्य करने जा रही है।

राज्य भर में पर्यटक सुविधा केंद्र

प्रदेश भर में पर्यटक सुविधा केंद्र विकसित करने की भी योजना पर्यटन नीति के तहत समाहित की गई है। योजना के अनुसार पर्यटन विभाग पर्यटन स्थलों की ओर जाने वाले रास्तों पर पर्यटक सुविधा केंद्र बनाएगा। ये केंद्र पर्यटकों को सूचना देने के साथ सभी मूलभूत सुविधाओं से लैस होंगे। इन केंद्रों से पर्यटक जो लंबी सड़क यात्राएं करते हैं, उन्हें ठहरने और भोजन की सुविधा मिलेगी। राज्य सरकार रास्ते के किनारे की सुविधाएं, पर्यटक सूचना केंद्र, शिल्प केंद्र, एटीएम सहित आवश्यक सुविधाएं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए मंच सहित बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने का कार्य करेगी।

इको-टूरिज्म को बढ़ावा

झारखण्ड में इको-टूरिज्म के क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाएं हैं। हरे-भरे जंगल, जलप्रपात, भू-भाग, समृद्ध वन्य जीवन इसे वन ट्रेल्स, नेचर वॉक, जंगल सफारी, ट्रेकिंग, रॉक क्लाइम्बिंग आदि झारखण्ड को इको- टूरिज्म के विकास के लिए एक आदर्श स्थान प्रदान करता है। लातेहार-नेतरहाट-बेतला-चांडिल-दलमा-मिरचैया-गेतलसूद सर्किट को ईको-सर्किट के रूप में विकसित किया जाएगा।

राज्यपाल से मिले विधायक अमित यादव

रांची। राज्यपाल रमेश बैस से गुरुवार को झारखंड विधानसभा सदस्य अमित कुमार यादव ने राजभवन में भेंट कर राज्य के सात जिलों यथा हजारीबाग, कोडरमा, चतरा, धनबाद, गिरिडीह, बोकारो एवं रामगढ़ में लोड शेडिंग एवं विद्धुत समस्या सबंधी विषयों का उल्लेख करते हुए उक्त समस्याओं के निदान हेतु ज्ञापन समर्मित किया।

गिरीडीह से 3 लाख 36 हजार की ठगी करनेवाला साइबर अपराधी गिरफ्तार

वरीय संवाददाता

रांची। अपराध अनुसंधान विभाग की टीम ने एसबीआई कस्टमर केयर के नाम पर ठगी करनेवाले साईबर अपराधी राम किशुन मंडल को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस की गिरफ्त में आया अपराधी गिरीडीह जिला के बेंगाबाद थाना अंतर्गत चपुवाडीह गांव का रहनेवाला है।
इस संबंध में सीआईडी एसपी कार्तिक एस ने बताया कि 23 इंफेंट्री डिविजन ऑडिनेंस युनिट,नामकोम के रहनेवाले वादी फौजी सुधीर कुमार से योनो एसबीआई एप्लिकेशन सेक्योर करने के लिये बैंक खाता में गलत लेन-देन का झांसा देकर ओटीपी प्राप्त कर कुल 3 लाख 36 हजार, 362 रुपये का साईबर ठगी किया गया था। इस संबंध में 6 अप्रैल 2021 को साईबर थाना में कांड संख्या 17/21 दर्ज की गई थी। अनुसंधान के दौरान मिली जानकारी व साक्ष्य पर एक आरोपी अपराधी को गिरीडीह से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्त में आये साईबर अपराधी के पास से दो चेकबुक,तीन पासबुक, चार एटीएम कार्ड,दो मोबाईल, एक पैन कार्ड और दो किओस्क कार्ड बरामद की गई है। आरोपी का पूर्व अपराधिक इतिहास रहा है। पूर्व में गिरीडीह नगर थाना के द्वारा आरोपी को डकैती के सामान के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

- योनो एसबीआई एप्लिकेशन सेक्योर करने का झांसा देकर फौजी को बनाया था शिकार
- आरोपी का पूर्व से है आपराधिक इतिहास
- बेंगाबाद थाना अंतर्गत चपुवाडीह गांव का रहनेवाला है आरोपी

एक नजर

दलाली कर ऑटो का परिचालन करानेवालों पर दर्ज होगी प्राथमिकी : महासंघ

वरीय संवाददाता रांची। झारखंड प्रदेश डीजल ऑटो चालक महासंघ व रांची जिला संयुक्त एलपीजी ऑटो चालक महासंघ की बैठक संस्थापक दिनेश सोनी की अध्यक्षता में गुरुवार को डयूक मेंशन स्थित कार्यालय में आयोजित की गई। इस संबंध में महासचिव रामाशंकर सिंह ने बताया कि बैठक में मुख्य रुप से ऑटो चालकों को दलालों से राहत दिलाने पर चर्चा की गई। इसके साथ ही शहर में ऑटो का परिचालन व लाईसेंस बनाने पर हर मार्ग पर बैठक करने व रांची के किसी भी मार्ग में ऑटो का परिचालन कराने के नाम पर जो व्यक्ति महिना पैसा वसूलता है,उसके खिलाफ स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्णय लिया गया। इस दौरान महासंघ के अध्यक्ष राम कुमार सिंह,कार्यकारी अध्यक्ष नागेंद्र पांडेय,सचिव आकाश भारती,रामप्रवेश मिश्रा,धमेंद्र सिंह,अमर मुंडा,तबरेज अहमद, गुड्डू सिंह,पप्पू सिंह,छोटू पासवान,आनंद वर्मा,सुभाष जायसवाल,भोला सिन्हा,भीम चौरासिया,मनीष केसरी सहित अन्य शामिल थे।

पार्टी महासचिव व सह प्रभारी से मिले विधायक बंधु तिर्की

रांची। प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सह विधायक बंधु तिर्की ने अपने दिल्ली प्रवास के पहले दिन गुरुवार को पार्टी के महासचिव केसी वेणुगोपाल एवं सहप्रभारी उमंग सिंघार से मिलकर संघटनात्मक चर्चा की। साथ ही झारखंड के आदिवासियों एवं अल्पसंख्यकों की समस्याओं और उसके समाधान पर विस्तृत चर्चा किया।
तिर्की ने बताया झारखंड की विडंबना रही है कि राज्य बनने के 21 वर्ष बाद भी आदिवासी समुदाय अपने हक अधिकार के लिए संघर्षरत हैं। राज्य के पिछले विधानसभा चुनाव में आदिवासियों ने कांग्रेस समर्थित महागठबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान किया था, जिसका परिणाम रहा कि झारखंड में आदिवासियों के लिए आरक्षित 28 सीटों में से 26 सीटें महागठबंधन के झोली में आई है। इस कारण राज्य में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार बनी राज्य के आदिवासियों को वर्तमान सरकार से काफी उम्मीदें हैं। झारखंड विधानसभा से पारित सरना कोड बिल को केंद्र सरकार से पारित कराने के लिए पार्टी चरणबद्ध आंदोलन की रूपरेखा तय करे। ऐसे ही कई आदिवासियों से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर तिर्की ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को अवगत कराया।

राज्यपाल के प्रधान सचिव के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे नितीन मदन कुलकर्णी

रांची। दक्षिणी छोटानागपुर के आयुक्त नितीन मदन कुलकर्णी अब राज्यपाल के प्रधान सचिव के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। राज्यपाल के आदेश से कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने इसे लेकर गुरुवार को अधिसूचना जारी कर दी है। उल्लेखनीय है कि राज्यपाल रमेश बेस के अपर मुख्य सचिव के पद पदस्थापित शैलेश कुमार सिंह केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर चले गए हैं। शैलेश कुमार सिंह को केंद्र सरकार के सूक्ष्म एवं लघु और मंझोले उद्योग मंत्रालय में एडिशनल सेक्रेटरी और विकास आयुक्त बनाया गया है।

वी एक्सप्रेस प्राईवेट लिमिटेड में घटी थी 10 लाख 75 हजार 549 रुपयों की चोरी

चोरी की घटना को अंजाम देनेवाला चोर निकला कंपनी का पूर्व कर्मचारी

चोरी के पैसों से खरीदी कार, महंगा मोबाइल व अन्य सामान

वरीय संवाददाता

रांची। नगड़ी थाना की पुलिस ने पतराटोली,बालालौंग स्थित वी एक्सप्रेस प्राईवेट लिमिटेड से लाखों की चोरी करनेवाले आरोपी रवि शर्मा को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस की गिरफ्त में आया आरोपी तिरिल बस्ती कर रहनेवाला है।
इस संबंध में ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि घटना के उद्भेदन के लिये पुलिस टीम गठित की गई थी। पुलिस ने अनुसंधान के दौरान मिली गुप्त सूचना पर घटना में संलिप्त आरोपी रवि शर्मा को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि चोरी की गई रुपयों से उसने ढाई लाख रुपया एसडीएफसी बैंक में और 90 हजार रुपया भारत एप जमा किया है। वहीं 2 लाख 90 हजार में उसने एक पुरानी फोर्ड कंपनी की कार खरीदा था,जिसमें उसने 50 हजार रुपया मरम्मत कराने में खर्च की थी। 40 हजार रुपया उसने बाइक की किश्त जमा की थी। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर नगद 90 हजार रुपया,कार,बाइक,मोबाइल सहित बैंक में जमा रुपयों की कागजात बरामद की है। पुलिस टीम में पुनि राजेश कुमार सिन्हा(सदर,पश्चिमी अंचल),विनोद राम(थाना प्रभारी, नगड़ी) सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

पूर्व में कंपनी का कर्मचारी था आरोपी

28-29 जनवरी की रात में कंपनी में चोरी की घटना घटी थी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी रवि शर्मा पूर्व में वहां कार्य करता था,जिसमें एक चाबी उसके पास थी। कुछ दिनों के बाद आरोपी कंपनी में कार्य करना छोड़ दिया था। आरोपी बेरोजगार होने के बाद आर्थिक तंगी से गुजर रहा था,जिसके बाद उसने कंपनी में चोरी करने की योजना बनायी। आरोपी के पास पूर्व से चाबी था,जिससे वह शटर का ताला खोलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। आरोपी ने काउंटर में रखे नगद 10 लाख 75 हजार 549 रुपये की चोरी की थी। घटना के दौरान आरोपी ने सीसीटीवी कैमरा को बंद कर दिया था।

चोरी की चार बैट्री सहित दो चोर गिरफ्तार

वरीय संवाददाता

नगड़ी थाना की पुलिस ने खदेड़कर धर दबोचा, घटना में प्रयुक्त ऑटो जब्त

रांची। नगड़ी थाना की पुलिस ने बैट्री चोरी करनेवाले दो चोरों को धर दबोचने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस की गिरफ्त में आये दोनों आरोपी इमरोज खान लोअर बाजार थाना क्षेत्र के रमजान कॉलोनी और अकबर कुरैशी सदर थाना क्षेत्र के कांटा टोली का रहनेवाला है।
इस संबंध में ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि नगड़ी थाना की पुलिस ने बुधवार सुबह गश्ती के दौरान तीन लोगों को बैट्री ले जाते देखने पर जब रोका तो सभी बैट्री छोड़कर भागने लगे। पुलिस ने खदेड़कर दोनों आरोपियों को धर दबोचा। पुलिस पूछताछ में दोनों ने बताया कि रात में वह आईडीबीआई बैंक,रौल मॉडल होटल के पास से तीनों ने मिलकर जेनरेटर व अन्य जगहों से तीन बैट्री की चोरी कर ऑटो (जेएच01 बीबी-9698) पर लोड करके बैट्री को नगड़ी पिस्का रेलवे फाटक के पास छिपाकर रखे है। पुलिस ने दोनों की निशानदेही पर चोरी की चार बैट्री व ऑटो जब्त की है। पुलिस टीम में पुनि राजेश कुमार सिन्हा (सदर पश्चिमी अंचल), विनोद राम(थाना प्रभारी, नगड़ी) सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

नाबालिग के साथ दुष्कर्म करनेवाला आरोपी गिरफ्तार

वरीय संवाददाता

रांची। बुढ़मू थाना की पुलिस ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करनेवाले आरोपी सुंदर ठाकुर को गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस की गिरफ्त में आया आरोपी हजारीबाग जिला के केरेडारी थाना क्षेत्र के हेंदगीर गांव का रहनेवाला है।
इस संबंध में ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि नाबालिग के अनुसार आरोपी सुंदर ठाकुर पूर्व परिचित था,जो उसे शादी करने का प्रलोभन देकर बहला फुसलाकर गांव के बगल स्थित विंजा जंगल में ले जाता था और उसके साथ जबरन बलात्कार करता था। इस दौरान एक बार आरोपी उसे दलादली स्थित एक घर में लेकर गया था,जहां आरोपी सुंदर ठाकुर और उसका दोस्त आर्य राज उर्फ बुटन ने बारी बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया था,जिससे वह गर्भवती हो गई थी। । पुलिस ने फौरन कार्रवाई करते हुये आरोपी सुंदर ठाकुर को गिरफ्तार किया है। वहीं एक अन्य आरोपी आर्य राज उर्फ बुटन को पुलिस ने पूर्व में कोल माईंस एक्ट में गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस उसे जल्द ही रिमांड पर लेगी। पुलिस टीम में अनिमेश नैथानी(डीएसपी, खलारी),पुअनि मानव मयंक (थाना प्रभारी,बुढ़मू) सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

पुलिस ने नाबालिग को किया था निरुद्ध

गौरतलब है कि बुढ़मू थाना की पुलिस ने एक अर्द्धनिर्मित मकान से नवजात बच्ची का शव बरामद किया था। लोकलाज के भय से नवजात की हत्या करने के आरोप में पुलिस ने नाबालिग को निरुद्ध किया था। जिसके बाद पुलिस पूछताछ में नाबालिग ने आरोपी सुंदर ठाकुर के द्वारा दुष्कर्म करने की घटना की जानकारी दी थी।

दुकान में सेंधमारी, नगद सहित तीन लाख का कैमरा व मोबाइल चोरी

वरीय संवाददाता

देर रात खिजुर टोली की घटना

सदर थाना की पुलिस छानबीन में जुटी

रांची। राजधानी में चोरी की घटनाएं थम नही रही है। सदर थाना अंतर्गत आरटीसी स्कूल के समीप खिजुर टोली स्थित ए टू जेड नामक मोबाइल व गिफ्ट दुकान की सेंधमारी कर चोरों ने नगद सहित लाखों रुपये की सामान चोरी की है। घटना बुधवार देर रात की है। इस संबंध में दुकान के संचालक सरताज ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस घटना की छानबीन कर रही है।
इस संबंध में दुकान के संचालक सरताज ने बताया कि बुधवार रात करीब आठ बजे वह अपनी दुकान बंद कर बड़गाई स्थित घर गये थे। सुबह करीब आठ बजे दुकान के मालिक द्वारा उन्हें चोरी की घटना की जानकारी दी गई। जब वह दुकान पहुंचे तो देखा कि चोरों ने दुकान की पीछे की दीवार को काटकर अंदर घुसे थे। दुकान से नगद तीस हजार रुपये सहित करी तीन लाख के मोबाइल व डीएसआर कैमरा की चोरी हुई है। चोरों ने घटना के दौरान सीसीटीवी कैमरा को बंद कर दिया था।

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग

अति अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 14/2021-22

1.	निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम	कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग।
2.	परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय	दिनांक 12.02.2022 (कार्यालय दिवस में 11:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराहन तक)।
3.	निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय	दिनांक 14.02.2022 (अपराहन 03:00 बजे तक)।
4.	निविदा खुलने की तिथि एवं समय	दिनांक 14.02.2022 (अपराहन 03:30 बजे)।
5.	परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान	कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग।
6.	निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान	जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग

ग्रुप सं0	प्रखण्ड	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख)	अग्रधन की राशि (रू0)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	3	4	5	6	7	8
5	कटकमदाग	कटकमदाग प्रखण्ड अन्तर्गत बेदी ग्राम स्थित पुनर्वास स्थल पर सामुदायिक भवन का निर्माण।	2492502.00	49900.00	5000.00	6 माह

नोट: 1. प्राक्कलित राशि घट-बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
2. निविदा शुल्क किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रुप में स्वीकार किया जाएगा, जो लौटाया नहीं जाएगा। बैंक ड्राफ्ट कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग के पदनाम से देय होगा।
3. 10% प्रतिशत से न्यून निविदाओं के लिए additional performance security के रुप में परिमाण विपत्र की राशि से–
i. 10% से 20% below तक की राशि का 20% तथा
ii. 20% से अधिक below की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू होगा।
विस्तृत जानकारी के लिए निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,हजारीबाग
PR 263158 Rural Development(21-22).D

जुडको,मेसर्स एलएनटी,मेसर्स नागार्जुना और मेसर्स जिंदल के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षात्मक बैठक

अवैध तरीके से जल का इस्तेमाल व बर्बाद करनेवालों को करें चिह्नित : नगर आयुक्त

वरीय संवाददाता

रांची। शहरवासियों को शुद्ध जल मिले व गर्मी में जल संकट का सामना नही करना पड़े। इसे लेकर नगर आयुक्त मुकेश कुमार ने गुरुवार को जुडको, मेसर्स एलएनटी, मेसर्स नागार्जुना और मेसर्स जिंदल के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षात्मक बैठक की गई।
बैठक में नगर आयुक्त के द्वारा जुडको के प्रतिनिधि को निर्देश दिया गया कि जिन जिन विभागों से एनओसी अबतक आप्राप्त है,उनसे संपर्क स्थापितकरते हुये फर्मो को जल्द से जल्द एनओसी निर्गत कराये और निगम स्तर पर होल्डिंग टैक्स का कार्य कर रही टैक्स कलेक्शन एजेंसी से सपंर्क स्थापित कर वैसे घरों पर होल्डिंग कराना सुनिश्चित करे,जिनके द्वारा होल्डिंग अबतक प्राप्त नही किया गया है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जुडको को अपने स्तर पर लोगों को कनेक्शन लेने व जल बर्बाद नही करने के लिये आम लोगों के बीच प्रचार प्रसार करने की आवश्यकता है। वहीं नगर आयुक्त ने जल संयोजन शाखा के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जो लोग अवैध तरीके से जल का इस्तेमाल कर रहे है और बर्बाद कर रहे वैसे लोगों को चिन्हित कर दण्ड अधिरोपित किया जाए। मौके पर अपर नगर आयुक्त कुंवर सिंह पाहन,उप नगर आयुक्त रजनीश कुमार, अभियंतागण, जुडको, मेसर्स एलएनटी, मेसर्स नागार्जुना और मेसर्स जिंदल के प्रतिनिधि, नगर प्रबंधक व अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

झारखंड सरकार
वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग
कार्यालय :– वन प्रमंडल पदाधिकारी, सिमडेगा वन प्रमंडल, सिमडेगा।

निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वन प्रमंडल पदाधिकारी, सिमडेगा वन प्रमंडल, सिमडेगा के अन्तर्गत अंतिम रूप से अधिहरित वाहनों जिसमें आज तक किसी न्यायालय में अपील की सूचना नही है, को जहाँ है जिस स्थिति में है, के आधार पर बिक्री हेतु मुहर बन्द लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक–10.02.2022 से 25.02.2022 को 2:00 बजे अपराह्न तक कार्यालय अवधि में प्रमंडलीय कार्यालय से प्राप्त की जाएगी। निविदा प्रपत्र दिनांक–25.02.2022 को 3:30 बजे तक वन प्रमंडल पदाधिकारी के कार्यालय में जमा की जाएगी। निविदादाता या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष 4:00 बजे अपराह्न में खोली जाएगी।

बिक्री हेतु अधिहरित वाहनों की सूची :–

क्र0 सं0	वाहन का प्रकार	वाहन का निबंधन सं0	स्थान/थाना परिसर/प्रक्षेत्र जहाँ वाहन रखा गया है	अभियुक्ति
1	2	3	4	5
1	ट्रक (409E)	BR41G-7851	कोलेबिरा वन क्षेत्र परिसर	
2	ट्रक	407 ट्रक	सिमडेगा थाना परिसर	
3	ट्रक TATA 407	चेचिस नं0–357010811627 ईंजन नं0–BP253418173703SII3PN	बानो थाना परिसर	
4	ट्रक	ORG/5963	सिमडेगा वन क्षेत्र परिसर	
5	ट्रक TATA (S)	चेचिस नं0–344073043540 ईंजन नं0–692D01/04595	कोलेबिरा थाना परिसर	
6	ट्रक	JH19A/1619	कोलेबिरा थाना परिसर	
7	ट्रैक्टर (महिन्द्रा लाल रंग)	CO. 5556238R3 P.3-DA064A	बानो वन क्षेत्र परिसर	
8	ट्रक	CG04J/5131	सिमडेगा वन क्षेत्र परिसर	
9	ट्रैक्टर	JH07B/4537 बिना नम्बर का ट्रॉली	सिमडेगा वन क्षेत्र परिसर	
10	ट्रक	OR14P/7339	सिमडेगा थाना परिसर	

नोट:– विस्तृत जानकारी जिला के वेबसाईट www.simdega.nic.in पर देखा जा सकता है।

वन प्रमंडल पदाधिकारी,
सिमडेगा वन प्रमंडल, सिमडेगा।
PR 263144 (Forest, Environment and Climate Changes) 21-22 (D)

उपायुक्त की अध्यक्षता में 15वें वित्त आयोग से संबंधित बैठक

कम प्रदर्शन करनेवाले पंचायत सचिवों को शोकॉज

रांची। उपायुक्त छवि रंजन की अध्यक्षता में आज दिनांक 03 फरवरी 2022 को 15वें वित्त आयोग से संबंधित बैठक आयोजित की गई। वर्चुअल माध्यम से आयोजित बैठक में उप विकास आयुक्त विशाल सागर, निदेशक डीआरडीए, सीईओ जिला परिषद रांची, जिला पंचायती राज पदाधिकारी एवं जिला के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी उपस्थित थे।

योजनाओं की प्रखंडवार समीक्षा बैठक में 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2020-21 एवं 2021-22 में ली गई योजनाओं और व्यय की प्रखंडवार समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने आवश्यक

दिशा निर्देश दिये। जीपीडीपी में अच्छा प्रदर्शन करने वाले प्रखंड विकास पदाधिकारी और पंचायत सचिवों की उपायुक्त ने प्रशंसा की।

बीडीओ और पंचायत सचिव होंगे सम्मानित : 15वें वित्त आयोग अंतर्गत जीपीडीपी में अच्छा प्रदर्शन करने वाले प्रखंड विकास पदाधिकारी और पंचायत सचिव को सम्मानित किया जाएगा। उपायुक्त छवि रंजन ने कहा कि अच्छा प्रदर्शन करने वाले बीडीओ और पंचायत सचिव को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करें। अच्छा प्रदर्शन करने वाले बीडीओ की प्रशंसा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि मोमेंटम बनाए रखें।

15वें वित्त आयोग अंतर्गत ली गई योजना और राशि व्यय में राज्य औसत से भी कम प्रदर्शन करने वाले पंचायत सचिव को उपायुक्त ने शोकॉज करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने संबंधित बीडीओ को रिमाइंडर भेजने का भी निदेश संबंधित पदाधिकारी को दिया।

प्रदर्शन में सुधार नहीं तो रुकेगी सैलरी

बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त विशाल सागर ने पंचायत सचिवों से अच्छा प्रदर्शन नहीं होने के कारण के बारे में पूछा। उन्होंने सभी प्रखंड के पंचायत सचिव को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उनका प्रदर्शन बेहतर नहीं होता तो उनकी उनका वेतन रोक दिया जाएगा। उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को कहा कि पंयायत सचिव के साथ योजनाओं की कार्य प्रगति की समीक्षा करें और ससमय योजनाओं को पूर्ण करते हुए जियो टैग पूर्ण कराते हुए भुगतान सुनिश्चित करायें। डीडीसी ने कहा कि अगर पंचायत सचिव कार्य में सहयोग नहीं कर रहे थे तो लिखित जानकारी दें, ऐसे पंचायत सचिवों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

शिकायत मिली तो होगी कड़ी कार्रवाई

बैठक के दौरान पंचायत सचिवों द्वारा विलंब से भुगतान किए जाने एवं योजना की धीमी प्रगति पर उपायुक्त ने नाराजगी जताई उन्होंने कहा कि अगर किसी भी स्तर पर पंचायत सचिव या जूनियर इंजीनियर द्वारा गड़बड़ी की शिकायत मिलती है तो कड़ी कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

संक्षिप्त

रांची पुलिस ने चलाया सघन जांच अभियान

रांची। रांची पुलिस की ओर से आपराधिक घटनाओं पर अंकुश को लेकर विभिन्न थाना क्षेत्रों में लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज राजधानी रांची के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र में एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाकर आने -जाने वाले वाहनों की तलाशी ली गयी।

फ्लोरेंस बारला के स्पॉन्सर बने चंदन साहू

रांची। बोकारो क्षेत्र के जाने-माने व्यवसायी चंदन कुमार साहू ने अंतरराष्ट्रीय एथलीट फ्लोरेंस बारला को अगले 6 साल तक के लिए स्पॉन्सर करने का निर्णय लिया है, उन्होंने बताया कि ओलिंपिक 2028 में होने वाली है तब तक फ्लोरेंस बारला के प्रशिक्षण या भरण पोषण में जो भी खर्च आएगा उसके लिए 5000 रु. प्रति माह मदद देते रहेंगे ताकि फ्लोरेंस को ट्रेनिंग आदि में किसी प्रकार की कोई कमी ना हो और वह चाहते हैं कि प्रतिभावान फॉलोरेंस जैसी खिलाड़ी देश के लिए मेडल प्राप्त कर राज्य एवं इस क्षेत्र का नाम रोशन कर सके। यह नेक सोच रखने के लिए भाटिया एथलेटिक्स एकेडमी बोकारो थर्मल के सचिव आशु भाटिया ने चंदन साहू के प्रति आभार व्यक्त किया है। तथा तहे दिल से धन्यवाद दिया। वर्तमान में फ्लोरेंस बारला भाटिया एथलेटिक्स अकादमी में अपना प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। इस कदम से भाटिया एथलेटिक्स एकेडमी के सभी प्रशिक्षुओं में एक अलग उत्साह नजर आ रहा है। भाटिया एथलेटिक्स अकैडमी के अध्यक्ष विजय भाटिया, सचिव आशु भाटिया, कोषाध्यक्ष गौतम चंद्र पाल, सलाहकार अशोक कुमार महतो, सदस्य बालमुकुंद प्रजापति एवं गंगाधार यादव एवं कोच विपीन कुमार ने इस महान कार्य के लिए चंदन साहू के प्रति आभार व्यक्त किया है।

पुरुष व महिला वॉलीबॉल खिलाड़ियों का चयन

रांची। झारखंड वॉलीबॉल संघ के तत्वाधान में गोड्डा जिला वॉलीबॉल संघ द्वारा आयोजित चयन प्रतियोगिता में खिलाड़ियों द्वारा किए गये प्रदर्शन के आधार पर चयनकर्ताओं द्वारा पुरुष एवं महिला टीम का चयन किया गया। इस चयन ट्रायल में चयनित वॉलीबॉल खिलाड़ी दिनांक 7 फरवरी 2022 से 13 फरवरी 2022 तक भुवनेश्वर के किट विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाली सीनियर राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में भाग लेंगी।

चयनित खिलाड़ियों की सूची

पुरुष वर्ग : अब्दुल रहमान, पंकज कुमार, कुणाल शर्मा, धनबाद, आकाश सेन अभिषेक राज, बोकारो, मनीष तिग्गा,जीबी प्रभाहरण, नदीम नजीब, संदीप, संदीप गाड़ी, राहुल कुमार, रांची, एवं अनुज कुमार गोड्डा। **स्टैण्ड बाय :** पिंटू कुमार दूबे,धनबाद, देवाशीष राय,जमशेदपुर, राकेश कुमार, जमशेदपुर,नीरज कुमार झा, दुमका एवं मो सादाब आलम, धनबाद। **महिला वर्ग :** दीपशिखा कुमारी, शांति मुर्मु, तनुजा कुमारी, गोड्डा, नीतू कुमारी, प्रियंका सिंह,के प्रियंका राजू, धनबाद, अंजनी कुमारी, स्वीटी, अंशू कुमारी, रांची, साइमा खान, बोकारो, दिव्या कुमारी, देवघर,एवं शगुन,चतरा। **स्टैंड बाय:** पिंकी वर्मा, जमशेदपुर,पूजा कुमारी, धनबाद, दीपिका, देवघर।

रांची रेल मंडल के लिए केन्द्रीय बजट में विशेष प्रावधान

कई स्टेशनों का सुंदरीकरण किया जाएगा

यात्री सुविधाओं का किया जाएगा विस्तार

रांची : रांची रेल मंडल में रेल विकास कार्यों के लिए चालू सत्र के केन्द्रीय बजट में विशेष प्रावधान किया गया है। वर्ष 2022-23 के बजट में रांची रेल मंडल में चल रहे विकास के कार्यों तथा अन्य कार्यों के लिए प्रावधान किए गए हैं।

रेलवे द्वारा जारी सूचना में बताया गया है कि इस वर्ष का फोकस भविष्य की हर परिस्थिति के लिए भारतीय रेल को तैयार करना, 'एक स्टेशन एक उत्पाद' की सोच के साथ स्थानीय कारोबार को बढ़ावा देना, आत्मनिर्भर भारत के तहत सुरक्षा एवं क्षमता में बढ़ोतरी, किसानों के लिए नए प्रोडक्ट डेवलप करना, सार्वजनिक शहरी परिवहन और रेलवे स्टेशनों के बीच 'मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी' के लिए सुविधा प्रदान करना, ढांचागत सुविधाओं को बेहतर बनाना और देश एवं रेलवे की अगले 25 वर्षों में विकास के लिए बुनियाद रखना है।

वित्तीय वर्ष 2022-23 मे रेल विकास कार्य एवं यात्री सुविधाओं में बढ़ोतरी हेतु रांची रेल मंडल में बंडामुंडा-रांची के बीच 158.50 किलोमीटर के रेल दोहरीकरण कार्य किया जाएगा, जिसपर 1724 करोड रुपये का खर्च आएगा। उसी प्रकार लोधमा-पिस्का 17 किलोमीटर का लिंक लाइन बनाया जाएगा। मूरी-बरकाकाना 58 किलोमीटर के रेल दोहरीकरण कार्य किया जाएगा। रांची मंडल में ट्रैक रिन्यूअल और रख रखाव पर 430 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। रांची मंडल में 5 स्टेशनों पर सेंट्रलाइज पैनल बनाया जाएगा। रांची में टाइप टू के 151, टाइप तीन के 8 क्वार्टरों के निर्माण किया जाएगा। रांची मंडल पर समपार फाटकों के स्थान पर 13 नॉरमल हाइट सबवे का निर्माण किया जाएगा। रांची मंडल पर सड़क ऊपरी पुल का निर्माण किया जएगा। इसके साथ ही कई संपार को और ज्यादा सुरक्षित बनाया जाएगा साथ ही कई स्टेशनों का सुंदरीकरण किया जाएगा। रांची रेल मंडल के विभिन्न स्टेशनों में यात्री सुविधाओं की बढ़ोतरी हेतु 14 स्टेशनों पर प्लैटफार्म का विस्तार एवं उत्थान किया जाएगा।

रांची विश्विद्यालय का 35वां दीक्षांत समारोह आज

79 स्टूडेंट्स को दिया जाएगा गोल्ड

रांची : रांची विश्विद्यालय के 35वें दीक्षांत समारोह कार्यक्रम आज संपन्न होगा। इस मौके पर 79 स्टूडेंट्स को गोल्ड मेडल प्रदान किया जाएगा। स्वर्ण पदक प्राप्त करने वालों में 49 छात्राएं और 30 छात्र शामिल है। 4 फरवरी को दीक्षांत समारोह का आयोजन बेसिक साइंस भवन स्थित आर्यभट्ट ऑडिटोरियम में किया जाने वाला है। समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल सह कुलाधिपति रमेश बैस होंगे। आरयू की कुलपति प्रो. कामिनी कुमार समारोह की अध्यक्षता करेंगी।

इस वर्ष भी कुल गोल्ड मेडल में से 61 प्रतिशत पर छात्राओं, यानी बेटियों का कब्जा है। बता दें कि पिछले एक दशक से रांची विवि में गोल्ड मेडल पर बेटियों कब्जा बरकार है। रांची विवि के रिकॉर्ड के अनुसार 33वें दीक्षांत समारोह में सबसे अधिक छात्राओं ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया था। यानी 74 प्रतिशत गोल्ड मेडल छात्राओं के हिस्से में गया था। यूजी सभी स्ट्रीम में ओवरऑल बेस्ट ग्रेजुएट अंजली कुमारी हैं। इन्हें 88.54 प्रतिशत अंक मिले हैं। वहीं, वोकेशनल कोर्सों में बेस्ट ग्रेजुएट शिफा आफरीन (88.46% अंक) हैं। साइंस में बेस्ट ग्रेजुएट अंजली कुमारी (88.54), ह्यूमिनिटी में बेस्ट ग्रेजुएट तनु कुमारी (84.31), सोशल साइंस में बेस्ट ग्रेजुएट आस्था भारद्वाज (87.31), कॉमर्स में बेस्ट ग्रेजुएट जागृति सिंह (85.85), लॉ में बेस्ट ग्रेजुएट एसके दास (78.36), शिक्षा में बेस्ट ग्रेजुएट (87.08), इंजीनियरिंग में बेस्ट ग्रेजुएट किरण कुमारी (87.23) हैं।

डीएमएफ और आईएफओआरईएसटी के बीच एमओयू

जानकारी व प्रशिक्षण मुहैया कराने पर सहमति

रांची। खान एवं भूतत्व विभाग, झारखंड सरकार ने डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन (डीएमएफ)की कार्यप्रणाली को बेहतर करने के लिए इंटरनेशनल फोरम फॉर इन्वायरमेंट सस्टेनेबिलिटी एंड टेक्नोलॉजी (आईएफओआरईएसटी) के साथ एमओयू किया है। एमओयू के तहत आईएफओआरईएसटी डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन की बेहतरी के लिए जानकारी और प्रशिक्षण मुहैया कराएगा। गौरतलब है कि एमओयू के लिए राज्य मंत्रिमंडल ने इस साल 19 जनवरी को ही अपनी सहमति दे चुका था। एमओयू दो वर्षों के लिए हुआ है। लेकिन, आपसी समझ से इसे आगे भी बढ़ाया जा सकेगा।

एमओयू पर राज्य सरकार की ओर से खान निदेशक अमित कुमार और आईएफओआरईएसटी के सीईओ चंद्रभूषण ने हस्ताक्षर किए। मौके पर

खान एवं भूतत्व सचिव पूजा सिंघल भी मौजूद थी। एमओयू के अनुसार आईएफओआरईएसटी डीएमएफ को पॉलिसी, प्लानिंग और तकनीकी सहायता उपलब्ध कराएगा, ताकि डीएमएफ के कार्यों में गुणात्मक और फलदायी परिणाम मिल सके। आईएफओआरईएसटी खान विभाग को भी खनन क्षेत्र में सामाजिक-आर्थिक और पर्यावरणीय पुनर्वास में भी सहयोग करेगा। इससे वहां के स्थानीय लोगों को लाभ मिलेगा।

मचान संयोगक मिले राज्यपाल से

सामाजिक समरसता के लिए सर्वभाषा सम्मान आवश्यक : भारतेन्दु

रांची : मैथिली भाषियों की सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था मचान के संयोजक भारतेन्दु झा राज्यपाल रमेश बैस से मुलाकात कर वर्तमान समय में राज्य में स्थानीय भाषाओं को लेकर चल रही गतिविधियों की ओर उनका ध्यान आकृष्ट कराया। झा ने राज्यपाल को भाषा विवाद को लेकर राज्य में अस्थिरता एवं सामाजिक समरसता के असंतुलित होने की संभावना से अवगत कराया। भारतेन्दु ने राज्यपाल को बताया कि इससे राज्य का माहौल खराब हो रहा है। अतः राज्य में प्रचलित सभी स्थानीय भाषा के सम्मान की जरूरत है।

संयोजक भारतेन्दु झा ने मैथिली भाषा के यथोचित संवैधानिक सम्मान की बात कही। उन्होंने

राज्यपाल से अनुरोध किया कि राज्य के प्रवासी मिथिलांचलवासियों की भावना की रक्षा हो। उनसे इस दिशा में राज्य सरकार का मार्गदर्शन करने एवं समुचित दिशा निर्देश हेतु अनुरोध भी किया। इससे संबन्धित पत्र भी राज्यपाल को सौंपा। इस अवसर पर राज्यपाल को जमशेदपुर के कलाकार अरुण झा द्वारा तैयार की गयी महाकवि विद्यपति की पेंटिंग और नए वर्ष का मिथिला पंचांग भी भेंट की गयी। इस अवसर पर भारतेन्दु के साथ विकास झा गुड्डू भी उपस्थित थे।

पंचांग में पिछले वर्ष मिथिला समाज के दिवंगत विभूतियों डॉ सहदेव झा, सुरेन्द्र पाठक, सुबोध चौधरी, नामोनाथ झा एवं रमाकांत मिश्र को श्रद्धांजलि दी गयी है।

स्कूलों के लिए जारी किए दिशा-निर्देश

रांची : प्राईवेट स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) ने 4 फरवरी से राज्य के 17 जिलों में कक्षा 1 से और सात जिलों में कक्षा नौ से 12वीं तक के बच्चों के लिए शुरू हो रहे ऑफलाइन क्लास को लेकर आवश्यक एहतियाती दिशा-निर्देश जारी किया है। पासवा की प्रदेश कोर कमेटी की प्रदेश पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को रांची में हुई बैठक में स्कूल संचालकों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर कोरोना गाइडलाइन का पालन करने की अपील की गयी।

बैठक में कहा गया कि राज्य के मुख्य सचिव के निर्देश पर सभी स्कूलों में एक कमरा आइशोलेशन सेंटर के रुप में स्थापित करना है,प्रारंभ में पचास प्रतिशत उपस्थिति के साथ कक्षाओं को प्रारंभ किया जाए,जिन सात जिलों में कक्षा एक से स्कूल नहीं खुले हैं उन जिलों में कई प्रखंड ऐसे हैं जहां कोरोना संक्रमण नहीं है उसकी समीक्षा होनी चाहिये। पासवा के

पासवा ने जगन्नाथ महतो का जताया आभार

प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने बताया कि राज्य के 24 में से 17 जिलों में कक्षा एक से और सात जिलों में कक्षा नौ से 12वीं तक के बच्चों के लिए कल 4 फरवरी से कक्षाएं शुरू हो जाएगी। कक्षा एक से पांचवीं तक के बच्चे 22 महीने बाद स्कूल आएंगे। इसलिए यह आवश्यक है कि शिक्षा विभाग, केंद्र सरकार, राज्य सरकार और आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी किये गये सभी गाइडलाइन का स्कूल संचालक सख्ती से पालन करें और जिस भरोसा के साथ शिक्षामंत्री और मुख्य सचिव ने स्कूलों को खोलने की अनुमति दी है, उन उम्मीदों पर खरा उतरने की कोशिश की जाए।

पासवा के प्रदेश लाल किशोरनाथ ने कहा कि शिक्षामंत्री और मुख्य सचिव ने कहा है कि स्कूल खोलने का निर्णय तो ले लिया गया, लेकिन अभी आवश्यक सतर्कता बरतने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बच्चों के स्कूल आने के दौरान सोशल डिस्टेसिंग, मास्क, सैनिटाइजर का उपयोग सुनिश्चित किया जाए और किसी तरह का सामूहिक कार्यक्रम का आयोजन से बचते हुए स्कूलों में आइसोलेशन वार्ड की भी व्यवस्था की जाए। पासवा के प्रदेश महासचिव डॉ. राजेश गुप्ता छोटू ने कहा कि निजी स्कूलों द्वारा सरकारी गाइडलाइन का पालन किया जाता ही है, लेकिन पिछली बार स्कूल खोलने पर यह भी देखने को मिला था कि सरकारी स्कूलों में सोशल डिस्टेसिंग का पूरी तरह से पालन करने की बजाय एक-एक बेंच पर 5-5 बच्चों को बिठा दिया गया।

बैठक में कल 4 फरवरी से राज्य के सभी स्कूल खोले जानकारी के लिए प्रदेश पासवा ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए झारखंड के शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो को धन्यवाद किया। इधर प्रदेश पासवा के अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे के नेतृत्व में सहयोगी लाल किशोर नाथ शाहदेव, अरविन्द कुमार, डॉ.राजेश गुप्ता छोटू, निशा भगत, रुबी कुजूर, डा.सुषमा केरकेट्टा,आलोक बिपीन टोप्पो, मुजाहिद इस्लाम, राशीद अंसारी, अमीन अंसारी, मेरी खलखो, अभिषेक साहू, संजीत यादव के साथ एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल 17 जिलों में 22 महीने से बंद पड़े स्कूलों को कल 4 फरवरी से खोले जाने के लिए झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो से मिलकर उनके प्रति आभार व्यक्त किया एवं कोरोना वायरस प्रभाव कम हो जाने के बाद शेष 7 जिलों के स्कूलों में भी क्लास 1 से लेकर ऊपर तक के सभी स्कूल यथाशीघ्र खोले जाने का आग्रह किया।

एक नजर

मौसम में दिखा बदलाव, संताल में बारिश की आशंका

रांची। राज्य के उत्तर व मध्य भाग में ओलावृष्टि की आशंका है। जिससे अनुमान लगाया गया है कि फसलों को नुकसान हो सकता है। मौसम केंद्र ने इसे लेकर अलर्ट भी जारी कर दिया है। 5 फरवरी को राज्य के उत्तर-पूर्वी तथा निकटवर्ती मध्य भाग में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। छह फरवरी से मौसम साफ रहेगा। लेकिन सुबह में कोहरा छाया रहेगा। आज रांची का न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेसि व अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेसि रह सकता है। 4 फरवरी को न्यूनतम तापमान 11 व अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेसि के आस-पास रहेगा। हालांकि इस बीच ठंड से थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। जानकारी के अनुसार आज देर शाम राज्य के उत्तर-पूर्वी (संताल व कोयलांचल), मध्य (दक्षिणी छोटानागपुर) और दक्षिणी (कोल्हान) में कहीं-कहीं हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। छोटानागपुर प्रमंडल के धनबाद, बोकारो, हजारीबाग, गिरिडीह, कोडरमा, रामगढ़ और चतरा में कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश हो सकती है। वज्रपात की भी आशंका है। इसे लेकर मौसम केंद्र ने येलो अलर्ट जारी किया है।

रोड व नाली निर्माण का शिलान्यास

रांची। डोरंडा में वार्ड 49 अंतर्गत दो पीसीसी पथ एवम नाली और स्लैब निर्माण कार्य का शिलान्यास गुरुवार को पार्षद जमीला खातून के द्वारा किया गया। पीसीसी पथ का निर्माण मणिटोला गौस नगर स्तिथ कासिम के घर से मन्नान के घर तक वही दूसरा स्व महफूज आलम के घर से जमाल रहमान के घर तक किया जायेगा। वही नाली व स्लैब का निर्माण नीम चौक से गौस नगर मणिटोला तक किया जायेगा। मौके पर पार्षद जमीला खातून ने बताया कि अपने वार्ड की जनता से किए वादे को पूरा करने की दिशा में लगातार कार्य कर रही हैं। आने वाले समय में प्रत्येक रविवार को वार्ड 49 अंतर्गत हर मोहल्ले, कॉलोनी मे पार्षद आपके द्वार कैंप लगाया जाएगा। मौके पर नवाब चिश्ती, तौकीर आलम, जुल्फेखार भुट्टो, अशफाक, जावेद, जहीर, शाहिद आलम, मकसूद जफर, मुन्ना आदि मौजूद थे।

स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान को लेकर बैठक

रांची। राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत आयोजित स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान को लेकर आज जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त छवि रंजन की अध्यक्षता में आयोजित वर्चुअल बैठक में समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे। बैठक के दौरान उपायुक्त छवि रंजन ने कहा कि रांची जिला को कुष्ठ रोग मुक्त बनाने के लिए 30 जनवरी से 13 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कुष्ठ रोग को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करने और कुष्ठ रोगियों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा मिलने वाली सुविधाओं की विस्तृत जानकारी देने का निदेश संबंधित पदाधिकारी को दिया। बैठक में उपायुक्त द्वारा विभिन्न माध्यमों से कुष्ठ रोग से बचाव एवं रोकथाम से संबंधित संदेशों के प्रचार प्रसार करने का भी निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि शहर के मुख्य संस्थान, प्रखंड कार्यालय, हाट, बाजार एवं सार्वजनिक स्थल पर प्रचार- प्रसार करें।

प्रणामी ट्रस्ट ने जरूरतमंदों को कराए भोजन व बांटे कम्बल

रांची : एमआरएस श्रीकृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि) दिल्ली शाखा रांची के सयुंक्त तत्वाधान में बुहस्पतिवार को अभावग्रस्थ लोगों को भोजन कराया गया। इस बीच प्रणामी न्यासियों ने जरूरतमंदों को कम्बल भी प्रदान किए। ट्रस्ट सदस्यों के द्वारा सेवा कार्य संस्था के सुरेश मीरा भगत के सौजन्य से रातु रोड स्थित दुर्गा मंदिर के प्रांगण में आये प्रत्येक जरूरतमंद वृद्ध महिला-पुरुषों के बीच भोजन का पैकेट, जिसमे पुड़ी, सब्जी, बुंदीया, भुजिया आदि था, वितरित किया गया। इसके साथ एक-एक कम्बल भी दिया गया। संस्था के सदस्य सुरेश मीरा भगत के सौजन्य से लगभग 51 भोजन का पैकेट एव कम्बलों की आपूर्ति की गयी थी। सेवा का कार्य अनिल, पियूष, रीतेश, अंकित, अक्षत एव मिरीनाल भगत की देखरेख में किया गया। सेवा के महान कार्य में संस्था के सह-संरक्षक बसंत कुमार गौतम, अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, निर्मल जालान, प्रमोद सारस्वत, नन्द किशोर चौधरी, बिष्णु सोनी, मनीष सोनी, प्रदीप पोद्दार, विशाल जालान, सुरेश भगत, शिव भगवान अग्रवाल, इनके अलावा संस्था के और भी बहुत से सदस्य उपस्थित थे। राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल ने बताया कि संस्था आगे भी इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन करती रहेगी।

झारखंड की नदियों के किनारे भी ऑर्गेनिक कॉरिडोर विकसित करे सरकार : वीरेंद कुमार

रांची : गंगा ऑर्गेनिक कृषि कॉरिडोर की तरह झारखंड की नदियों के किनारे भी ऑर्गेनिक कॉरिडोर विकसित हो। यह रास्ता हमें भारतीय जनतंत्र मोर्चा के संरक्षक, पूर्व मंत्री व विधायक सरयू राय ने हमें दिखाया है। उक्त बातें भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष-सह-मुख्यालय प्रभारी, वीरेंद्र कुमार सिंह ने कही है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट, 2022-23 में केंद्र सरकार का जोर मौजूदा आर्थिक पुनरुद्धार को गति देना है, अगर यह धरातल पर उतरता है तो बहुत ही प्रशंसनीय होगा। सिंह ने कहा कि केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के इस बयान पर कि गंगा नदी के किनारे 5 किमी चौड़े गलियारों में किसानों की जमीन पर फोकस के साथ पूरे देश में रासायनिक मुक्त प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जाएगा। इस आलोक में उन्होंने कहा सिर्फ गंगा नदी के किनारे ही क्यों, ऐसा दामोदर, बड़ाकर, कोयल और स्वर्णरेखा समेत झारखण्ड की प्रमुख नदियों के किनारे भी ऑर्गेनिक कृषि कॉरिडोर विकसित होना चाहिए। भारतीय जनतंत्र मोर्चा के संरक्षक सरयू राय ने अपना पूरा जीवन नदियों, जलाशयों को बचाने में लगा दिया। आज झारखंड की कई जलाशयों एवं नदियों की अस्मिता सरयू राय के अथक प्रयास से बची हुई है। मुख्यालय प्रभारी ने बताया कि मनरेगा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने वाला एक प्रमुख औजार है। खासतौर से भूमिहीन श्रमिकों और सीमांत किसानों के लिए यह एक वरदान है। आर्थिक विशेषज्ञों की सलाह एवं मांग के बावजूद इसके बजट में कटौती की गई है। इस बार यानी वित्त वर्ष 2022-23 के लिए मनरेगा के मद में 73000 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। यह बीते वित्त वर्ष के संशोधित बजट 98000 करोड़ रुपए से 25.5 फीसदी कम है। कोरोनाकाल के तीसरे चरण में जब रोजगार संकट चरम पर है और लोगों की जेबें खाली हैं तब गांवों में श्रमिकों का सहारा बनने वाले महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी कानून (मनरेगा) में लगातार दूसरे वर्ष बजट प्रावधान में कटौती की गई है। बजट कम होने का सीधा मतलब श्रमदिवस के कम होने और रोजगार के अवसरों में कमी से भी है। बजट मे रोजगार के लिए नए आंकडे पेश किए गए हैं। इसलिए इसकी ठोस कार्य योजना भी बनाई जाय। सिंह ने कहा कि पिछले 7 साल में केन्द्र सरकार का राजकोषीय घाटा दोगुना हो गया है। ये देश के लिए चिंता की बात है इस बजट के बाद ये घाटा और बढ़ने वाला है। सिंह ने केंद्रीय बजट में आम आदमी, गरीब तबका, महिलाओं एवं वंचित वर्ग के लिए विशेष प्रावधान लागू करने की मांग भारत सरकार से की।

बहुउद्देशीय भवन निर्माण व विभिन्न योजनाओं को लेकर कांग्रेसियों ने मंत्री को सौंपा ज्ञापन

बरही : झारखंड के संसदीय कार्य, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य, पंचायती राज विभाग के मंत्री आलमगीर आलम से विधायक उमाशंकर अकेला के नेतृत्व में बरही विधानसभा के विधायक प्रतिनिधि सह कांग्रेस जिला महासचिव बिनोद कुमार यादव, जिला महासचिव अब्दुल मनान वारसी, जिला उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी बरही विधानसभा के निजामुद्दीन अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष इकबाल रजा समेत अन्य कार्यकताओं ने मुलाकात करते हुए पार्टी की मजबूती एवं क्षेत्र के विकास को लेकर चर्चा किया। इस दौरान प्रखण्ड अध्यक्ष इकबाल रजा ने क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा आये विभिन्न शिकायतों के आधार पर कई विकास के कार्य की योजनाओं के विषय में एक मांगपत्र सौंपते हुए मंत्री को इस विषय में ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने मांगपत्र के माध्यम से बताया कि बरही प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पंचायतों में विकास कार्य नहीं होने से आम जनता को काफी समस्याएं हो रही है। उन्होंने बरही प्रखण्ड के बरही (कोनरा) ओल्ड जी.टी. रोड़ नहर के रोड़ पर तार बंगला, थाना मुहल्ला, दरगाह मुहल्ला, बीच मुहल्ला, शादी मुहल्ला, मदीना मस्जिद को जोड़ते हुए भाया पटना रोड़ तक कालीकरण एवं 2 किमी लम्बाई का पीसीसी पथ निर्माण, बरही प्रखण्ड के बेन्दगी पंचायत के ग्राम कोईली में जगदीश महतो के घर लेकर मो तस्लिम के तालाब तक 1800 फीट का पक्का नाला निर्माण, बरही प्रखण्ड अन्तर्गत गौरियाकरमा रोहनियां टांड के पीसीसी रोड़ से अब्दुल लतिफ के घर होते हुए बिचकिल्ला आधा किमी लम्बा आरईओ रोड़ तक नाली एवं पीसीसी पथ निर्माण, ग्राम भण्डारों के कालीकरण रोड से टोला इस्लामाबाद के सलामत मियां के घर तक 1300 फीट लम्बा पीसीसी रोड एवं गार्डवाल निर्माण, 7 किमी लम्बा आरईओ रोड डपोक से तिलैया डैम तक रोड़ चौड़ीकरण, ग्राम कोनरा के मदरसा तहफ्फुजे इस्लाम बरही के पीछे खाता नं 40 पर मुस्लिम अवामी तंजीम कोनरा के जमीन पर बहुउद्देशीय भवन का निर्माण कराने का आग्रह किया है। पत्र के माध्यम से उन्होंने मंत्री आलम गिर आलम से अनुरोध किया है कि उक्त योजनाएँ जनता के लिए हितकारी है। इसलिए उक्त सभी योजनाओं के कार्य कराने की कृपा करें। मौके पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अवधेश सिंह, जयशंकर पाठक के अलावा दर्जनों कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

संवेदक संघ ने ग्रामीण विकास मंत्री से की मांग

हजारीबाग : संवेदक संघ हजारीबाग ने ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री आलमगीर आलम को ज्ञापन दिया. ज्ञापन में संवेदक संघ ने कहा है कि संवेदकों की संख्या के अनुरूप विभागों में कम काम निकलने के कारण बेरोजगारी से जूझ रहे हैं। संवेदकों की प्रतिस्पर्द्धा के कारण दस प्रतिशत से भी नीचे दर निविदित कर रहे हैं। कई नये संवेदक आ जाने से दस प्रतिशत नीचे की दर पर निविदा डाल दे रही रहे हैं। ऐसे में कार्य करने के बाद कर्ज में डूब जाते हैं। प्रथम श्रेणी के संवेदक अपनी कार्य क्षमता एवं अनुभव को बरकरार रखने के कारण सरकार के इस नियम से मजबूर होकर दस प्रतिशत से भी कम दर पर कार्य करने को मजबूर हैं। 20 से 30 प्रतिशत अग्रधन जमाउ करने की पूंजी कई संवेदकों के पास नहीं है। कर्ज लेकर जमा भी करते हैं तो कार्यात्मक पूंजी का अभाव हो रहा है। पूंजीपति संवेदक ही दस प्रतिशत से कम राशि क्वीट कर निविदा में भाग लेते हैं। सरकार के निर्णय से संवेदकों की स्थिति गंभीर हो गयी है। संवेदकों की आर्थिक स्थिति खराब रहने के कारण कार्य प्रगति एवं गुणवता पर प्रभाव पड़ रहा है। संवेदकों ने मंत्री से आग्रह किया है कि न्यूनतम दस प्रतिशत की अधिसीमा समाप्त करने के निर्णय पर पुर्नविचार कर पुनः दस प्रतिशत न्यूनतम दर को लागू करने पर विचार करे। मौके पर संवेदक संघ केअध्यक्ष दीपक कुमार मेहता, सचिव मुकेश कुमार, उपाध्यक्ष विशेश्वर यादव, मुख्य संरक्षक दीपक कुमार, अजय सिंह, संजय उपाध्याय, कोषाध्यक्ष पवन गुप्ता, मनोज बाजपेई, निर्मल मेहता, सुजीत मेहता, चित्रगुप्त सिंह, उमेश सिंह, संजीव कुमार, आशीष सिंह, मुकेश कुमार मेहता शामिल थे।

जिला कांग्रेस जन सुनवाई कार्यक्रम की बैठक संपन्न

हजारीबाग : जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में जन सुनवाई कार्यक्रम की बैठक का आयोजन जिला अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह की अध्यक्षता हुआ । कार्यक्रम में विधायक दल के नेता तथा झारखंड सरकार के संसदीय मंत्री व ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम मुख्य अतिथि के रूप में तथा बरही विधायक उमाशंकर अकेला बड़कागांव कि विधायक अम्बा प्रसाद राजीव गांधी पंचायती राज के प्रदेश अध्यक्ष जय शंकर पाठक व पूर्व प्रदेश महासचिव शशि भुषन राय विशेष रूप में उपस्थित हुए । इस जन सुनवाई कार्यक्रम में विधायक दल के नेता तथा मंत्री आलमगीर आलम ने कांग्रेस कार्यकताओं तथा आम जनता की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना तथा उससे संबंधित आवेदन लिया । कार्यक्रम जिला मुखिया संघ की अध्यक्षा के नेतृत्व में मुखिया लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल मंत्री जी से मिला तथा अपनी समस्याओं को उनके समक्ष रखा । इसी तरह कार्यक्रम में चयनित पंचायत सचिवों का भी एक प्रतिनिधिमंडल मंत्री जी से मिलकर अपनी मांगो को उनके समक्ष रखा । इस जन सुनवाई कार्यक्रम के उपरांत कई मुद्दे सामने आएं जैसे टॉल टैक्स पर आने जाने की समस्या जनता के द्वारा बीडीओ तथा सीओ की शिकायत की समस्या जमीन का मोटेशन व रसीद न काटने की समस्या, बिजली की समस्या तथा बानादाग साइडिंग एनटीपीसी और उपायुक्त के द्वारा किए गए इकरार कोई पुरा नही किए जाने की समस्या को मंत्री जी ने गंभीरतापूर्वक लिया है और जिले के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक समेत सभी पदाधिकारियों के बैठक कर प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई का आदेश दिया । उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान ने बताया कि कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष जवाहर लाल सिन्हा, आबिद अंसारी सदस्यता अभियान के प्रभारी राम लखन सिंह, कार्यकारिणी के सदस्य अदिब रिजवी, अशोक देव, विरेन्द्र कुमार सिंह, शशि मोहन सिंह, बीसी मिश्रा, उपाध्यक्ष गोविंद राम, लाल बिहारी सिंह, सरयू यादव, अजय कुमार गुप्ता, निजामुद्दीन अंसारी, सुनिल सिंह राठौर, बिनोद सिंह, मकसूद आलम, कजरू साव, सलीम रजा, उपेन्द्र राय महासचिव जावेद इकबाल, संजय तिवारी, सदरूल होदा, दिलीप कुमार रवि, ललितेश्वर प्रसाद चौधरी प्रखंड अध्यक्षों में रविन्द्र कुमार गुप्ता, इकबाल रजा, प्रदीप कुमार मंडल, विकास कुमार यादव, अजित कुमार सिंह, लाल मोहन रविदास, अब्बास अंसारी, गौतम कुमार मेहता, मोइनुद्दीन, नरसिंह प्रजापति, विशेश्वर चौबे, गोवर्धन गंझू, बैजनाथ यादव, जानकी यादव, अर्जुन यादव, गंदौरी यादव, रामसेवक यादव, इस्माइल अंसारी, गीता देवी, सरिता देवी, शाबाना खातून, रमजान अंसारी, शांति देवी, मनोज कुमार यादव, मंसुर अली, जिबरैल अंसारी, राम सुन्दर प्रजापति, जब्बार अंसारी के अतिरिक्त सैकड़ो कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

हजारीबाग को स्वच्छ व सुंदर बनाना एकमात्र ही लक्ष्य : नगर आयुक्त

मंजिल उन्हीं को मिलती है जिनके सपनों में जान होती है, केवल पंखों से कुछ नहीं होता, हौसलों से उड़ान होती है

हजारीबाग : कुछ इसी तरह के पंक्तियों को आत्मसात कर हजारीबाग को फिर से हजारबाग को स्वच्छ एवं सुंदर शहर बनाने को लेकर दृढ़ संकल्प वर्तमान नगर आयुक्त आई.ए.एस गरिमा सिंह पूरी ईमानदारी एवं कर्मठता के साथ निरंतर विकास का कार्य किये जा रही है।अपने शहर के चौक-चौराहों को भी महानगरों के चौक-चौराहों के जैसा सुंदर दिखने का सपना जो हजारीबाग के लोगों ने देखा था आज वो नगर आयुक्त गरिमा सिंह के उत्कृष्ट कार्यशैली एवं प्रबंधन से साकार होता दिख रहा है। विभिन्न प्रकार के आलोचनाओं से बिना हार मानते हुए हजारीबाग को स्वच्छ - सुंदर बनाते हुए नगर निगम क्षेत्र में रह रहें सभी लोगों को आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना ही उनका एकमात्र उद्देश्य है। कमीशनखोर जहां इनकी आलोचना करने में परेशान है वहीं हजारीबाग की आम जनता इनके कार्य से काफी खुश नजर आ रहे हैं। आम जनता का कहना है कि हजारीबाग के चौक चौराहों का महानगरों की भांति सौंदर्यीकरण नगर आयुक्त के पहल की वजह से ही हो रहा है । आज हजारीबाग शहर की हर गलियों तक कचरा उठाने वाली गाड़ियां पहुंच रही हैं । प्रत्येक दिन गली मोहल्लों में सफाई कर्मियों द्वारा सफाई हो रही है। पहले गंदगी होने पर लाख फोन करने पर भी गंदगी को उठाने वाला कोई नहीं होता था पर आज एक फोन पर तुरंत साफ सफाई हो जा रही है,सभी तरह के प्रमाण-पत्रों के लिए भी अब नगर निगम के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। हर घर तक पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था के साथ रिकार्ड समय सीमा के अंदर प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के लाभुकों को उनका सपनों का घर प्राप्त हो जाएं इसके लिए भी विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इस दौरान उन्होंने बताया कि चाहे वो जिस शहर में रहें या जिस पद पर रहे उनका एकमात्र उद्देश्य एवं लक्ष्य होता है उस शहर का विकास। उन्होंने बताया कि नेशनल हाईवे से नगर निगम क्षेत्र में प्रवेश के साथ ही आई लव हजारीबाग का साइन बोर्ड आपको दिखेगा जो वर्तमान में लोगों के लिए आकर्षण एवं सेल्फी प्वाइंट का केंद्र बना हुआ है। महानगरों की तरह भविष्य में प्रत्येक वार्ड में बच्चों बुजुर्गों एवं महिलाओं के लिए एक? मिनी पार्क के साथ समुदायिक भवन का निर्माण करने का भी लक्ष्य है जिसमें लोगों के सुबह शाम टहलने के साथ बच्चों के शारीरिक विकास के लिए विशेष व्यवस्था होगी एवं सामुदायिक भवन में लोग परिवारिक समारोह का आयोजन भी कर सकें। हजारीबाग की आम जनता से मिल रहे प्यार एवं सहयोग के लिए उन्होंने बहुत धन्यवाद दिया है।

पारा शिक्षक संघ मृत एवं बीमार पारा शिक्षक के स्वजनों को सहयोग किया

बड़कागांव : बड़कागांव एकीकृत पारा शिक्षक संघ प्रखंड इकाई बड़कागांव ने प्रखंड अध्यक्ष शमशेर आलम के नेतृत्व में मृत पारा शिक्षक एवं बीमार पारा शिक्षक की स्वजनों को आर्थिक सहायता राशि सौंपी। प्रखंड अध्यक्ष शमशेर आलम ने कहा कि करोना काल में प्रखंड के 3 पारा शिक्षक का देहांत हो गया था।उन्होंने कहा कि शोकाकुल पीड़ित परिवार के संघ साथ है। और बताया कि तत्काल दिवंगत पारा शिक्षक मनोज गिरी के परिजन को 15000, दिवंगत आनंद महतो के परिजन को 15000, दिवंगत सुनील कुमार के परिजन को 15000 की राशि सौंपी गई।वही कई दिनों से बीमार चल रहे बादम निवासी पारा शिक्षक खिरोधर ठाकुर से संघ के सदस्यों ने मिलकर हालचाल जाना और उन्हें भी इलाज हेतु 15000 आर्थिक सहयोग किया। मौके पर मुख्य रूप प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद शमशेर आलम, सीआरसी अध्यक्ष रंजीत प्रसाद सिन्हा, नरेश यादव, कपूरी ठाकुर, जलाल सगीर, वासुदेव गंझू, अफाक अहमद, कृष्ण दयाल महतो, द्वारका महतो, तीला नाथ महतो, अमृत राणा, मजाज अल्वी सहित कई पारा उपस्थित थे।

23 महीनें से बंद विद्यालयों में शुरू होगी फिर से पठन-पाठन छात्रों में जगी आश

बड़कागांव : सोमवार को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुए आपादा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक में स्वास्थ्य मंत्री व अन्य पदाधिकारियों के उपस्थिति में विद्यालय एंव आंगनबाड़ी को खोलने के निर्णय एंव स्कूली शिक्षा एंव साक्षरता विभाग के द्वारा संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को पत्र भेज कर विद्यालय खोलने का निर्देश दिया गया है ।निर्देश प्राप्ति के साथ ही हजारीबाग समेत कुल 17 जिलों में कक्षा -1से 12 वी की कक्षाएं के साथ साथ सभी कोचिंग सेंटर आंगनबाड़ी केन्द्रों को 1 फरवरी से खुलने से छात्र- छात्राओं के साथ निजी विद्यालय के शिक्षकों में पठन- पाठन को लेकर एक बार फिर नई आश जगी है । कोरोना गाइडलाइन का सख्ती से पालन करने के शर्त पर विद्यालय खोला जाएगा। वहीं स्कूल आने वाले बच्चों को अपने अभिभावक से अनुमति लेना होगा साथ कोरोना से बचाव के उपाय जैसे मास्क पहनना, सोशल डिस्टेंस का पालन, साफ सफाई पर विशेष ध्यान देना, साथ ही सभी बच्चों की उपस्थिति अनिवार्य नहीं की जाएगी और ऑनलाइन क्लास की व्यवस्था भी रहेगी। वही विद्यालय आने वाले शिक्षकों को कोरोना का टीका दोनों डोज लेना अनिवार्य होगा, प्रशासनिक कार्यों के लिए शिक्षकों एंव अन्य कर्मियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी।

विद्यालय में सामुहिक कार्यक्रम आयोजित नहीं होगें इत्यादि। वही इस निर्णय से उन गरीब और सूदरवर्ती क्षेत्र के छात्र - छात्राएं फिर से पठन - पाठन से जुड पाएगें जिन्हें ऑनलाइन क्लास की सुविधा नहीं मिल पा रही थी। या जिनके अभिभावक इतने सामर्थ्य नहीं थे की बच्चों के लिए मोबाइल या लैपटॉप खरीद सके और जहाँ इंटरनेट की समस्या थी उनके लिए विद्यालय खुलना वरदान से कम साबित नहीं होगी। वैसे ग्रामीण क्षेत्र के मेधावी बच्चें जिनके अंदर कुछ करने की चाहत थी विद्यालय बंद होने से जिनका भविष्य अंधकारमय लग रहा था उसमें नई आश जगी साथ ही पढ़ने की दिनचर्या में अब फिर से जुट पायेगेंसाथ ही निजी विद्यालयों के छात्र- छात्राओं के साथ शिक्षक-शिक्षिकाओं, विद्यालय के कर्मचारियों, एंव विद्यालय के संचालकों के सामने आर्थिक तंगी से जूझ रहे थे किसी तरह अपना जीवन कर्ज लेकर चला रहे थे उन्हें एक बार फिर प्रातः की नई किरण के सामान जीवन नई उम्मीद जगी है।

ठेकेदार की मनमानी से आम लोग परेशान

इचाक : इचाक प्रखंड के आदर्श पंचायत परासी में विशेष प्रमंडल द्वारा डीएमएफटी मद से पुलिया का निर्माण कराया जा रहा है। पुलिया निर्माण और गार्ड वाल कार्य में ठेकेदार की मनमानी और अभियंता की लापरवाही का नजारा देखा गया है। विभाग द्वारा स्वीकृत पुलिया निर्माण कार्य में भारी अनियमितता बरती जा रही है। मापदंड के विपरीत जाकर विभाग के इंजीनियर काम करवा रहे हैं, जिससे कार्य की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है और स्वीकृत राशि का दुरुपयोग भी किया जा रहा है। यहां तक कि श्रम नियमों का उल्लंघन भी हो रहा है। स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार ना देकर बाहर के मजदूर लाकर काम पर रखे गए हैं। बताया गया कि परासी स्थित बीआरसी भवन के बगल में पुलिया और गार्ड वाल निर्माण कार्य जो की पूर्णतः गलत तरीके से ठेकेदारी कर इंजीनियर के द्वारा बनवाया जा रहा है, एवं मानक मात्रा को ताक में रखकर गुणवत्ता हीन सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। यहां तक की निर्माण स्थल पर निर्माण कार्य से संबंधित कोई सूचना बोर्ड भी नहीं लगाया गया है। लगभग 25 लाख की लागत से यह पुलिया का निर्माण जिस गांव में रोजगार मूलक कार्य पंचायत के अधीन होने को है उसमें स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार दिए जाने का प्रावधान सुनिश्चित किया गया है, किंतु परासी पंचायत में विशेष प्रमंडल विभाग द्वारा स्वीकृत पुलिया निर्माण कार्य में स्थानीय ग्रामीण मजदूरों को रोजगार से वंचित रख कर बाहर के मजदूरों को लाकर पंचायत में पदस्थ इंजीनियर एवं ठेकेदार द्वारा मनमानी करते हुए लाखों रुपए की लागत से पुलिया का निर्माण कार्य को गुणवत्ता के खिलाफ किया जा रहा है। गार्डवाल के ढ़लाई में 8 एमएम का रेड एवं थर्ड ग्रेड का कंक्रीट तथा मापक से नीचे स्तर तक ऊंचाई कर गार्डवाल बनाया गया है, जिसमें बरसात आने पर गार्ड वालों के ऊपर से मिट्टी बहने का असार है। वही पुलिया की ढलाई में सरिया एवं बालू समेत अन्य उपयोग किए जाने वाले सामग्री की गुणवत्ता निम्न है। बताते चलें कि मापदंड के विपरीत काम करने से भविष्य में यह पुल और गार्ड वाल की स्थिति जर्जर हो जाएगी। पुलिया की गहराई, ढलाई की चौड़ाई बेहद कम रखी गई है। साथ ही पुलिया निर्माण कार्य के दौरान फलदार वृक्ष के जड़ से मिटी को हटा दिया गया है। जिससे हरा भरा पेड़ की गिरने की आशंका दिख रही है।

कोल खनन विस्थापित प्रभावित समिति ने की प्रेस कांफ्रेंस

केरेडारी : एनटीपीसी केरेडारी चट्टी बरियातू कोल परियोजना के विस्थापित प्रभावित रैयतों ने प्रेस कांफ्रेंस अपने स्थानीय कार्यालय में किया। प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से चट्टी बरियातू कोल परियोजना के विस्थापित प्रभावित रैयतों कंपनी से कोई आपत्ति नहीं है 3 गांव लोग को रोजगार दिया जाए यही है मांग एनटीपीसी प्रबंधन से की है! विस्थापित प्रभावित रैयतों की मांग इस प्रकार है ! ग्रामीण लोग कंपनी से कोई नाराज नहीं है बेरोजगारों को रोजगार दे यहां का तीनों गांव विस्थापित प्रभावित कंपनी के साथ है यहां कंपनी भुरयत से बात करेगी कंपनी भुरयत से बात हुई है भुरयत से काम करना चाह रही है कंपनी एवं बेरोजगारों को रोजगार सुनिश्चित हो इसलिए कंपनी खुलनी चाहिए मौके पर उपस्थित शंकर कुमार गुप्ता उप मुखिया चट्टी बरियातू मोहम्मद आरिफ अंसारी जितेंद्र दास प्रदीप दास ललित नायक मोहम्मद मारुफ किशोर सोनी लखन साव छोटू साव मुकेश साव आदि शामिल थे।

बरही में एकादश भक्ति जागरण का आयोजन

बरही : बरही प्रखंड अंतर्गत डपोक में ब्रह्मदेव यादव की दादी स्व कमली मोसोमात के एकादश कार्यक्रम में भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी किशुन यादव एवं बरही पूर्वी जीप प्रतिनिधि मो क्यूम शामिल हुए। जनप्रतिनिधियों ने सामूहिक रूप से फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर समाजसेवी किशुन, यादव, मो क्यूम, समजसेवी अर्जुन रविदास, रोहित यादव, ब्रह्मदेव यादव, प्रकाश यादव, अर्जुन यादव, बिनोद यादव एवं सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

सड़क दुर्घटना में माँ की मौत बेटा सुरक्षित

चौपारण : चौपारण के व्यस्ततम मोड़ में एक केंदुआमोड मे सड़क दुर्घटना में बेहरा पंचायत के जोकट तिलैया निवासी मालू यादव की 50 वर्षीय पत्नी की मौके पर ही मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि महिला के पति बाहर रहते हैं तो घरेलू सामान लाने अपने 20 वर्षीय पुत्र के साथ चौपारण गयी थी। वापसी के क्रम में केंदुआमोड के पास एनएच द्वारा जारी कार्य के वजह से अव्यवस्थित हुई सड़क पर स्कूटी अनियंत्रित हो गई जिसके बाद पीछे आ रहे कन्टेनर ने महिला को अपनी चपेट में ले लिया जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं स्कूटी चला रहा पुत्र सन्नी कुमार सुरक्षित है।

वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो लोग घायल

बरही : धनबाद रोड बरही जैन पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बाइक में सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में 30 वर्षीय अनिल यादव पिता किशुन यादव एवं 45 वर्षीय चन्ना देवी पति किशुन यादव बेला बरही निवासी शामिल है। दोनों को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती किया गया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को हजारीबाग सदर अस्साल रेफर कर दिया गया।

एक नजर

समाज सेवी स्व राजेश राम की पुण्यतिथि मनी

इचाक : प्रखंड के जानेमाने फुटबॉल खिलाड़ी सह समाज सेवी मुखिया पति स्व राजेश राम की बारहवीं में भारी संख्या में लोग शामिल होकर पुण्यतिथि मनाया।स्व राजेश राम की तस्वीर पर फूल माला अर्पित कर श्रंद्धाजलि दिया। दो मिनट का मौन रखकर उनके आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया। श्रंद्धाजलि अर्पित करने वालो में प्रमुख सरिता देवी,उपमुखिया नरेश मेहता, पूर्व मुखिया अशोक कपरदार, पूर्व जीप सदस्य उमेश मेहता, सांसद प्रतिनिधि भागवत मेहता, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष गौतम नारायण सिंह,झामुमो नेता मनोहर राम, बिजय सिन्हा, रविशंकर उर्फ भोला, अशोक ठाकुर, बंगाली राम, गोपाल पाण्डेय, केएन प्लस 2 उच्च विद्यालय के प्राचार्य रविंद्र चौधरी, अजय राम, रामसागर पांडेय, आशुतोष मेहता, लालजी राम, धनेश्वर ठाकुर, राजेन्द्र के अलावे कई महिला पुरुष शामिल थे।

धान अधिप्राप्ति के लक्ष्य को लेकर डीसी ने की बैठक

मेदिनीनगर पलामू : जिले में धान अधिप्राप्ति के लक्ष्य को शत-प्रतिशत प्राप्त करने के उद्देश्य से उपायुक्त शशि रंजन ने समाहरणालय के सभागार में गुरुवार को अनुश्रवण समिति की बैठक की। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि खरीफ विपणन मौसम 2021-22 अंतर्गत अब तक जिले में कुल 1 लाख 26 हजार 124 क्विंटल धान की अधिप्राप्ति पैक्सों के माध्यम से की गयी है। उपायुक्त शशि रंजन ने पिपरा, मधुबाना, मनातु, राजहरा व भजनिया पैक्स में कम धान अधिप्राप्ति किए जाने को लेकर संबंधितों के प्रति कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए धान अधिप्राप्ति में गति लाने पर बल दिया। वहीं उपायुक्त ने अच्छे पैक्स को प्रोत्साहित करने की भी बात कही। बैठक में वैसे राइस मिलर जिनके द्वारा धान की अधिप्राप्ति अधिक कर ली गयी है एवं उनके गोदाम भर चुके हैं लेकिन ऐसे मिलरों द्वारा धान का उठाव समय से नहीं किये जाने पर उपायुक्त ने नाराजगी जाहिर करते हुए धान का उठाव शीघ्रता से करने हेतु निर्देशित किया। वहीं सिंघानिया एग्रो राइस मिल, महा मुंडारी राइस मिल,अदिति देवा राइस मिल,एवं आरडीएस राइस मिल को लक्ष्य के विरुद्ध कम सीएमआर जमा किये जाने पर उपायुक्त ने ऐसे सभी राइस मिलरों को प्रतिदिन कम से कम पांच लॉट सीएमआर जमा करने का कड़ा निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि जिन मिलरों के द्वारा सीएमआर जमा किये जाने अथवा धान का उठाव में लापरवाही बरतने की शिकायत पायी जाएगी उनका इकरारनामा रद्द करते हुए उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी।मौके पर अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह,जिला आपूर्ति पदाधिकारी शब्बीर अहमद, जिला कृषि पदाधिकारी अरुण कुमार जिला सहकारिता पदाधिकारी अश्विनी ओझा,एफसीआई के मंडल प्रबंधक सहित विभिन्न राइस मिलर उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न, डीसी ने दिए निर्देश

हजारीबाग : स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक उपायुक्त आदित्य कुमार आनंद की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभागार में संपन्न हुई। बैठक में शेख भिखारी मेडिकल के सुदृढ़ीकरण और आधुनिक मेडिकल उपकरणों के अधिष्ठापन के लिए उपकरणों की सूची मेडिकल अधीक्षक ने उपायुक्त के समक्ष रखी। इस संबंध में उपायुक्त ने मेडिकल अधीक्षक को संबंधित मेडिकल विभाग के साथ आपस में बैठक कर सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नियमित रूप जरूरत में आने वाले उपकरणों के अधिष्ठापन पर ध्यान दे अनावश्यक महंगे उपकरण रख रखाव और प्रशिक्षित तकनीशियन के अभाव में खराब हो जाते है इसलिए मानव संसाधन तंत्र को सुदृढ़ कर इस ओर ध्यान दे। आगे उन्होंने सभी प्रखंडों में संचालित सीएचसी की वर्तमान स्थिति यथा जांच उपकरण, दवाइयां, बिजली, पानी आदि की जानकारी सभी एमओआईसी से ली. उन्होंने सभी बीडीओ से बन रहे भवनों की जांच रिपोर्ट सौपने का निर्देश दिया। उन्होने प्रखंड स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए नियमित प्रखंड स्वास्थ्य समिति की बैठक एवं मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया। प्रखंड स्तर के स्वास्थ्य भवनों की विस्तृत जानकारी, डाक्टर की उपलब्धता,पानी शौचालय आदि का इंस्पेक्शन रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश प्रखंड विकास पदाधिकारी को दियो उपायुक्त ने प्रखंड वार संस्थागत प्रसव की स्थिति की जानकारी ली उन्होंने कहा जिस पीएचसी में सबसे कम संस्थागत प्रसव हो रहे हैं उनके कार्यप्रणाली को दुरुस्त करने की आवश्यकता है। उन्होंने सहिया के परफॉर्मेंस रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश डीपीएम को दियो मौके पर उन्होंने नेशनल टोबैको कंट्रोल प्रोग्राम के आयोजन का वृहद प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया ताकि जन-जन तक टोबैको से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी मिल सके, उन्होंने सरकारी भवनों/स्वास्थ्य केंद्रों में अनाधिकृत रूप से अवैध घरों के निर्माण ना हो यह सुनिश्चित करने का निर्देश प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया। मौके पर उपायुक्त के अलावे मेडिकल सुपरीटेंडेंट,सिविल सर्जन, प्रखंड विकास पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

संपादकीय

चुनाव में दागियों पर दांव

हमेशा की तरह ही इस बार भी उत्तर प्रदेश में सभी राजनीतिक दलों ने दागियों पर दांव लगाने में कोई कंजूसी नहीं की है। पहले चरण के चुनाव के लिए अब तक जितने उम्मीद्वारों की घोषणा की गई है उसमें 25 प्रतिशत प्रत्याशी आपराधिक पृष्ठ भूमि वाले है। इनमें से सबसे आगे समाजवादी पार्टी है जिसके लिए दाग अच्छे है। कांग्रेस, बसपा और भाजपा भी इस मामले में पीछे नहीं है। इन पार्टियों ने भी दागी छवि के नेताओं के प्रति दरियादिली दिखाने में कोई कोर कसर नहीं बाकी नहीं छोड़ी है। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में दस प्रत्याशी तो ऐसे है जो इन दिनों जेल में है। इसके बावजूद उन्हें राजनीतिक दलों ने टिकट दी है। बाहूबल के बदलौत ऐसे लोग चुनाव जीत जाए तो भी ताजुब्ब नहीं होगा। राजनीतिक पार्टियां एक दूसरे पर दागी लोगों को टिकट देने का आरोप लगा रही है। लेकिन अपने गिरेहबां में नहीं झाक रही है। हकिकत तो यह है कि इस हमाम में सभी नंगे है। दागियों को और बाहुबलियों को टिकट देने में किसी को परहेज नहीं है। इसके पिछे राजनीतिक पार्टियां यह तर्क देती है कि वे चुनाव जीतने योग्य लोगों को ही प्रत्याशी बनाती है। ऐसे दागी नेता इस कसौठी पर किस हिसाब से खरा उतरते यह शोध का विषय है। एक ओर तो सभी राजनीतिक दल राजनीति के अपराधी करण को रोकने की बात करती है और दूसरी ओर आपराधिक छवि वाले लोगों को खुले दिल से टिकट भी बांटती है। रही बात आम मतदाताओं की तो उनके सामने इन दागी नेताओं को चुन्ने के अलावा और कोई विकल्प नहीं होता। जब सभी पार्टियां किसी सीट से बाहुबलियों और दागियों को मैदान में उतारती है तो ऐसे में आम मतदाताओं के सामने डाकू और चोर में से किसी एक को ही चुनने के अलावा और कोई चारा नहीं रह जाता। यही वजह है कि ऐसे अपराधी जिन्हें जेल में होना चाहिए वे प्रजातंत्र के मंदिरों में जा विराजते है। चुनाव आयोग राजनीति का अपराधीकरण रोकने में विफल रहा है। अब इस मामले में सुप्रीम कोर्ट को ही दखल देना चाहिए। तभी राजनीति का अपराधिकरण रूक पाएगा। मौजूदा प्रावधान यह है कि जिस नेता को किसी मामले में तीन साल से अधिक की सजा हो जाती है उसे चुनाव लड़ने के लिए अपात्र घोषित किया जाता है। इस नियम में बदलाव करने की जरूरत है। जिन पर कई संघीन आरोप है उन्हें भी अयोग्य घोषित किया जाना चाहिए।

विचार

मालदीव : भारत भगाओ अभियान ?

हम भारतीयों को यह जानकर बहुत आश्चर्य होगा कि हमारे पड़ौसी देश मालदीव में आजकल एक जबर्दस्त अभियान चल रहा है, जिसका नाम है- 'भारत भगाओ अभियान'! भारत-विरोधी अभियान कभी-कभी नेपाल और श्रीलंका में भी चलते रहे हैं लेकिन इस तरह के जहरीले अभियान की बात किसी पड़ौसी देश में पहली बार सुनने में आई है। इसका कारण क्या है, यह जानने के लिए हमें मालदीव की अंदरुनी राजनीति को ज़रा खंगालना होगा। यह अभियान चला रहे हैं, पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन, जो लगभग डेढ़ माह पहले ही जेल से छूटे हैं। उन्हें रिश्वतखोरी और सरकारी लूट-पाट के अपराध में सजा हुई थी। उन्होंने सत्तारुढ़ मालदीव डेमोक्रेटिक पार्टी के खिलाफ जन-अभियान छेड़ दिया है। यह अभियान इसलिए भारत-विरोधी बन गया है कि 'माडेपा' के दो नेताओं राष्ट्रपति मोहम्मद सालेह और पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद को कट्टर भारत-समर्थक माना जाता है। यामीन को अपना गुस्सा नशीद और सालेह पर उतारना है

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

तो उन्हें भारत को ही मालदीव का दुश्मन घोषित करना जरुरी है। यामीन का यह भारत-विरोधी अभियान इतनी रफ्तार पकड़ता जा रहा है कि सत्तारुढ़ 'माडेपा' अब संसद से ऐसा कानून पास करवाना चाह रही है, जिसके तहत उन लोगों को छह माह की जेल और 20 हजार रु. जुर्माना भरना पड़ेगा, जो मालदीव पर यह आरोप लगाएंगे कि वह किसी विदेशी राष्ट्र के नियंत्रण में चला गया है। इसे वह राष्ट्रीय अपमान कहकर संबोधित कर रहे हैं। यह कानून आसानी से पास हो सकता है, क्योंकि संसद में सत्तारुढ़ दल के पास प्रचंड बहुमत है। यामीन की प्रोग्रेसिव पार्टी में कोई दम नहीं है कि वह सत्तारुढ़ पार्टी को संसद में नीचा दिखा सके लेकिन मालदीव की जनता में उसकी लोकप्रियता बढ़ती चली जा रही है। उसके कई कारण हैं। पहला कारण तो यही है कि सत्तारुढ़ 'माडेपा' में अंदरुनी खींचतान चरमोत्कर्ष पर है। राष्ट्रपति सालेह और संसद-अध्यक्ष नशीद में चिक-चिक की खबरें रोज़ मालदीवी जनता को हैरत में डाल रही हैं। नशीद वास्तव में खुद जनाधारवाले नेता हैं। वे संविधान में परिवर्तन करके अपने लिए प्रधानमंत्री का पद पैदा करना चाहते हैं। सालेह और नशीद के मतभेद अन्य कई मुद्दों पर भी खुले-आम सबके सामने आ रहे हैं। इसका कुप्रभाव प्रशासन पर हो रहा है। सरकार पर से जनता का विश्वास घटता जा रहा है। दूसरा, मंहगाई और कोरोना बीमारी ने मालदीव की अर्थ-व्यवस्था को लगभग चौपट कर दिया है। तीसरा, यद्यपि भारत पूरी मदद कर रहा है लेकिन यामीन-राज में चीन ने जिस तरह से अपनी तिजोरियां खोलकर मालदीवी नेताओं की जेबें भर दी थीं और उन्हें अपनी जेब में डाल लिया था, वैसा नहीं होने के कारण वर्तमान नेतृत्व काफी सांसत में है। चौथा, सालेह-नशीद सरकार पर उसके विरोधी यह आरोप भी जड़ रहे हैं कि उसने भारत से सामरिक सहयोग करने के बहाने मालदीव की संप्रभुता को भारत के हाथ गिरवी रख दिया है। मालदीव में सक्रिय भारतीय नागरिकों को आजकल कई नई मुसीबतों का सामना करना पड़ा है।

वर्ल्ड कैंसर डेरू क्लोजिंग द केयर गैप

डॉ. मनोहर अगनानी
अतिरिक्त सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याणण, भारत सरकार

'आयुष्मान भारत- प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना'के माध्यम से देश की बड़ी आबादी को कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा चुनिन्दा सरकारी एवं प्राइवेट अस्पतालों के माध्यम से मुहैया कराई जा रही है। और फिर देश में नए मेडिकल कॉलेज स्थापित करने, जिला अस्पतालों को मेडिकल कॉलेज में उन्नयन करने की माननीय प्रधानमंत्री जी की सोच भी सैकेंडरी केयर को सुदृढ़ करने में कामयाब हो रही है। इसी प्रकार टर्शिअरी केयर का विस्तार करने के लिए चरणबद्ध रूप से देश में 22 एम्स स्थापित किए जा रहे हैं।साथ ही टर्शिअरी कैंसर केयर सेंटर्स स्कीम के तहत स्टेट कैंसर इंस्टिट्यूट और टर्शिअरी कैंसर केयर सेंटर्स स्थापित करने के लिए अनुदान दिया जाता है, जिसका उपयोग कैंसर के निदान एवं उपचार करने, कैंसर से सम्बंधित परीक्षण करने, रिसर्च गतिविधियां संचालित करने, पैलिएटिव केयर सुविधा उपलब्ध कराने और कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम में सहभागिता करने के लिए किया जा सकता है।

इस वर्ष 4 फरवरी 'वर्ल्ड कैंसर डे' की थीम 'क्लोज़ द केयर गैप' पर केन्द्रित है।'कैंसर' शब्द का ज़िक्र मात्र ही ज़हन में सिहरन पैदा कर देता है।ऐसे मेंजिन्हें कैंसर हो जाता है और जो लोगउनकीसेवा सुश्रुषा करते हैं, उनकीमनःस्थिति को तो बयांही नहीं किया जा सकता। फिर कैंसर केयर से सम्बंधित विभिन्न चरणों, जैसे-डायग्नोसिस, सर्जरी, रेडियोथैरेपी, कीमोथैरेपी और पैलीएटिव केयर व्यवस्था में कुछ 'गैप' हों, तोकैंसर के मरीज़ों और रिश्तेदारों की निराशा कासिर्फ़ अंदाज़ा ही लगाया जा सकता है। इस दृष्टि से इस वर्ष की थीम प्रासंगिक है, क्योंकि किसी भी स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए केयर के मापदंडों पर शत-प्रतिशत खरा उतरना एक नामुमकिन सा आदर्श मात्र है। किसी व्यवस्था में स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव होगा, तो कोई व्यवस्था बहुत खर्चीली होगी। कहीं लोगों की जीवनशैली और परिवेश में कैंसर के रिस्क फैक्टर बहुतायत में होंगे और कहीं आम जनता का ÷हैल्थ सीकिंग बिहेवियर÷ एक चुनौती होगा। साथ ही कैंसर प्रभावितों को टर्मिनल स्टेज में पैलीएटिव केयरदे पाना भी एक बड़ी ज़रुरत है। निष्कर्ष यही है किकैंसर केयर के हर स्तर पर अपेक्षाओं और वास्तविकताओं में गैप होंगे ही। कहीं ज़्यादा, तो कहीं कम।

इस परिपेक्ष्य में राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति (2017),आयुष्मान भारत हैल्थ एंड वैलनेस सेंटर, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजनाऔर प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के साथ कैंसर के क्षेत्र में किए जा रहे विशिष्ट प्रयासों का यहां उल्लेख करना प्रासंगिक है। आयुष्मान भारत हैल्थ एंड वैलनेस सेंटर, भारत सरकार द्वारा कोम्प्रीहेंसिव प्राइमरी हैल्थ केयर सुनिश्चित करने की एक सुविचारित रणनीति है। देश में सभी उप-स्वास्थ्य केन्द्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को हैल्थ एंड वैलनेस सेंटर के रूप में क्रियान्वित करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य हमारे माननीय प्रधानमन्त्री जी ने दिया हैऔर आजदेश में 89,000 से अधिक हैल्थ एंड वैलनेस सेंटर के माध्यम से प्रिवेंटिव, प्रोमोटिव एवं कॉम्प्रीहैंसिव प्राइमरी हैल्थकेयर दी जा रही है। आशा एवं ए.एन.एम. द्वारा घर-घर जाकर 30 वर्ष से अधिक आयु की आबादी का पांच प्रमुख बीमारियों हाइपरटेंशन, डायबिटीज़ औरओरल, ब्रैस्ट एवं सर्वाइकल कैंसरके प्रारम्भिक लक्षणों के आधार पर पहचान का काम किया जा रहा है और साथ ही कैंसर से बचाव के लिए जीवनशैली में परिवर्तन के लिए अपेक्षित जानकारी भी दी जा रही है। निष्कर्ष के रूप में ये कहा जा सकता है कि कैंसर केयर के प्रारम्भिक स्तर पर गैप को क्लोज़ किए जाने का भरपूर प्रयत्न किया जा रहा है और इस प्रयास के सकारात्मक परिणाम भी परिलक्षित हो रहे हैं।

हमारे देश में नेशनल प्रोग्राम फ़ॉर प्रिवेंशन एंड कण्ट्रोल ऑफ़ कैंसर, डायबिटीज़, कार्डियो-वस्कुलर डिज़ीज़ एंड स्ट्रोक के माध्यम से कैंसर के प्रमुख कारणों की रोकथाम एवं नियंत्रण का प्रयास भी किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कैंसर के प्रति जन जागरूकता स्थापित करने, जीवन शैली में सुधार करने के लिए जनमानस को प्रोत्साहित करने के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं जिला अस्पतालों में एन.सी.डी. क्लिनिक संचालित करना है। जिला अस्पतालों में सी.टी. स्कैन, एम.आर.आई., मैमोग्राफ़ी, हिस्टोपैथोलॉजी सेवाओं का विस्तार कर कैंसर के शुरुआत में ही पहचानने सम्बंधी गैप को भी ख़त्म किया जा रहा है।

'आयुष्मान भारत- प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना'के माध्यम से देश की बड़ी आबादी को कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा चुनिन्दा सरकारी एवं प्राइवेट अस्पतालों के माध्यम से मुहैया कराई जा रही है। और फिर देश में नए मेडिकल कॉलेज स्थापित करने, जिला अस्पतालों को मेडिकल कॉलेज में उन्नयन करने की माननीय प्रधानमंत्री जी की सोच भी सैकेंडरी केयर को सुदृढ़ करने में कामयाब हो रही है। इसी प्रकार टर्शिअरी केयर का विस्तार करने के लिए चरणबद्ध रूप से देश में 22 एम्स स्थापित किए जा रहे हैं।साथ ही टर्शिअरी कैंसर केयर सेंटर्स स्कीम के तहत स्टेट कैंसर इंस्टिट्यूट और टर्शिअरी कैंसर केयर सेंटर्स स्थापित करने के लिए अनुदान दिया जाता है, जिसका उपयोग कैंसर के निदान एवं उपचार करने, कैंसर से सम्बंधित परीक्षण करने, रिसर्च गतिविधियां संचालित करने, पैलिएटिव केयर सुविधा उपलब्ध कराने और कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम में सहभागिता करने के लिए किया जा सकता है। झज्जर (हरियाणा) में 700 बिस्तर वाले 'नेशनल कैंसर इंस्टिट्यूट' और कोलकाता में 460 बिस्तर वाले 'चितरंजन नेशनल कैंसर इंस्टिट्यूट' भी प्रारंभ किए गए हैं। ये सभी प्रयास कैंसर केयर में सर्जरी, रेडियोथेरेपी, कीमोथैरेपी आदि क्षेत्रों में गैप क्लोज़ करने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं।

मुझे लगता है कि हमारे देश में कैंसर की रोकथाम के लिए जो प्रयास किए जा रहे हैं, वो ऐतिहासिक हैं। इन प्रयासों में सुधार की गुंजाइश तो हमेशा रहेगी, लेकिन अब बहुत बड़ी ज़िम्मेदारी हमारे देश के जनमानस, जिनमें से अधिकांश युवा हैं, की भी है,ताकि वो अपनी जीवनशैली को इस तरह से अपनाएं कि कैंसर की सम्भावना को न्यूनतम किया जा सके। संतुलित भोजन करें, योग और व्यायाम को अपनाएं, तम्बाकू एवं शराब का सेवन ना करें। और उनकी यह कोशिश न सिर्फ़ उन्हें कैंसर की संभावना से बचाएगी, अपितु सीमित सेवाओं को गुणवत्ता पूर्वक, कैंसर रोगियों को समय पर उपलब्ध कराकर इस वर्ष की थीम 'क्लोज़ द केयर गैप' कोभी चरितार्थ कर सकेगी। जय हिन्द!

यूक्रेन मसले की वजह आर्थिक भी है

नीरज मनजीत

2012 में दोबारा राष्ट्रपति चुने जाने के बाद से वे हर क्षण इस बात के लिए कटिबद्ध दिखते रहे हैं कि रूस को महाशक्ति होने का उसका खोया रुतबा वापस दिला सकें। रूस की माली हालत कोई बहुत अच्छी नहीं है। नाटो गठबंधन से जुड़े यूरोप के बहुत से ठंडे देश रूस से सप्लाई होनेवाली प्राकृतिक गैस के ग्राहक हैं। रूस के साइबेरिया प्रांत में गैस का अकूत भंडार है। रूस की सरकारी कंपनी 'गैजप्रोम' पाइपलाइन के जरिए यह गैस यूरोप के कई देशों को भेजती है। यूरोप की जरूरत की एक तिहाई गैस साइबेरिया से आती है। रूस की अर्थव्यवस्था काफी हद तक इस सप्लाई से होनेवाले मुनाफ़ेपर टिकी हुई है। यह पाइपलाइन यूक्रेन की ज़मीन के नीचे से होकर गुजरती है, इसलिए रूस को इसकी कमाई का एक हिस्सा यूक्रेन को देना पड़ता है।

कहा जाता है कि शतरंज के खेल में मोहरा पीटने की धमकी देना मोहरा पीटने से ज़्यादा कारगर साबित होता है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पिछले कुछ महीनों से यही कर रहे हैं। यूक्रेन के मसले पर वे दबाव बनाए रखने की नीति से पीछे हटने को तैयार नहीं हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन भी तुर्की-ब-तुर्की इसी नीति पर अमल करते हुए रूस को कोई भी रियायत देने के पक्ष में दिखाई नहीं पड़ते। इन दोनों महानुभावों के बीच ज़बानी जंग दिनों दिन तेज होती चली जा रही है। दोनों महादेश एक-दूसरे को अंजाम भुगतने की कड़ी चेतावनी दे रहे हैं। मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भी दोनों देशों के बीच काफी तीखी बहस हुई। यूएन में रूस के राजदूत वैसिली लेबेनजिया ने अमेरिका और नाटो देशों पर इल्ज़ाम लगाए कि वे रूस के अंदरूनी मामलों में बेजा दख़ल दे रहे हैं। इधर अमेरिका की राजदूत लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड ने कड़े शब्दों में रूस को चेतावनी दी कि यूक्रेन को लेकर अगर पुतिन ने आक्रामक तेवर ढीले नहीं किए, तो रूस को बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी।

ज़ाहिर है कि यूक्रेन का मसला संजीदा रुख़ अख़्तियार कर रहा है। क्या सचमुच रूस और नाटो गठबंधन से जुड़े देश शीतयुद्ध से आगे वास्तविक महायुद्ध की ओर बढ़ रहे हैं ? क्या यूक्रेन दूसरा अफ़ग़ानिस्तान होने के रास्ते पर है ? विश्व राजनय के कुछ जानकार इस संभावना से इनकार नहीं कर रहे हैं। दरअसल, रूस ने यूक्रेन की सरहद पर एक लाख से ज़्यादा सैनिक तैनात कर रखे हैं। इधर अमेरिका की अगुवाई में नाटो देश यूक्रेन को भारी मात्रा में हथियार और मोटी रकम दे रहे हैं, ताकि

वह दमदार तरीक़े से रूस का मुकाबला कर सके। यूक्रेन की हौसला अफ्ज़ाई के लिए ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन वहाँ जा रहे हैं। इस तनाव के बावजूद हम मानते हैं कि भले ही दोनों पक्षों में ज़बानी तनातनी चरम पर पहुंच जाए, पर वे वास्तविक युद्ध में नहीं उलझेंगे। मसले के हल के लिए कूटनीतिक प्रयास भी तेज़ कर दिए गए हैं। मंगलवार को ही रूसी विदेशमंत्री सर्गेई लावरोव और अमेरिका के विदेशमंत्री टोनी ब्लिंकेन के बीच लंबी वर्चुअल बातचीत हुई। मतदान के जरिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की एक विशेष बैठक बुलाने पर भी प्रस्ताव पास किया गया। इधर आज व्लादिमीर पुतिन चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से बातचीत करने वाले हैं। यह तय है कि यूक्रेन के मसला इस बातचीत के केन्द्र में होगा। यूएन की बैठक में रूस के पक्ष में वोट करके चीन खुलकर रूस के साथ आ खड़ा हुआ है। वैसे भी दोनों पक्षों के आपसी हित और कारोबारी रिश्ते कुछ इस क़दर उलझे हुए हैं कि कोई भी पक्ष युद्ध का जोख़िम मोल नहीं लेना चाहेगा। व्लादिमीर पुतिन भले ही कितनी भी आक्रामकता दिखाएँ, पर वे युद्ध से होनेवाले नुक़सान से भी भली भांति अवगत होंगे। 2012 में दोबारा राष्ट्रपति चुने जाने के बाद से वे हर क्षण इस बात के लिए कटिबद्ध दिखते रहे हैं कि रूस को महाशक्ति होने का उसका खोया रुतबा वापस दिला सकें। रूस की माली हालत कोई बहुत अच्छी नहीं है। नाटो गठबंधन से जुड़े यूरोप के बहुत से ठंडे देश रूस से सप्लाई होनेवाली प्राकृतिक गैस के ग्राहक हैं। रूस के साइबेरिया प्रांत में गैस का अकूत भंडार है। रूस की सरकारी कंपनी 'गैजप्रोम' पाइपलाइन के जरिए यह गैस यूरोप के कई देशों को भेजती है। यूरोप की जरूरत की एक तिहाई गैस साइबेरिया से आती है। रूस की अर्थव्यवस्था काफी हद तक इस सप्लाई से होनेवाले मुनाफ़े पर टिकी हुई है। यह पाइपलाइन यूक्रेन की ज़मीन के नीचे से होकर गुजरती है, इसलिए रूस को इसकी कमाई का एक हिस्सा यूक्रेन को देना पड़ता है। चूंकि यह सप्लाई लाइन जर्जर हो रही थी, इसलिए पिछले दशक में रूस और जर्मनी के बीच एक बड़े समझौते के तहत नार्ड स्ट्रीम-2 परियोजना तैयार की गई। इस प्रोजेक्ट के तहत बाल्टिक सागर के नीचे 1200 किमी लंबी पाइपलाइन बिछाई गई, जो यूक्रेन को बाईपास करते हुए सीधे जर्मनी को जोड़ती है।

अब हुआ ये है कि इससे यूक्रेन को होनेवाली आय रुक गई है और यूरोप को अमेरिका से महँगी गैस खरीदने से भी निजात मिल गई है। अमेरिका और यूक्रेन इसीलिए रूस से चिढ़े बैठे हैं। अमेरिका को यह बात भी अखर रही है कि यूरोप के बहुत से ताकतवर देश रूस पर निर्भर होते चले जा रहे हैं। अमेरिका और ब्रिटेन भले ही यूक्रेन के बहाने रूस पर जितना भी दबाव डालें, पर यूरोप के अधिकांश देश चाहते हैं कि यह मसला कूटनीतिक तरीके से जल्दी सुलझाकर तनाव कम किया जाए। ख़ासकर जर्मनी इसके लिए हरसंभव कोशिश कर रहा है। जर्मनी नाटो का एक शक्तिशाली देश है, इसलिए उसकी उपेक्षा करना अमेरिका के लिए संभव नहीं है।

पाठकों की बात
पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

संगत किया फक़ीर का तो निर्मोही

संगत किया फकीर का तो निर्मोही तुझे बना देगा संगत किया कवि का तो कविता तुझे बना देगा तू संगत करना तितली की तेरी पंखुडियां वो सजा देगी संगत देगी फूलों की पराग छिड़क तुझको भी फूल बना देगी।
प्रीति श्रीवास्तव

मूर्तिकार अब चुपचाप बैठा था

मूर्तिकार अब चुपचाप बैठा था। उसके हाथों में चिपकी सनी मिट्टी सूख कर झरने लगी थी। उसे

मालूम था की अब इस देश में माटी नहीं रही। रेत- ही-रेत। प्रतिमा के अंतिम सौन्दर्य की कल्पना में वह अंदर ही अंदर मर रहा था।
शेष अमित

खास पाती

मुफलिसी दंगाई अत्याचार है

मुफलिसी, दंगाई ,अत्याचार है। जनता सारी रोजी से लाचार है कुछ विचारों हल निकालो मिल सभी, छा गया अब लोकतंत्र त्यौहार है। बारी बारी से हैं कुर्सी थामते, नेताओं के हम सभी शिकार है। हम हैं बुलबुल गुलसिताँ इस हिन्द के, बीच मे मजहब की क्यों दीवार है। हित तुम्हारा तुम ही देखो, उनको क्या, कुर्सी खातिर लड़ रही सरकार है। चच्चा बप्पा, दीदी, बहिनी एक सब एक जनता ही बड़ी लाचार है। **रानी इन्दु**

हम साथ चले सच के पथ पे

हम साथ चले सच के पथ पे, फिर झूठ यहाँ हर हाल डरे। मन से मन का जब मेल करो, तब घाव सभी तत्काल भरे। दुख दर्द लिखे तक़दीर सभी, मन तो न कभी पर धीर धरे। हम राम भजे, हम श्याम भजे, दुख ओ दुविधा फिर आप टरे।
सुरेश पसारी

खुशहाली की अविरल धारा बहे

खुशहाली की अविरल धारा बहे सदा ये जतन करू पावन भूमि मेरे देश की, शीश झुकाऊं नमन करूं कण कण से मोती उपजाऊं, कण कण से पाऊं सोना धन-दौलत, वैभव से पूरित हो हर घर, कोना कोना देश का हित हो सबसे ऊपर निज स्वार्थो का दमन करूं पावन भूमि मेरे देश की कोयल के स्वर सदा सुनाई दे बागो में उपवन में और जंगल में हो मंगल बेखोफ पशु घूमें वन में मेरे देश की हवा स्वच्छ हो और न दूषित पवन करूं पावन भूमि मेरे देश की मेरे देश की धरती गाती गाथा शौर्य पराक्रम की इस धरती में खेती होती मेहनत और परिश्रम की रोज रोज नतमस्तक होकर वन्दन तेरा वतन करू पावन भूमि मेरे देश की। **शालिनी शर्मा**

आप भले फब्तिया कसे आलू से सोना

आप भले फब्तिया कसे आलू से सोना या मंदबुद्धि बच्चा है वगैरह वगैरह पर ये सीधे तुम्हारे सनातनी आत्मा और राष्ट्रवाद और अस्मिता पर हमला कर रहा है !!! आप लोगों को क्या लगता है इसको सुनने और मानने वाले कि कमी होगी देश में ? कन्हैया के आने के बाद अब ये सबसे पुरानी पार्टी समाप्त हो चुकी है और वामपंथ मे मर्ज हो चुकी है।
अंबर अनिल दानी

बहनों को हैं भाते भाई

बहनों को हैं भाते भाई। हँसते और हँसाते भाई।। सूरज -चंदा जैसे होते, तम को स्वयं मिटाते भाई। राखी के धागों में बँधकर, हर उलझन सुलझाते भाई। आँधी,पानी,आतप ग़म का, सबसे सदा बचाते भाई। प्रश्न सभी हल कर देते हैं, मुश्किल दूर भगाते भाई। हितचिंतक होते हैं लेकिन, गाना कभी न गाते भाई। शूल हटाते हैं राहों सें, फूलों से मुस्काते भाई। सुख-दुख में सँग हँसते रहते, मित्र-सखा बन जाते भाई। जब मायूस 'अधर' दिल होता, ख़ुशियाँ भर-भर लाते भाई।। **शुभा शुक्ला मिश्रा**

दम साध कर बैठा है क्यों थक

दम साध कर बैठा है क्यों थक कर तू नामुराद चलना है जीवन में, क्यों भूला है तू आज। कर बुलंद इरादे कि तू है मजलूम ऐ दोस्त किस्मत से लड़ और बजा हिम्मत के तू साज। दुनिया भी होगी मुठ्ठी में क्यों घबराया तू है बनकर इंसान जब दुनिया में आया ही तू है लड़ना तुझे होगा और चलना भी तुझे होगा। क्यों रोना इस बात का कि तुने क्या है भोगा। मातम हटा चेहरे से कि दुनिया बनावटी बड़ी है, हँसी देखती है बस, दुख की तेरे यहाँ किसे पड़ी है।
दिव्या राकेश शर्मा

QUIZ TIME

1) रेलमंत्री द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार देश का पहला केन्द्रीकृत वातानुकूलित रेल टर्मिनल किस शहर में बनाया गया है?

2) फरवरी 2021 में एसबीआई भुगतान सेवा लिमिटेड ने भारत में व्यापारी भुगतान के डिजिटलीकरण का विस्तार करने के लिए कौन-सा ऐप लॉन्च करने की घोषणा की?

3) कामेंग जल विद्युत परियोजना की चौथी इकाई ने व्यावसायिक रूप से परिचालन प्रारंभ कर दिया। यह परियोजना किस राज्य में स्थित है?

4) फरवरी 2021 में किस राज्य सरकार ने 'मुख्यमंत्री विज्ञान प्रतिभा परीक्षा' छात्रवृत्ति योजना की शुरूआत की?

5) अप्रैल 2021 में प्रकाशित 'ब्यूटीफुल थिंग्स' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?

Ramaquiz

उत्तरमाला-(1) बेंगलुरु (2) योनो मर्चेंट ऐप (3) अरुणाचल प्रदेश (4) त्रिपुरा (5) हंटर बाइडेन

आज का इतिहास

नयी दिल्ली (वार्ता)। भारत और विश्व इतिहास में 04 फरवरी की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं:- 1628- शाहजहां को आगरा में मुगल बादशाह का ताज पहनाया गया। 1922- भारतीय शास्त्रीय संगीत के चितेरे भारत रत्न पंडित भीमसेन जोशी का जन्म। 1938- कत्थक नृत्य के देश के महान साधक बिरजू महाराज का जन्म। 1948- सिलोन (अब श्रीलंका) को ब्रिटेन से आजादी मिली। 1973- भारत के सबसे बड़े मर्चेंट पोत जवाहर लाल नेहरू का उद्घाटन। 1974 -भारतीय फ़िल्म अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर का जन्म। 1974- महान भौतिकशास्त्री सत्येंद्र नाथ बोस का निधन। 1976- ग्वाटेमाला में भीषण भूकंप में 23,000 लोगों की मौत हो गई और 75,000 से ज्यादा जख्मी हुए। 1990- केरल का एर्नाकुलम ज़िला देश का पूर्ण साक्षर ज़िला घोषित। 1994- अमेरिका ने वियतनाम के खिलाफ लगाए गए व्यापारिक प्रतिबंध समाप्त किए। 1997- इस्राइल की सेना के दो हेलिकॉप्टर उत्तरी इस्राइल में टकराए। 1998- अफगानिस्तान के पूर्वोत्तर इलाके में भूकंप से चार हजार से ज्यादा लोगों की मौत। 2001- तिब्बत की निर्वासित सरकार ने ऐलान किया कि भारत ने करमापा लामा को शरणार्थी का दर्जा दे दिया है। वह जनवरी 2000 में किशोरावस्था में भारत चले आए थे। 2003- यूगोस्लाविया ने आधिकारिक तौर पर अपना नाम बदलकर सर्बिया और मोंटेनेग्रो किया। 2002 - प्रसिद्ध फ़िल्म अभिनेता भगवान दादा का निधन। 2004- फेसबुक को लांच किया गया। 2007- अमेरिका के पूर्व उपराष्ट्रपति अलगोर को संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण पुरस्कार मिला।

स्ट्रीट चिल्ड्रेन की होगी पहचान, विभिन्न सरकारी योजनाओं से किया जायेगा लाभान्वित

डीसी ने अधिकारियों को दिये निर्देश, मांगी रिपोर्ट

मेदिनीनगर, पलामू : समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्तियों को लाभ देने के लिए सरकार के साथ-साथ पलामू जिला प्रशासन प्रयत्नशील है। पलामू जिला प्रशासन की पहल से जिले में स्ट्रीट चिल्ड्रेन की पहचान की जायेगी और उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जायेगा। योजनाओं का लाभ देकर स्ट्रीट चिल्ड्रेन का उत्थान किया जायेगा। इस संबंध में उपायुक्त शशि रंजन ने अधिकारियों को निदेश दिया है। उन्होंने जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, एसडीपीओ-सह-एसजेपीयू शहरी के प्रभारी, श्रम अधीक्षक, प्रखंड विकास पदाधिकारी, नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी, रेलवे के स्टेशन मास्टर/ अधीक्षक, रेलवे थाना प्रभारी, बाल विकास परियोजना प्रदाधिकारी, तेजस्विनी परियोजना के जिला समन्वयक, एक्शन एड एसोसिएशन के जिला समन्वयक, चाईल्ड लाईन के निदेशक/ समन्वयक, चाईल्ड लाईन सर्विर्स सब सेंटर के निदेशकों को स्ट्रीट चिल्ड्रेन की पहचान करते हुए प्रतिवेदन उपलब्ध कराने की बातें कही है। उपायुक्त ने स्ट्रीट चिल्ड्रेन की पहचान के बाद चिन्हित बच्चों को जिला स्तर पर राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पोटर्ल बाल स्वराज के एनसीपीसीआर डॉट जीओभी डॉट इन/ सीआईएसएस में प्रविष्टि करते हुए विभिन्न सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाना है। ऐसे में स्ट्रीट चिल्ड्रेन की पहचान किया जाना आवश्यक है। स्ट्रीट चिल्ड्रेन की श्रेणी में सड़कों पर रहने वाले परित्यक्त बच्चे, सड़कों पर रहने वाले दिव्यांग बच्चे, सड़कों पर रहने वाले अनाथ बच्चे, बालश्रम, कामकाजी बच्चे, बाल भिखारी, कचरा चुनने वाले बच्चे, रेलवे स्टेशन पर रहने वाले बच्चे, जो स्टेशनों के प्लेटफॉर्म पर इधर-उधर काम करते हैं और रहते हैं। सड़कों/ फुटपाथों/ बस-स्टैंड/ रेलवे स्टेशनों आदि पर परिवार के साथ जीवन व्यतीत कर काम करने वाले बच्चे, झुग्गियों/झोपड़ियों पर में रहने वाले परिवार, जो सड़कों तथा निर्माण स्थलों पर काम कर रहे तथा उनके साथ रहने वाले बच्चे, पयर्टन, आकर्षर्ण केन्द्र के क्षेत्र में घुमने तथा रहने वाले ऐसे बच्चे जो परिवार के साथ अथवा अकेले रहे रहे हैं, सहोदर भाई-बहन, जो गलियों/सड़कों पर रह रहे हो और जिन्हें देखभाल एवं संरक्षण की आवश्यकता है।

मदक पदार्थ का सेवन करने वाले बच्चे, सड़कों/गलियों में प्रदशर्न करने वाले बच्चे, ऑटोमोबाईल एवं गाड़ियों की सफाई करने वाले बच्चे आदि अन्य तरह से रह रहे बच्चों को शामिल किया जायेगा। विदित हो कि पलामू के हरेक जरूरतमंद व्यक्तियों को सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किये जाने को लेकर स्थानीय प्रशासन निरंतर प्रयास कर रही है। प्रखंड-अनुमंडल में शिविर लगाकर लाभ देने की बात करें या फिर जनता दरबार आयोजित कर। लोगों के सहयोग और उत्थान के लिए स्थानीय प्रशासन हर संभव प्रयास करने में जुटी है।

सरकार की ओर से जारी की गयी गाइडलाइन का पालन करें : उपायुक्त

मेदिनीनगर, पलामू : जिले के उपायुक्त शशि रंजन ने पलामू वासियों से राज्य सरकार द्वारा जारी कोरोना गाइडलाइन्स का पालन करने की अपील की है। उन्होंने सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन्स की जानकारी देते हुए कहा कि जिले में आगामी 4 फरवरी से कक्षा एक एवं इससे ऊपर की कक्षा के संचालन की अनुमति दी गई है।

वहीं जिले में कोचिंग संस्थान के खोलने की भी अनुमति दी गयी है। उन्होंने बताया कि उच्च शिक्षा के संस्थान जैसे कॉलेज, यूनिवर्सिटी, आई टी आई के खोलने की अनुमति दी गयी। इसके अलावे सभी जिम, खिलाड़ियों के लिए स्विमिंग पूल और स्टेडियम खोलने की भी अनुमति दी गयी है वहीं बिना दर्शक के खेलकूद आयोजित करने की अनुमति है। खुले में 200 से अधिक व्यक्ति का एकत्रित होना प्रतिबंधित होगा।बंद जगह में 200 से अधिक व्यक्ति या जगह की 50 % क्षमता, जो कम हो, का एकत्रित होना प्रतिबंधित होगा।

भारत सरकार, राज्य सरकार एवं अन्य के द्वारा आयोजित ऑफ़लाइन परीक्षा की अनुमति दी गयी। विद्यालय मे अनु मान्य कक्षा में तथा उच्च शैक्षणिक संस्थानों जैसे यूनिवर्सिटी, कॉलेज,आई टी आई में ऑफलाइन परीक्षा की अनुमति दी गयी है।सभी सरकारी और निजी कार्यालय में शत प्रतिशत कर्मी की उपस्थिति की अनुमति दी गयी है। सभी पार्क और पर्यटन स्थल अभी बंद ही रहेंगे।रेस्ट्रॉ, बार, सिनेमा हाल, दुकान एवं शॉपिंग माल में एक समय में क्षमता का 50% से अधिक व्यक्ति उपस्थित नहीं रहेंगे। सभी दुकान(रेस्तरां, बार, दवा की दुकान, पेट्रोल पम्प को छोड़कर) अधिकतम 8 बजे अपराहन तक ही खुलेंगे। मेले,जुलूस और प्रदर्शनी प्रतिबंधित रहेंगे। भारत सरकार के आदेश के आलोक में सार्वजनिक स्थल पर मास्क पहनना अनिवार्य रहेगा।

भारत सरकार के आदेश के आलोक में सार्वजनिक स्थल पर दो गज की दूरी(सामाजिक दूरी) का अनुपालन किया जाना भी अनिवार्य रहेगा। उन्होंने कहा कि उक्त आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों/ प्रतिष्ठानों/ संस्थानों के विरुद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 51 से 60 के तहत एवं भारतीय दंड संहिता,1860 के सेक्शन 188 के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

खबर का असर : कसीयाडीह गांव का पुल बनेगा बहुत जल्द, पलामू एसपी

विकास से कोसों दूर है कसीयाडीह गांव, पुल के अभाव में अधिक दूरी तय करते हैं ग्रामीण

पलामू : तरहसी प्रखंड के कसमार पंचायत कसीयाडीह गांव में पुल नहीं होने के कारण ग्रामीण इलाकों के लोगों की जिन्दगी नारकीय बनी हुई है पंचायती राज से लोगों को काफी उम्मीदें थी कि अब गांव के विकास दिन बहुरंगे। लेकिन पंचायती राज के दस साल के कार्यकाल के बाद भी स्थिति जस के तस की बनी हुई है। दैनिक नव प्रदेश खबर में छपने के बाद पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने दैनिक पत्रकार पिंटू कुमार को फोन कर आश्वस्त किए की बहुत जल्द अपने माध्यम से पुल को बनाया जाएगा। विदित हो कि अन्य दिनों में तो काम चल जाता है परंतु वर्षा के दिनों में काफी परेशानी होती है। अगर यहां पुल बन जाता तो, कसमार ओपी पुलिस पिकेट, मिटार, पसहर, नवगढ़, आदि गांवों पांकी से सीधे जुड़ जाएंगे। बारिश के दिनों में कसीयाडीह के अन्य गांवों के लोगों का संपर्क पांकी से कट जाता है। नदी में पानी आ जाने के कारण उक्त गांवों की दूरी सात से दस किमी बढ़ जाती है। पलामू एसपी के प्रयास से ग्रामीणों को समस्याओं से मिलेगी निजात। ग्रामीणों में खुशी एसपी को किया धन्यवा । दरंजन यादव, रामदेव मांझी, जगदीश महतो, राजकुमार पासवान, अभिषेक कुमार,पवन सिंह, श्रीकांत कुमार, लालदीप पासवान, मनीष कुमार, जितेंद्र, पार्वती देवी सहित ग्रामीण।

गढ़वा जिला में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के मामले को उठाया

मेदिनीनगर पलामू : पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत गढ़वा जिला देश के 112 आकांक्षी जिलों में से एक है जहां चिकित्सीय सुविधा का घोर अभाव है। साधारण सी बीमारी के इलाज के लिए भी करीब 180 किलोमीटर दूर रांची जाना पड़ता है। माननीय प्रधानमंत्री जी ने एवं माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी की यह मंशा है कि देश के गरीबों एवं ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों को सस्ती और अच्छी स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध हो सके, ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए। उनकी यह भी मंशा है कि प्रत्येक जिला मुख्यालय में कम से कम एक मेडिकल कॉलेज होना चाहिए। गढ़वा जिला के अन्तर्गत कोई भी मेडिकल कॉलेज नहीं है। माननीय सांसद ने कहा कि आपके माध्यम से माननीय मंत्री डॉ० मनसुख एल० मांडवीया, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के गढ़वा जिला में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जाय।

विद्यालयों खोलने संबंधी फैसला स्वागत योग्य

मेदिनीनगर, पलामू : मैं झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री माननीय जगन्नाथ महतो जी को धन्यवाद देते हुए राज्य में संगठित तमाम गैर मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों के संगठनों विद्यालय संचालकों एवं झारखंड इंडिपेंडेंट स्कूल अलायंस के तमाम सम्मानित पदाधिकारियों एवं सदस्यों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं कि जिनके प्रयास से विद्यालय खुलने के निर्णय आए हैं। विशेष करके जीसा के बैनर तले लगातार किए गए आंदोलन जिसमें उपवास, सर्वधर्म प्रार्थना, अनेको ज्ञापन, कई बैठकें, सरकार से वातालार्प, विधानसभा समक्ष धरना एवं राज्य भर के छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं विद्यालय संचालकों के द्वारा मुख्यमंत्री के नाम पोस्ट कार्ड से स्कूल खोलने का अनुरोध करना शामिल है। गत दिन राज्य सरकार द्वारा झारखंड राज्य के 17 जिलों में कोरोना के मामले को आधार बनाकर पहली कक्षा से लेकर ऊपर की कक्षाओं को खोलने का निर्देश दिया गया एवं शेष 7 जिलों में संक्रमण दर के मद्देनजर केवल ऊपरी कक्षाओं को खोलने का निर्देश दिया गया है। मेरा मानना है और माननीय शिक्षा मंत्री महोदय से आग्रह होगा की उन सात जिलों में भी कोरोना गाइडलाइन का पालन कराते हुए उपस्थिति को कम कर विद्यालय खोलने का आदेश दें ताकि कहीं खुशी कहीं गम का माहौल ना बने और हम सब उन सात जिलों के साथ देश के भविष्य को लेकर नव निर्माण में लग जाएं। साथ ही साथ राज्य में संचालित प्ले स्कूलों को खोलने के संबंध में भी सरकार विचार करें। मैं पुनः राज्य सरकार के निर्णय का स्वागत करते हुए 17 जिलों के विद्यालय संचालकों से अनुरोध करता हूं कि अभी भी केंद्र सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग के दिशा निर्देशों का अक्षरसः पालन करते हुए विद्यालय संचालन के कार्यों में लग जाएं एवं शेष 7 जिलों के विद्यालय संचालकों से भी आग्रह है कि जैसे हम सबों ने एक सौ सप्ताह तक धैर्य रखा तो एक सप्ताह और सही मगर इस बीच अपने संस्थानों को सुव्यवस्थित करते हुए विश्वास रखें कि बहुत जल्द सिर्फ जिले और राज्य ही नहीं देश के साथ पूरी दुनिया से कोरोना का नाश होगा और सरकार के संदेश पूरे राज्य के लिए सकारात्मक होंगे।

पलामू के केन्द्रीय पुस्तकालय में खरीदी जायेगी पुस्तक

मेदिनीनगर, पलामू : केन्द्रीय पुस्तकालय में जल्द ही विभिन्न प्रतियोगी पुस्तकों की खरीद की जायेगी। इसकी कवायद तेज कर दी गयी है। पुस्तक आपूतिर्कताओं से शीघ्र प्रस्ताव आमंत्रित किये जायेंगे। जिला शिक्षा पदाधिकारी उपेन्द्र नारायण ने बताया कि केन्द्रीय पुस्तकालय में प्रतियोगी छात्र-छात्राओं की तैयारी करने हेतु विभिन्न प्रकार की पुस्तकों की सूची तैयार की गई है। सूची के अनुरूप आपूतिर्कताओं से प्रस्ताव आमंत्रित किये जाने हेतु निविदा की प्रक्रिया चल रही है। निविदा के बाद पुस्तकों की खरीद होगी, जिससे पुस्तकालय में आकर अध्ययन करने वाले विद्याथिर्यों को तैयार करने में और सहुलियत होगी। साथ ही शुद्धि पाठकजनों को भी इस पुस्तकालय से अधिकाधिक लाभ हो पायेगा। वहीं केन्द्रीय पुस्तकालय में परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं के लिए प्रमुख केन्द्र बनकर सामने आयेगा। पुस्तकालय में समसामयिक पुस्तकों की भी खरीद होगी। वहीं सिविल सविर्स, बैंकिंग, एसएससी, जेपीएससी आदि प्रतियोगी परीक्षाओं में उपयोगी साबित होगी। उपायुक्त शशि रंजन ने बताया कि केन्द्रीय पुस्तकालय में पुस्तकों की खरीद से प्रतियोगी परीक्षाथिर्यों के साथ-साथ आम शुद्धि पाठकों को फायदा होगा। केन्द्रीय पुस्तकालय से बेहतर स्थान पर अवस्थित है। इसके समय में परिवतर्न एवं संसाधन उपलब्ध किये जाने से पाठकगणों को अध्ययन करने में सुविधा हुई है। साहित्य समाज के समीप स्थित केन्द्रीय पुस्तकालय प्रतियोगी परीक्षाथिर्यों के लिए बड़ा केन्द्र बन गया है। कोरोना संक्रमण काल को छोड़ दें, तो प्रतिदिन इस लाइब्रेरी में प्रतियोगी छात्र-छात्राओं के साथ-साथ सुधी पाठकों का आना होता है। विदित हो कि पलामू जिला प्रशासन के प्रयास से जीणोद्धार के बाद केन्द्रीय पुस्तकालय अगस्त 2019 को बदले हुए स्वरूप में पाठकों के बीच स्थापित हुआ। स्थानीय प्रशासन के प्रयास से इसमें संसाधन के साथ-साथ पाठ्य पुस्तकों की बढ़ोतरी हुई। प्रमंडलीय आयुक्त जटा शंकर चैधरी ने पिछले दिनों पुस्तकालय में का निरीक्षण कर व्यवस्था सुधारने एवं प्रतियोगी विद्याथिर्यों की मांगा एवं उनकी भावनाओं को ध्यान में रखकर पुस्तकालय के समय में बढ़ोतरी कराई थी। साथ ही पुस्तकों की खरीद का निदेश दिया था।

हैंडपंप की समाजसेवी ने करायी मरम्मत

हरिहरगंज पलामू : प्रखंड क्षेत्र के तूरी पंचायत अंतर्गत तेतरिया टोला गिद्दी गांव में खराब हैंडपंप होने के कारण लोगों को पेयजल की किल्लत से मोहल्ले वासीयो को पानी की समस्या हो रही थी। इसे लेकर ग्रामीणों ने समाजसेवी अमरेश कुमार यादव उर्फ रवि जी को इसकी जानकारी दी। समाजसेवी रवि यादव ने निजी खर्चे से हैंडपंप की मरम्मत करायी। तब लोगों को पानी की समस्या से राहत मिली। वहीं समाजसेवी के द्वारा कंबल वितरण सहित कई सराहनीय कार्य किए गए हैं। खराब पड़े हैंडपंप को स्वयं के खर्चे से चालू कराया गया है। समाजसेवी अमरेश यादव ने बुधवार को मिस्त्री बुलाकर खराब हैंड पंप के हेड, बैरिंग, चैन, नट बोल्ट आदि बदलवकार हैण्डपम्प की मरम्मत करायी। अमरेश यादव उर्फ रवि जी ने कहा कि पंचायत क्षेत्र में कहीं भी खराब चापाकल है, तो जानकारी दें। तुरंत मरम्मत करवाई जाएगी। इस मौके पर शैलेश राज, विजय यादव , किसुन यादव, रामाशीष भुइयां, उपेंद्र भुइयां, नीरज भुइयां, शंकर भुइयां, अरविंद भुइयां, लालदेव भुइयां, राजू भुइयां, मोती भुइयां आदि उपस्थित थे ।

थानेदारों एवं प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारियों को दी गयी इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डेटाबेस ऐप की ट्रेनिंग

मेदिनीनगर पलामू : जिले में सड़क हादसों की रोकथाम एवं घायलों को समय से उपचार मुहैया कराने एवं समस्त सूचनाएं ऑनलाइन करने के उद्देश्य से गुरुवार को एनआईसी के सभागार में विभिन्न थानेदारों एवं प्रखंड के चिकित्सा पदाधिकारियों को इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डेटाबेस एप को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में डीआईओ रणबीर सिंह ने सभी चिकित्सा पदाधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों को इस एप पर प्रकाश डालते हुए बताया कि योजना से सरकार को सड़क दुर्घटनाओं के कारणों को समझने मदद मिलेगी। जिसमें पुलिस,परिवहन विभाग,व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी सम्मिलित रिपोर्ट दर्ज कर जल्द सड़क दुर्घटनाओं का समाधान करने के लिए भविष्य में कार्य करेंगे ।

उन्होंने आईआरएडी प्रोजेक्ट के उद्देश्य एवं होने वाले फायदों के बारे में बताया। रोल आउट मैनेजर अंजली ने प्रोजेक्ट की मोबाइल एवं वेब एप्लीकेशन के बारे में डाटा एंट्री का प्रशिक्षण दिया।प्रशिक्षण के दौरान सभी चिकित्सा पदाधिकारी ने स्वयं एप चलाकर जानकारी प्राप्त की।इस दौरान सूचना एवं विज्ञान प्राधिकारी रणवीर सिंह द्वारा सभी लोगों को ऐप के विभिन्न तकनीकी पहलुओं से भी अवगत कराया गया।

आईआरएडी एप के माध्यम से दुर्घटना स्थल से ही ऑन स्पॉट इंट्री की जा सकेगी।मौके पर ही एक्सीडेंट का फोटो लेकर उससे जुड़े तथ्य, व्यक्तियों व वाहन आदि की जानकारी भरी जा सकती है। जिले में एनआईसी की ओर से जिला सूचना पदाधिकारी रणबीर सिंह, जिला पुलिस के नोडल पदाधिकारी सुरजीत कुमार और डिस्ट्रिक रोल आऊट मैनेजर (डीआरएम) मैनेजर अंजली है। डीआरएम अंजली के अनुसार पोर्टल में फील्ड अफसर जैसे ही डिटेल डालेंगे।

वह थाना प्रभारी के लॉगिन में आ जाएगा। यहां से डीटीओ फिर एमवीआई के लॉगिन में जाएगा। एमवीआई फील्ड जांच कर लेंगे। वे जैसे ही अपनी रिपोर्ट अपलोड करेंगे, पुनः थाना प्रभारी के लॉगिन में चला जाएगा। सभी प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन रहेगी। सड़क दुर्घटना होने पर अगर मौके पर पुलिस के पहुंचने से पहले ही किसी हॉस्पिटल में घायलों को ले जाया जाता है तो फौरन वहां इलाज शुरू हो जाएगा। दरअसल हेल्थ विभाग को भी इस एप के माध्यम से जोड़ा गया है। सभी पीएचसी और सीएचसी को भी लॉगिन दिया गया है। ये अपने यहां भर्ती मरीज का डिटेल जैसे ही भरेंगे, संबंधित थाना प्रभारी को भी इसकी सूचना हो जाएगी मतलब अब घायलों को इलाज मिलने में और आसानी होगी। डीआईओ ने बताया कि घायल इलाज कहां हो रहा है। कौन-कौन सी दवा दी जा रही है इसका भी डिटेल अपलोड होता रहेगा।

5 ईंट भट्ठों में अवैध रूप से संचालित चिमनी को किया ध्वस्त

मेदिनीनगर पलामू : पलामू के खनन विभाग ने आज बड़ी कार्रवाई करते हुए 5 ईंट भट्ठों में अवैध रूप से संचालित चिमनी को धवस्त किया है। साथ ही ईंट भट्ठा स्थल से जब्त उपकरणों की विवरणी तैयार करते हुए आरोपितों के खिलाफ रामगढ़ थाने में प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार एवं रामगढ़ के पुलिस अवर निरीक्षक संजय कुमार ने स्थानीय पुलिस प्रशासन की मदद से यह कार्रवाई की है। अवैध ईट मिट्टी के उत्खनन एवं ईंट निर्माण/व्यापार पर रोकथाम को लेकर जिला खनन पदाधिकारी द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर आज रामगढ़ थाना क्षेत्र के हुटार, छितरा एवं बांसडीह में स्थलीय निरीक्षण सह छापेमारी की गई। इस क्रम में ईंट भट्ठा मालिकों द्वारा अवैध रूप से ईंट मिट्टी का उत्खनन/भंडारण एवं परिवहन कर अवैध रूप से संचालित चलंत चिमनी ईंट भट्ठा से ईट का निर्माण कार्य यथा ईंट की पथाई, बोझाई/पकाई किया जाता हुआ पाया गया। जिनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए इन स्थलों से इस कार्य में प्रयुक्त उपकरणों को जब्त किया गया। जब्त उपकरणों की जब्ती सूची तैयार करते हुए प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया की जा रही है। रामगढ़ थाना क्षेत्र के हुटार के संतोष चंद्रवंशी, पप्पू चंद्रवंशी के ईंट भट्ठों पर कार्रवाई हुई है। वहीं हुटार के ही दिलीप चंद्रवंशी, छितरा के सुरेश प्रसाद साव एवं बासंडीह के अवधेश साव, जवाहिर सिंह एवं पंकज जयसवाल का नाम शामिल है। बताया गया कि इन ईंट भट्ठा मालिकों द्वारा अवैध रूप से ईंट, मिट्टी का उत्खनन/भंडारण एवं परिवहन कर अवैध रूप संचालित चलंत चिमनी ईंट भट्ठा से ईंट का निर्माण कार्य यथा ईंट पथाई/बोझाई/पकाई किया जाता है, जो खान एवं खनिज अधिनियम एवं उसके विभिन्न धाराओं के विरूद्ध दण्डनीय अपराध है। विदित हो कि उपायुक्त शशि रंजन ने पिछले दिनों जिला खनन टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक के दौरान अवैध खनन पर सख्त कार्रवाई करने का निदेश दिया था। इसी के अनुपालन में जिला खनन पदाधिकारी ने छापेमारी करते हुए उक्त कार्रवाई की है। जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अवैध रूप से ईंट मिट्टी के उत्खनन कर चलंत चिमनी ईंट भट्ठा से ईंट निमार्ण/कारोबार तथा अन्य खनिजों के अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। अवैध कार्य पर पूणर्तया रोक लगाई जायेगी। इसके लिए खनन विभाग की कार्रवाई नियमित रूप से की जायेगी, ताकि अवैध कारोबार पर रोक लगाई जा सके।

गरीबों के हित में नही है बजट : अविनाश देव

मेदिनीनगर पलामू : कल भारत सरकार के वित्त मंत्री द्वारा बजट पेश किया गया। सभी प्रबुद्ध जनों ने अपने विचार व्यक्त किए इसी कड़ी में संत मरियम स्कूल के चेयरमैन, माटी कला बोर्ड झारखण्ड के सदस्य, सह मेदिनीनगर नगर निगम के ब्रांड एंबेसडर श्री अविनाश देव ने कहा कि यह बजट आम लोगों के हित में नही है ' उम्मीद के अनुरूप बजट के न होने से गरीबों को बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। आम जनमानस को बजट से ढेरों उम्मीदें होती है इसलिए इसे सरल सहज बनाना चाहिए था तब जाकर यह बजट आम लोगों के हित में होता है। मध्यमवर्गीय परिवारों को स्वास्थ्य, शिक्षा रोजगार, आदि क्षेत्रों में बेहतर सुविधा की आवश्यकता होती है। परंतु इस बजट में सोना, चांदी के दाम कम करके यह सिद्ध कर दिया कि यह कारपोरेट घरानों के हित में है जहां उन्हें व्यापार के लिए सस्ते कच्चे माल और टैक्स सम्बंधी अनेक रियायते प्रदान की गई है। कोरोना के कारण धराशाई शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु सार्थक पहल न करना, साथ ही साथ अनियंत्रित महंगाई को कम करने हेतु बेहतर कार्य योजना को बजट में शामिल न करना देश हित के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है।

विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : सुखदेव भगत

लोहरदगा में जल्द मनरेगा लोकपाल की होगी नियुक्ति

लोहरदगा : झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक सुखदेव भगत गुरुवार को लोहरदगा उप विकास आयुक्त से मुलाकात कर लोहरदगा में चल रहे विकास योजनाओं के संदर्भ में विचार विमर्श किए। उन्होंने उप विकास आयुक्त को बताया कि मनरेगा में काम किए हुए समान श्रेणी के मजदूरों को लगभग तीन माह से मजदूरी का भुगतान नहीं हो रहा है जिसके कारण समान श्रेणी वर्ग के मजदूरों को अपना भरण-पोषण करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इन मजदूरों का भुगतान शीघ्र कराया जाए। मनरेगा योजना समय से पूरा नहीं हो रहा है उस पर विशेष ध्यान दें। सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इस मामले में कोई भी कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही कहा कि झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री आलमगीर आलम ने मनरेगा की समस्याओं का समाधान करने के लिए 17 जिलों में मनरेगा लोकपाल का नियुक्ति किए हैं उसके लिए आलमगीर आलम को बधाई देते हैं। जल्द ही लोहरदगा जिला में भी मनरेगा लोकपाल की नियुक्ति कर दिया जाएगा जिसके बाद लोहरदगा जिला में मनरेगा के छोटी-छोटी समस्याओं का निदान करने में कोई समस्या नहीं आएगी। उपविकास आयुक्त ने सुखदेव भगत को बताया कि किसी तकनीकी वजह से समान श्रेणी वर्ग के मजदूरों का भुगतान केंद्र सरकार नहीं कर रहा है। तो वही सुखदेव भगत ने कहा कि वह इस मामले को लेकर ग्रामीण विकास विभाग के सचिव से वार्ता कर मजदूरों के भुगतान करने के लिए प्रयास करेंगे। मौके पर कांग्रेस नेता आलोक कुमार साहू भी उपस्थित थे।

आत्मनिर्भर भारत को साकार करने वाला बजट : सूरज प्रताप

कोडरमा : भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष कोडरमा सूरज प्रताप मेहता ने संसद में प्रस्तुत केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट सर्व समावेशी, विकासौन्मुख और दूरदर्शी सोच वाला बजट है। इसमें गांव, गरीब, किसान, युवा, महिला, छोटे उद्योग सबों के विकास की चिंता करते हुए बनाया गया बजट है। यह बजट भारत के अर्थव्यवस्था को और भी मजबूती प्रदान करने वाला बजट साबित होगा। इस बार के बजट में किसानों, उद्योगपतियों, आईटी सेक्टर, व्यवसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ- साथ 60 लाख बेरोजगार लोगों को नौकरी देने का प्रावधान लाकर शानदार बजट पेश किया है। यह बजट वैश्विक महामारी कोविड 19 से आए व्यवसायिक जगत में गिरावट को एक नए मुकाम देगा। एक लाइन में अगर कहा जाए तो यह आत्मनिर्भर भारत को साकार करने वाला बजट है।

सरकार के आदेशानुसार चंदवारा प्रखंड मुख्यालय शिविर का आयोजन किया

चंदवारा (कोडरमा) : प्रखंड मुख्यालय में दस दिवसीय में योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि अंचलाधिकारी राम रतन कुमार बरनवाल एवं विशिष्ट अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार यादव मौजूद थे। योगाचार्य योगी सुषमा सुमन ने मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि को योग पुस्तक देकर सम्मानित की योगी सुषमा सुमन ने मंत्रोच्चारण करके शिविर का उद्घाटन की मौके पर सीओ राम रतन कुमार बरनवाल ने कहा की अभी भागदौड़ की जिंदगी ऑफिशियल वर्क तनाव टेंशन से मुक्ति पाने के लिए खुशहाल रहने के लिए स्वस्थ रहने के लिए ओमीक्रोन से बचने के लिए सिर्फ एक ही रास्ता है वह है योग प्रत्येक व्यक्ति चाहे जहां भी हो यदि अपने शरीर के लिए सुबह 5:00 से 7:00 योग करेंगे तो वह व्यक्ति पूर्ण रूप से स्वस्थ रहेंगे। स्कूल कॉलेज में भी सब्जेक्ट का रूप में योग का पाठशाला होना भी चाहिए। वही बीडीओ संजय कुमार यादव ने कहा की योग बहुत हजारों वर्ष से पुरानी योग है। जो ऋषि-मुनियों ने हम लोग के बीच में एक पुस्तक में लिख कर भी गए हैं। और प्रत्येक ऋषि मुनि योग करके कई वर्षो तक जीवित रहते थे। आज खानपान दिनचर्या सही नहीं रहने के चलते आज सब की उम्र 50 ,60 वर्ष में ही अनेक प्रकार की बीमारियो का शिकार हो जाते है। इसलिए स्वस्थ रहने के लिए योग बहुत जरूरी है योगी सुषमा सुमन योगी प्रदीप कुमार सुमन योग शिविर में सबको 8 प्राणायाम और सूर्य नमस्कार और योगिगं जोगिंग एक्वा प्रेशर घरेलू उपचार आयुर्वेद पूरा डिटेल से योगी सुषमा सुमन के द्वारा बताया गया। और सिंहासन हस्या आसन कराके शांति पाठ के साथ शिविर का समापन किया गया। मौके पर कनीय अभियंता विकाश कुमार, रीना बरनवाल, विजय कुमार मोदी, सिकेंद्र राणा, जयकांत मोदी, मुन्ना बरनवाल, महेंद्र प्रसाद, सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

भाजपा कोडरमा का होगा अपना कार्यालय : प्रदीप वर्मा

झूमरी तिलैया (कोडरमा) : भाजपा प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष दीपक बंका कोडरमा जिला में भाजपा का जिला कार्यालय बनाने के लिए जमीन निरीक्षण एवं जमीन संबंधी चर्चा करने के लिए झुमरी तिलैया आए। कोडरमा जिला जिलाध्यक्ष नीतीश चंद्रवंशी, जिला महामंत्री अनूप जोशी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामचंद्र सिंह एवं जिला मीडिया प्रभारी चंद्रशेखर जोशी के साथ बैठक कर कोडरमा जिला में भाजपा कार्यालय के लिए जमीन के संबंध में वार्ता किए। सभी नेतागण दो तीन जगह जमीन देखने के लिए गए। एवं वहां का फोटो नक्शा एवं पेपर मुहैया कराने के लिए कहा। तत्पश्चात प्रदेश से आए नेतागण अन्य कार्य के लिए पार्टी के कार्य से देवघर के लिए प्रस्थान किए। रास्ते में मरकच्चो मंडल अध्यक्ष विजय यादव के आवास पर भोजन की व्यवस्था थी। भोजन करने के उपरांत एवं मरकच्चो मे भाजपा नेता बेदु साव, मण्डल महामंत्री सुनील यादव, यमुना यादव, आदि कार्यकताओं से मिलने के बाद देवघर के लिए प्रस्थान कर गए। इससे कोडरमा जिला के भाजपा कार्यकताओं में काफी हर्षोल्लास है। पार्टी के कार्यकताओं को पार्टी के संगठन का विस्तार करने में अपने जिला कार्यालय के मिल जाने से बहुत सहूलियत होगी और पार्टी का तेजी से विस्तार होगा। इसके लिए कोडरमा जिला के सभी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता तहे दिल से प्रदेश नेतृत्व को बधाई दिए।

हजारीबाग जेल में पकड़ाया कक्षपाल

हजारीबाग : जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारागार में गुरुवार की सुबह एक भूतपूर्व सैनिक कक्षपाल शत्रुघ्न ठाकुर के जूते से दो एंड्राइड फोन और दो की पैड फोन पकड़ाया। सिपाही शत्रुघ्न ठाकुर जेल में बंद पूर्व सांसद और मंत्री प्रभुनाथ सिंह का खास आदमी बताया जाता है। कक्षपाल पर एक बाहुबली बंदी को मोबाइल व की पैड पहुंचाने की तैयारी का आरोप लगा है। उसे हवलदार दिलीप कुमार ने पकड़ा। आज सुबह जब कक्षपाल के जूते को स्कैनिंग मशीन में डाला गया, तो मोबाइल और की पैड का खुलासा हुआ। सूचना पर कक्षपाल को हिरासत में ले लिया गया और उनसे पूछताछ की जा रही है।

शिष्य मुनि श्री 108 प्रणव सागर भव्य मंगल प्रवेश

झुमरी तिलैया (कोडरमा) : मुनि श्री 108 प्रणव सागर मुनिराज का हजारीबाग जैन मंदिर से भव्य मंगल विहार 1 फरवरी को हुआ और मुनि श्री का श्री दिगंबर जैन मंदिर कोडरमा में भव्य मंगल प्रवेश हुआ, जहाँ समाज के लोग शहर के मुख्य द्वार पर आगवानी समाज के अनेक भक्तों के साथ बच्चों के द्वारा नवीन जैन पांड्या के निर्देशन में अपना बेंड के द्वारा किया सकल जैन समाज ने भव्य मंगल आगवानी करते हुए बैन्ड बाजों के साथ शोभायात्रा में गुरु के जयकारों के साथ भव्य मंगल प्रवेश कराया। मंत्री ललित जैन सेठी ने बताया कि गुरूवर का यहाँ कुछ दिनों तक प्रवास रहेगा निवर्तमान पार्षद पिंकी जैन ने कहा कि झुमरी तिलैया धर्म नगरी है। और यहां पर संतों के चरण हमेशा पढ़ते रहते हैं। प्रतिदिन गुरु के अमृत प्रवचन से जिले में सुख शांति और धर्ममय वातावरण होगा। चित्र अनावरण, दीप प्रज्वलन, हजारीबाग से आये भक्तों द्वारा हुआ। जैन युवक समिति के अध्यक्ष राजीव जैन छाबड़ा ओर सक्रिय सदस्य अमित जैन सेठी पाद प्रक्षालन करने का सोभाग्य प्राप्त किया।

मरकच्चो प्रखंड मुख्यालय में अंचल दिवस का आयोजन

मरकच्चो (कोडरमा) : प्रखंड मुख्यालय में अंचल दिवस कार्यक्रम का आयोजन दिन गुरुवार को किया गया। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कोडरमा एसडीओ मनीष कुमार ने किया। इस दौरान राजस्व, न्यायालय से संबंधित विभिन्न मामले जैसे धारा एक सौ सात, धारा एक सौ चौवालीस, एक सौ पैंतालीस और दाखिल- खारिज, सीमांकन, ऑनलाइन रेकॉड से संबंधित, सीएनटी परमिशन, भूमि अधिग्रहण, भू-हस्तांतरण, प्राकृतिक आपदा आदि मामलों का त्वरित गति से निष्पादन को लेकर मरकच्चो में गुरुवार को अंचल दिवस मनाया गया। तीन फरवरी से अंचल दिवस की शुरूआत की जा रही है। जिसके तहत मरकच्चो अंचल कार्यालय में अपराह्न बारह बजे से पहला अंचल दिवस का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर दाखिल खारिज, सीमांकन, भूमि अधिग्रहण समेत बिभिन्न प्रकार के दर्जनों आवेदन यहां के जनता जनार्दन द्वारा दिएगए जिसमें कम समय में सबों के मामले का निष्पादन का आस्वाशन दियागया। वहीं मौकेपर अंचलाधिकारी रामसुमन प्रसाद, सियाई आलोक शर्मा, राजस्व कर्मचारी राज कुमार राम, सनोज कुमार यादव, रामदेव हांसदा, नीतीश कुमार यादव, लिपिक कर्म चन्द्र चौधरी, धीरज पांडेय, अनुसेवक प्रेम गुप्ता, तालेवर राम, कम्प्यूटर ओपरेटर अजित बर्मा, अरबिंद दास,, समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

सरकार के दिशा निर्देश के अनुसार होगा लोहरदगा उर्स का आयोजन : अंजुमन

लोहरदगा : अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा की बैठक बुधवार देर शाम हुई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि इस वर्ष हजरत बाबा दुखन शाह का सालाना उर्स सरकारी दिशा निर्देश के अनुसार ही मनाया जाएगा। बैठक में अंजुमन के तमाम पदाधिकारियों व सदस्यों के द्वारा इस साल के उर्स को लेकर उर्स कन्वेनर का चुनाव ना करते हुए अंजुमन सदर हाजी अफसर कुरैशी व सेक्रेटरी सफदर आलम तथा कमेटी के मेंबरों के द्वारा ही उर्फ आयोजन की देखरेख की जाएगी। उर्स के आयोजन को लेकर अंजुमन इस्लामिया के सदर हाजी अफसर कुरैशी ने कहा कि उर्फ में इस वर्ष कव्वाली का भी प्रोग्राम रखा जाएगा। जिसको लेकर जल्द ही आगे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। वही अंजुमन सेक्रेटरी सफदर आलम ने कहा कि सरकारी मापदंडों के अनुसार कोविड-19 को देखते हुए हजरत बाबा दुखन शाह का सालाना उर्स आयोजन होगा। जहां चादर पोशी से लेकर अन्य सभी गतिविधियों में सरकारी मापदंड का पूरा ख्याल रखा जाएगा। बैठक में अंजुमन इस्लामिया के तमाम पदाधिकारी व सदस्य शामिल थे।

बारात आए युवक की कुंवे में मिला शव

उंटारी रोड : जिले के उंटारी रोड थाना अंतर्गत ग्राम करकटा में विश्वनाथ राम के कुंवा से सीता राम चंद्रवंशी के अठाईस वर्षीय पुत्र शिबू चंद्रवंशी का शव बरामद किया गया। जिसकी जानकारी मिलते ही उंटारी रोड थाने के एएसआई चंडी प्रकाश और टुनटुन पांडे मौके पर पहुंच कर शव को कुंवे से निकाल कर देखा तो मृतक के गले में चोट के निसान था वहीं मृतक के पॉकिट में शराब की बोतल और तंबाकू भी मिला है। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु एमएमसीएच भेज दिया, बताया जा रहा है की मृतक करकटा में बारात आया हुआ था। ज्ञात हो की उंटारी रोड थाना क्षेत्र के करकटा निवासी रविन्द्र मेहता की लड़की की बारात 28 जनवरी की रात्रि में नवा बाजार थाना क्षेत्र के राजहरा चेचनहार से संतोष मेहता पिता भीखम मेहता के यहां से आई थी।

निलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय का फैसला स्वागत योग्य : विदेशी पांडे

मेदिनीनगर पलामू : निलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के द्वारा लिया गया फैसला का स्वागत कर रहा हूं लेट चल रहें सेशन को स समय लाने का प्रयास कर रहे हैं,यस सहारनीय हैं, मगर अभी जो परिणाम घोषित किया गया उसमें काफी छात्रों को फेल किया गया और राजनीतिक विज्ञान विभाग के सभी छात्रों को फेल कर दिया गया हैं, इसमें कोइ सुधार नहीं किया गया यहीं छात्रों के भविष्य का चिंता हैं,विश्वविधालय प्रशासन ए प्रति कुलपति जी को अभी कोरोना में सरकार का गाइडलाइन था ऑनलाइन क्लास संचालित करवाने हेतु ऑनलाइन क्लास कितने महाविधालय लिए कभी इसका जायजा लिया विश्वविधालय प्रबंधन ने सच तो यह हैं,छात्रों के प्रति चिंतित नहीं,अपने जेब के प्रति चिंतित है, कुलपति और प्रतिकुलपति बिना आंदोलन के सुनते नहीं यू.जी.सी गाइड लाइन के तहत सभी छात्रों को प्रमोट कर आगे बढ़ाना था मगर इन्होंने उसमें से भी अधिक छात्रों का भविष्य बर्बाद कर दिए बैकलॉग के छात्र परीक्षा दिए मगर छात्रों के आंदोलन के बाद परिणाम घोषित किए उसमें भी 50% छात्रों को फेल कर दिए और महाविधालय को ळफभी मुहैया नहीं करवाया गया अभी तक जिससे छात्र परेशान हैं, छात्रों के भविष्य का ढोंग अब बंद करें पलामू जिले के छात्र समझ चुके हैं,की विश्वविधालय में छात्रों का भविष्य के चिंता करने वाले नहीं अपना जेब गरम करने वाले लोग है, विश्वविधालय में आंदोलन का रुप रेखा तैयार किया जा रहा हैं,अगर विश्वविधालय अंकपत्र को सुधार कर प्रकाशित नहीं करता हैं,बैकलॉग के छात्रों के साथ न्याय नहीं करता हैं, अगले सोमवार तक तो मंगलवार को उग्र आंदोलन होगा उग्र आंदोलन झेलने को तैयार हो जाएं ।

पूर्व विधायक के नेतृत्व में बनहा माइंस माफिया के खिलाफ किया थाना घेराव

चंदवारा : चन्दवारा थाना क्षेत्र के पुरनाडीह गाँव के बनहा मे मांइस संचालक दशरथ राणा के द्वारा थाना में झूठा मुकदमा कर ग्रामीणों को डराया धमकाया जा रहा था ' जिसे ग्रामीण भयभीत होकर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण थाना पहुँच कर थाने को घेराव किया । ग्रामीणों ने पूरे मामले को मायका अंचल इंस्पेक्टर अवधेश सिंह व प्रभारी थाना प्रभारी रंजीत कुमार को अवगत कराया। गांव की महिलाओं का कहना है कि माइंस के पास लाठी,डंडे व हथियार के साथ लगभग पचास की संख्या में माफिया लोग तंबू लगा कर रहते है ' ओर शाम होते ही ब्लास्टिंग करने लगते है ' ब्लास्टिंग की तड़तड़ाहट से पूरा गाँव थर्रा जाता है। जिससे हम सभी ग्रामीणों मे दहशत का माहौल बना हुआ है ' हम सभी डरे सहमे हुए है। हम सभी को जान माल का खतरा बना हुआ है। वही पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने ग्रामीणों के समस्याओ से अवगत हुए कहा गाँव से सटे किसी व्यवसायी द्वारा खदान चलाया जा रहा है,माइंस में ब्लास्टिंग से गाँव वालों के छत पे पत्थर चला जाता है। पत्थर छत पर गिरने से कई जगह दरार पड जाता है। और झोपडी मे बंधे जानवर को काफी नुकसान हो जाता है। लीज से अधिक जमीन पर माइनिंग का काम किया जा रहा है। ग्रामिणों मे डर का माहौल पैदा करने के रात मे 20 गाडियों का काफिला से गांव का चक्कर लगाया जाता है। उनके द्वारा रात में रुक रुक कर फायरिंग भी किया जाता है। माइंस होल्डर दशरथ राणा के द्वारा रंगदारी व छेड़खानी का झूठा केस दर्ज कर ग्रामीणों को फसाया जा रहा है। ग्रामीणों के द्वारा विरोध करने पर खदान मालिको के द्वारा अपने बचाव के लिए झूठा मुकदमा कर दिया जाता है। मौके पर मायका अंचल इंस्पेक्टर अवधेश सिंह ने कहा कि किसी को केस करने नही रोका जा सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि ये केस झूठा है। हमलोगो को जानबूझकर फसाया जा रहा है। उन्होंने पूर्व विधायक को आश्वासन दिया कि इस मामले की निष्पक्ष जाँच कर नियम संगत कार्रवाई की जाएगी। किसी भी व्यक्ति को झूठा मुकदमा मे नही फंसाया जायेगा। जिला खनन पदाधिकारी को आवेदन देकर मांइस को मापी करा दिया जायेगा जिससे अवैध खनन रुक सके। और विवाद को सुलझाया जा सके।

मौके पर प्रमुख लीलावती देवी, प्रवीण कुमार उर्फ बंटी मोदी, युवा नेता कृष्णा यादव, बिंदेश्वर विराट, विरेन्द्र यादव ,राजेश यादव, मनीष यादव, कमलेश यादव, कासिम मिया, उमेश यादव, डेगलाल यादव, दिलीप पंडित, राजेन्द्र पंडित, नरेश पासवान, बासुदेव पंडित, नसीम मियाँ, नरेश पंडित, राज कुमार यादव, अशोक पंडित, बासुदेव पंडित, डेगलाल यादव,डोमन पंडित,भीम यादव, रहिम मियाँ, लखन यादव, सरयू यादव, प्रसाद्धी यादव, रामचन्द्र यादव, डोमन पंडित, रहमान मियां, युगल यादव, रामेश्वर राणा, जानकी यादव,सोवरण राणा,तिलक राणा, अशोक पंडित, मकबूल अंसारी, नसीम मियां, सहदेव यादव, रामसहाय यादव समेत सैकडों ग्रामिण मौजूद थे।

आसनसोल वाराणसी पैसेंजर ट्रेन से दो क्विंटल लकड़ी बरामद

झूमरी तिलैया (कोडरमा) : आरपीएफ कोडरमा के आउट पोस्ट पहाड़पुर में कैंपिंग ड्यूटी में तैनात आरक्षी अशोक कुमार गुप्ता, आरक्षी शंकर कुमार के द्वारा आसनसोल वाराणसी पैसेंजर ट्रेन में सघन चेकिंग के दौरान गार्ड बोगी से आगे छठवां बौगी में दरवाजे के बगल में लगभग दो कुंटल लकड़ी पाया गया। संदेह होने पर आसपास के सभी बैठे यात्रियों से काफी पूछताछ किया गया। तो किसी के द्वारा उक्त लकड़ी पर अपना दावा पेश नहीं किया उसके बाद सभी लकड़ी को गाड़ी से पहाड़पुर स्टेशन में उतार कर प्लेटफार्म पर ही जप्त कर सुरक्षित आरपीएफ आउटपोस्ट पहाड़पुर पर रखा गया। आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी कोडरमा जवाहरलाल ने बताया कि अग्रिम कार्रवाई हेतु सभी लकड़ी को वन विभाग गया को सुपुर्द कर दिया जाएगा। जप्त लकड़ी की अनुमानित कीमत सोलह सौ रुपए आंका गया।

एक नजर में

सैनिटाइज कर की गयी बच्चों की पढ़ाई की तैयारी

मेदिनीनगर पलामू : कॉरोना के कारण 17 मार्च 200 देश संपूर्ण देश के सभी विद्यालय बंद थे किसी तरह की पढ़ाई की बू तक नहीं आ रही थी इस बीच भी श्री महतो ने मुहल्ला क्लास चलाते तथा ऑनलाइन क्लास के माध्यम से बच्चों के मनोबल को पूर्णता बनाए रखा और आज अपने विद्यालय को एक बरात आने जैसा रूप देखकर खड़ा होते हैं यहां आपको जानकारी देना आवश्यक है की अभी जिस करोना काल में बच्चों को सरकार के द्वारा सूखा चावल एवं नगद राशि दी गई जिसके कारण वे अपने तरफ से भी खुशहाल नजर आए अब सभी बच्चों के खाते में डीवीटी के माध्यम से पैसा ट्रांसफर किया जा रहा है।

बिजली चोरी मामले में 9 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

हरिहरगंज पलामू : विद्युत विभाग द्वारा हरिहरगंज प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाया गया। इस क्रम में 9 लोग विद्युत की चोरी करते पकड़े गए। इस बाबत कनीय विद्युत अभियंता कुलदीप यादव ने विद्युत चोरी को लेकर हरिहरगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है। इनमें अवैध रूप से बिजली चोरी के मामले में थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती तूरी गांव के परसलेवा टोला के शंभू यादव, कैलाश यादव, गोपाल यादव व केशव यादव का नाम शामिल है। जबकि तरवन खुर्द गांव के संतोष राम, राजकुमार भुईयां, जितेंद्र राम तथा मझिगांवा गांव के महावीर साव का नाम शामिल है। छापेमारी अभियान में कनीय विद्युत अभियंता कुलदीप यादव, छतरपुर के कनीय विद्युत अभियंता रामनिवास सिंह के अलावे विद्युत कर्मी दयानंद सिंह तथा मानव दिवसकर्मी उमेश विश्वकर्मा, अजय कुमार मेहता, बजेंद्र पासवान शामिल थे। वहीं थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने बताया कि अवैध रूप से बिजली चोरी के मामले में नव लोगों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

रिटायर्ड कैप्टन का लोगों ने किया स्वागत

उंटारी रोड : जिले के उंटारी रोड प्रखंड क्षेत्र के सतबहिनी गांव निवासी भारतीय सेना में कार्यरत कैप्टन योगेन्द्र शर्मा 30 वर्षों तक देश की सेवा करने के बाद बुधवार को अपने पैतृक गांव सतबहिनी पहुंचे। जहां योगेंद्र शर्मा के परिजनों व गांव वालों ने उन्हें फूलमाला से जोरदार स्वागत किया। बुधवार की देर शाम योगेंद्र शर्मा और उनकी धर्मपत्नी ने केक काट कर खुशियां बांटी। वहीं उंटारी रोड जिप सदस्य मनोज सिंह ने योगेंद्र शर्मा को अपने घर लौटने पर अंगवस्त्र व डायरी देकर सम्मानित किया। वहीं भाजपा नेता वेद प्रकाश शर्मा ने बताया बडे ही हर्ष कि बात है कि बड़े भाई योगेन्द्र शर्मा 30 वर्षों तक देश की सेवा करने के बाद आज घर लौटे हैं। जहां हम सभी परिजनों व गांव वालों ने मिलकर सम्मान समारोह का आयोजन किया। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुशील ठाकुर, राजद नेता नरेश प्रसाद सिंह, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष विरेंद्र नाथ शर्मा, कैप्टन आरसी यादव, कैप्टन अजय सिंह, सुनील सिंह, सुनील पांडेय, संतोष पाण्डेय, ओमप्रकाश मेहता, उपाध्याय यादव सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

गाइडलाइन के पालन करें, अन्यथा होगी कार्रवाई : बीडीओ

नावा बाजार पलामू : नावा बाजार प्रखड विकास पदाधिकारी राकेश श्रीवास्तव ने गुरुवार को बताया कि राज्य सरकार द्वारा जारी कोरोना गाइडलाइन्स को लोग पालन करें । सरकार के द्वारा जारी गाइडलाइन्स की जानकारी देते हुए कहा कि 4 फरवरी से कक्षा वन से सभी ऊपर की कक्षाएं संचालन की अनुमति दी गई है.वहीं कोचिंग संस्थान के खोलने के साथ उच्च शिक्षा के संस्थान जैसे कॉलेज,यूनिवर्सिटी,आई टी आई के खोलने की भी अनुमति दी गयी है । इसके अलावे सभी जिम, खिलाड़ियों के लिए स्विमिंग पूल और स्टेडियम खोलने के साथ बिना दर्शक के खेलकूद आयोजित करने की अनुमति है वही खुले में 200 से अधिक व्यक्ति एक जगह होना प्रतिबंधित होगा और बंद जगह में 200 से अधिक व्यक्ति या 50 % क्षमता, से एकत्रित होना प्रतिबंधित है.भारत सरकार, राज्य सरकार एवं अन्य के द्वारा आयोजित ऑफ़लाइन परीक्षा की अनुमति दी गयी है, विद्यालय मे अनु मान्य कक्षा में तथा उच्च शैक्षणिक संस्थानों जैसे यूनिवर्सिटी, कॉलेज,आई टी आई में ऑफलाइन परीक्षा की अनुमति दी गयी है। सभी सरकारी और निजी कार्यालय में शत प्रतिशत कर्मी की उपस्थिति की अनुमति है। इसके अलावा सभी पार्क एवं पर्यटन स्थल अभी बंद रहेंगे।

कोविड काल में भी उत्कृष्ट शिक्षा जारी रखना सराहनीय : डीआईजी

डीपीएस बोकारो की वार्षिक पत्रिका डिप्स रिफ्लेक्शनं का विमोचन

महामारी के बीच नवोदित प्रतिभाओं की कृतियों का है समावेश

पत्रिका के विमोचन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए डीपीएस बोकारो के प्राचार्य एएस गंगवार ने कहा, हमें अपनी वार्षिक पत्रिका के इस विशेष संस्करण को जारी करते हुए बहुत खुशी हो रही है, जो डिजाइनिंग द न्यू नॉर्मल एंड बियॉन्ड थीम पर प्रकाश डालता है और महामारी के बीच भी हमारी नवोदित प्रतिभाओं की प्रेरक भावना और हमारी उपलब्धियों को प्रदर्शित करता है। रचनात्मक टीम को इस कलात्मक प्रयास को साकार करने के लिए उनके सराहनीय प्रयासों के लिए बधाई। मंच संचालन हेडगर्ल काव्या झा, हेडबॉय सर्वज्ञ संजय, लिटरेरी सेक्रेटरी आयुष अमलान व कल्चरल सेक्रेटरी अनुष्का सिंह ने किया।

संवाददाता

बोकारो : दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस), बोकारो ने कालिदास कला भवन में अपनी वार्षिक पत्रिका डिप्स रिफ्लेक्शन 2020-21 का विमोचन धूमधाम से किया। यह पत्रिका विद्यार्थियों, पूर्व विद्यार्थियों और शिक्षकों की रचनात्मक अभिव्यक्तियों का एक संयोजन है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डीआईजी, कोयला प्रक्षेत्र, बोकारो पटेल मयूर कन्यालाल उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की छात्राओं अक्षिता पाठक, आरोही सिन्हा, गुण पाठक, श्रेया ठाकुर, अदिति शान्विका, ज्ञाना जायसवाल व श्रद्धा द्वारा स्वागत गीत आज आपका है अभिनंदन..., के साथ स्कूल गीत ह्यआया है नया सवेरा... और सरस्वती वंदना हे शारदे मां हे शारदे मां, अज्ञानता से हमें तार दे मां... की सुमधुर प्रस्तुति से हुई। इसके बाद मुख्य अतिथि ने पत्रिका का विमोचन किया। इस अवसर पर पत्रिका का ऑनलाइन संस्करण भी जारी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डीआईजी मयूर पटेल कन्यालाल ने कहा, ऐसे समय में जब मानव जाति आपदा से घिरी अभूतपूर्व परिस्थितियों के बीच खड़ी है, डीपीएस बोकारो ने निर्बाध गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की प्रक्रिया को बनाए रखा है। उन्होंने डीपीएस बोकारो और यहां के शिक्षकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने के लिए यह विद्यालय न केवल झारखंड में बल्कि पूरे देश में प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में से एक है। कार्यक्रम में छात्राओं ने जिस तरह से गरिमापूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी हैं, वह काबिलेतारीफ है।

युवक की हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

बोकारो : बोकारो के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश- चतुर्थ, योगेश कुमार सिंह के न्यायालय ने सेक्टर-4 गुमला कॉलोनी में विगत 5 जनवरी 2021 को एक युवक की हत्या के मामले में माइकल भगत नामक आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने उसे बीते 28 जनवरी को दोषी पाया था। गुरुवार को दोषी माइकल भगत को न्यायालय की ओर से उम्रकैद के साथ-साथ 10 हजार रुपए जुमार्ना की राशि जमा करने का आदेश भी दिया गया। मामले के विशेष लोक अभियोजक राकेश कुमार राय ने बताया कि गुमला कॉलोनी में एक लड़की अपने नाना-नानी के घर में थी। इसी दौरान माइकल अपने नाबालिग मित्रों के साथ लड़की के साथ छेड़खानी करने लगा था। इसका विरोध करने पर माइकल ने अपने दोस्तों के साथ लड़की के नाना को पीटना शुरू कर दिया। इसी बीच उस रास्ते से गुजर रहे विशाल कुमार नामक युवक ने मारपीट कर रहे लड़कों को रोकने का प्रयास किया तो माइकल भगत ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर विशाल के सिर पर रड से वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था। घटना के दूसरे दिन ही 6 जनवरी को उसकी मौत हो गई थी। न्यायालय ने इस कांड में माइकल को दोषी पाया था। न्यायालय में मामले को लेकर विशेष लोक अभियोजक की ओर से कई गवाहों और साक्ष्यों को प्रस्तुत किया था, जिसके बाद न्यायालय ने अपना फैसला सुनाया।

निदेशक प्रभारी ने की बीएसएल इंट्रानेट पोर्टल का उद्घाटन

विभागों के सर्कुलर व नयी जानकारी जारी करने में होगी सुविधा

बोकारो : बीएसएल के निदेशक प्रभारी अमरेन्दु प्रकाश ने बीएसएल के अपग्रेडेड इंट्रानेट पोर्टल का उद्घाटन गुरुवार को किया। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन, अतिरिक्त प्रभार कार्मिक एवं प्रशासन) वीके पाण्डेय, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (वित्त एवं लेखा) एस. रंगानी, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (माइंस) जे दासगुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (कार्मिक) पवन कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकी) लक्ष्मी दास सहित सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। उद्घाटन के मौके पर अधिशासी निदेशक (संकार्य) अतनु भौमिक व संयंत्र के अन्य वरीय अधिकारी भी ऑनलाइन मोड से जुड़े हुए थे।

बीएसएल के अपग्रेडेड इंट्रानेट पोर्टल में कई नई सुविधाओं का समावेश किया गया है. अधिकारियों ने बताया कि इंट्रानेट पोर्टल पर अलग-अलग विभागों को अपने विभाग से संबंधित सर्कुलर या नवीनतम जानकारी स्वयं अपडेट करने की सुविधा भी प्रदान की गई है। इसके अलावा पोर्टल में फीड बैक सेक्शन भी बनाई गई है, जिसमें यूजर्स अपने सुझाव या फीडबैक दे सकेंगे। निदेशक प्रभारी ने अपग्रेडेड इंट्रानेट पोर्टल विकसित करने से जुड़ी टीम के सदस्यों को बधाई दी, साथ ही पोर्टल में बेहतरी के क्रम को जारी रखने का आह्वान किया।

चंदनकियारी में जुगाड़ तंत्र के सहारे चल रहा पुलिस अंचल कार्यालय

चंदनकियारी : चंदनकियारी में पुलिस अंचल की स्थापना हुए दस वर्ष बीतने के बाद भी इसके लिए अपने कार्यालय भवन का निर्माण आज तक नहीं हो पाया। इसके कारण यहां पुलिस निरीक्षक का कार्यालय चंदनकियारी थाना परिसर में ही स्थित एक पुराने चबूतरे को टीना से ढंककर जुगाड़तंत्र के सहारे कार्यालय का रूप देकर चलाया जा रहा है, जहां पुलिस निरीक्षक अपने कार्यालय का संचालन करते हैं। हालांकि, फिलहाल पुलिस निरीक्षक के छुट्टी में रहने के कारण अभी उनका जुगाड़ कार्यालय वीरान पड़ा हुआ है। बता दें कि चंदनकियारी में पुलिस अंचल की स्थापना वर्ष 2013 में ही हो गयी है। तब उक्त कार्यालय चंदनकियारी थाना के पुराने जर्जर भवन के एक कमरे में शुरू हुआ था, जो दो-तीन वर्ष बाद ही पूरी तरह ध्वस्त हो गया। तभी से यह कार्यालय थाना परिसर में ही यहां-वहां भटक रहा है।

हालांकि नया थाना भवन में पुलिस निरीक्षक कार्यालय के संचालन के लिए एक कमरा उपलब्ध है, जो नाकाफी होने के कारण अब थाना परिसर स्थित पुराने थाना भवन के समक्ष एक बेकार पड़े चबूतरे को टीना के सहारे छत बनाकर कार्यालय का रूप दिया गया, जहां से उक्त कार्यालय का संचालन हो रहा है। मालूम हो कि यहां पुलिस अंचल की स्थापना हुए दस वर्षों के बाद भी विभाग को उक्त कार्यालय के लिए भवन निर्माण की जरूरत महसूस ही नहीं हुई, जिसके कारण जुगाड़तंत्र के सहारे उक्त कार्यालय का संचालन होता आ रहा है।

चंद्रपुर में गरीबों के बीच कंबल का वितरण

पांकी पलामू : पांकी प्रखंड के ढूब पंचायत के मुखिया प्रत्याशी संचन सिंह, पति कार्तिक सिंह ने जरूरत मंद गरीब असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। मालूम हो कि संचन सिंह अपने क्षेत्र पंचायत में लगातार कई वर्षों से सेवा कर रही है।साथ ही उन्होंने कहा कि क्षेत्र में किसी कार्य को लेकर अब तक किसी के द्वारा जनहित के बीच नहीं किया गया है उसे में अवश्य करके दिखाउंगी।संचन सिंह ने कहा कि इस समय मैं किसी भी पद का जिम्मेदार नहीं हैं अर्थात कोई पद इस समर नहीं है।संचन सिंह ने क्षेत्र के लोगों को बताते हुए कही कि यदि मुझे पंचायत का नेतृत्व करने का मौका मिला तो आपसबों के आशा और विश्वास को कभी टूटने नहीं दूंगी।हरेक वर्ग व हर धर्म के लोगों के बीच सेवा करूंगी। इस तरह के कार्य को देखकर क्षेत्र के लोगों ने खुब सहारना व कदम से कदम मिलाकर चलने को कहा।

कार ने टक्कर मारी, तीनों युवक घायल

नावा बाजार पलामू : नावा बाजार औरंगाबाद मेदनीनगर मुख्य पथ एनएच 98 पर गुरुवार को कंडा हथिया पत्थर समीप कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मारी,जिससे बाइक सवार तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए, वही ग्रामीणों के सहयोग से तीनों घायल व्यक्ति को स्थानीय स्थानीय डॉक्टर के द्वारा इलाज फिलहाल जारी है । घटना तब घटी जब चैनपुर से तीनों युवक बाइक से बीएससी के परीक्षा देने के लिए हैदरनगर जा रहे थे । इस बीच कंडा में औरंगाबाद की ओर से आ रहे तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मारी, जिससे तीनों युवक बुरी तरह से जख्मी हो गए, और कार भागने में सफल रहा , वही कार भुरा कलर का है जिसका लुकिंग ग्लास टूट हुआ है वहीं कार चालक के द्वारा कार को लेकर भागने के दौरान इसकी सूचना पड़वा मोड़ ग्रामीणों को दिया गया, जहां ग्रामीणों ने उस कार का नंबर 5154 नोट किया है घटना की सूचना नावा बाजार थाना प्रभारी दीपक कुमार दास को दे दिया गया है ।

बसपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किये जाने पर सीमा कुसवाहा को बधाई

नावा बाजार पलामू : नावा बाजार बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह उत्तर प्रदेश की 4 बार मुख्यमंत्री रह चुकी बहन सुश्री कुमारी मायावती जी के द्वारा विद्वान अधिवक्ता सीमा कुशवाहा को पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त करने पर बसपा के झारखंड प्रदेस अध्यक्ष अरुणा कुमार ने प्रेसवार्ता कर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि सीमा कुशवाहा को झारखण्ड प्रदेश के कार्यकताओं की ओर से बधाई दी एवं इस पुनीत कार्य के लिए बहन जी को धन्यवाद दिया है। सीमा कुशवाहा के पार्टी प्रवक्ता बनाए जाने से कार्यकताओं में नई ऊर्जा का संचार होगा ।

ज्ञात हो सीमा कुमारी वही विद्वान अधिवक्ता है, जिसने निर्भया हत्याकांड के आरोपियों को सजा दिलाई थी एवं वर्तमान में सहारनपुर की निर्भया हत्याकांड कि मुकदमा भी न्याय दिलाने के लिए लड़ रही है। श्री अरुण कुमार ने दावा किया कि है कि बहुजन समाज पार्टी पांचवी बार पूर्ण बहुमत के साथ बहन जी के नेतृत्व मे उत्तर प्रदेश मे सरकार बनाने जा रही हैं। इस बीच में भाजपा है न सपा दोनो को सफाया होना तय है । मौके पर पुर्व प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष कुमार मेहता, जॉन प्रभारी अशोक राम मुख्य रूप से उपस्थित थे ।

कांग्रेस महिला जिलाध्यक्ष ने की गरीब महिला की मदद

झुमरी तिलैया (कोडरमा) : महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष बेबी सिन्हा द्वारा एक गरीब और जरुरतमंद महिला सीता देवी (गुमो निवासी) की मदद की गई इसके पति की कोरोना से पिछले साल मौत हो गई थी अतः प्रियजनों को मिलने वाली राशि 50 हजार का फार्म भरकर पिछले दिनों अंचलाधिकारी (उड) साहब को सौंपा गया था। अतः आज इसके विधवा पेंशन मिलने के लिए फॉर्म भरकर बेबी सिन्हा ने जमा करवाया और इसके तीन साल के बेटे के ईलाज के लिए आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतू बीपीएल कार्ड में नाम देने के लिए खाद्द आपूर्ति अधिकारी (टड) से मिलकर बात की उन्होने विश्वास दिलाया कि जल्द ही काम हो जाएगा।

खेलों से होता है मानसिक व शारीरिक विकास : संतोष

हरिहरगंज पलामू : प्रखंड क्षेत्र के बेलौदर पंचायत अंतर्गत घाघरा पीपरा गांव स्थित मैदान में आयोजित बाल सुरक्षा क्रिकेट टूनार्मेंट मैच के मुख्य अतिथी समाजसेवी सह हरिहरगंज नगर पंचायत अध्यक्ष पद के संभावित प्रत्याशी संतोष प्रजापति ने बुधवार को फीता काटकर किया। उद्घाटन के उपरांत आयोजित समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संतोष प्रजापति ने संबोधित करते हुए कहा कि खेल से मानसिक विकास के साथ -साथ शारीरिक विकास भी होता है। खेलों से ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों में निखार आता है। स्थानीय खेलों में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों को बड़े स्तर पर भी खेलने का मौका मिलता है। इस दौरान लंगुराही क्रिकेट टीम व डुमरा टीम के बीच खेला गया। लंगुराहा के टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 147 रन बनाया। जिसके जवाबी पारी खेलते हुए डुमरा के टीम ने 65 ओवर में ही सिमट गई। इस तरह से लंगुराही की टीम ने 82 रनो से विजय प्राप्त किया। मौके पर बाल सुरक्षा क्रिकेट के अध्यक्ष बिकास कुमार,सचिव बालदेव कुमार,रितेश रवि,राजू,डॉ. धनंजय कुमार यादव, रवि,मुकेश कुमार,राजीव पासवान,भोला पासवान राजन,धौनी, विसाल, पवन,गोलू कुमार, अभिषेक कुमार,रौशन कुमार सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

श्री माँ देवी प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय महायज्ञ का शुभारंभ

मरकच्चो (कोडरमा) : प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सिमरिया में श्री श्री 1008 श्री माँ देवी प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय महायज्ञ का शुभारंभ किया गया। इस दौरान महायज्ञ को चित्रकूट धाम से सुविख्यात राष्ट्रीय प्रखर प्रवक्ता युवा महंत स्वामी सीताराम शरण, जिप प्रधान शालिनी गुप्ता एवं भाजपा जिला महामंत्री सह जिप सदस्य राजकुमार यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व नारियल फोड़ कर शुभारंभ किये। तथा कलश यात्रा में शामिल हुए। कलश यात्रा में 1251 युवतियां और महिलाए माथे पर कलश लेकर जल यात्रा में भक्ति भाव से शामिल हुईं,जल यात्रा सिमरिया मंदिर प्रांगण से निकल कर नरयाही, बाराडीह, चक, महुवाटांड, जामु दशारो, डूमरडीहा

नगर भ्रमण करते हुए गगन भेदी जयकारों से गूंजता हुआ उत्तरवाहिनी बराकर नदी पर पहुंच कर यज्ञाचार्य ब्रजकिशोर पांडेय बनारस के द्वारा वैदिक मंत्रोचारण के बीच कलश मे जल भरा गया। तथा यात्रा पुनः मंदिर की ओर वापस हुआ इस बीच श्रद्धालु भक्तो द्वारा सोशल डिस्टेसिंग और मास्क का ध्यान रखा गया। यहां कलश यात्रा में शामिल होकर महाराज सीताराम शरण जी ने कहा कि यज्ञ शब्द यज धातु से सिद्ध होता है। कलश यात्रा में पुजारी सीताराम सिंह, यज्ञ समिति अध्यक्ष कामेश्वर यादव, सचिव दामोदर साव, यज्ञ संचालन बैजनाथ यादव, मुख्य सचेतक केदार पासवान, मीडिया प्रभारी विद्यासागर, जिप सदस्य कैलाश यादव, भाजपा वरिष्ठ नेता बेदु साव,मरकच्चो उत्तरी मुखिया विजय सिंह, तेलोडीह मुखिया मनिंदर राम, सिमरिया मुखिया किरण देवी, नंदलाल साव, शंकर साव, संजय कुमार, रोहित पासवान, नरेश राम, गंगाधर यादव, गोपी यादव, भुनेश्वर यादव, किशुनदेव यादव आदि सैकड़ों श्रद्धालु कलश यात्रा में शामिल हुये।

एक कतरा पानी के लिये आज भी नाले स्थित चेक डैम का पानी पीने को बेबस ग्रामीण

मरकच्चो (कोडरमा) : झारखण्ड सरकार के द्वारा सम्मान अधिकार विकास के नारे लगा कर लोगों को छला जा रहा है। वहीं नवलशाही थाना क्षेत्र के बिंडोमोह मे शब्बीर आलम के घर के पास लगभग 200 परिवार पर एक चापानल के भरोसे हैं। इसके अलावा कर्बला मैदान, मस्जिद परिसर, कब्रिस्तान में भी चापानल नही रहने से लोगों को भारी फजीहत का सामना करना पड़ता है। जो वर्षो से बंद पड़े है इस गाँव का हाल जस की तस विकास के नाम पर टोला मे रह रहे लोगों को आज भी सड़क, स्कुल जैसी सुविधा मयस्सर नही वर्षों से एक एक कतरा पानी के लिये आज भी नाले स्थित चेक डेम के पानी पिने को बिबस है। पानी के लिये चापानल की गुहार के लिये जिले के प्रतिनिधियों के पास इसकी शिकायत भी की गईं लेकिन समस्या जस की तस बनी रही। वही हाल के दिनों में मजबूरन ग्रामीणों ने इसकी लिखित सूचना पेयजल एंव स्वछता विभाग के वरीय पदाधिकारी को दी गई।

अवैध बिजली के खिलाफ छापेमारी

घाघरा : बिजली विभाग के द्वारा अवैध बिजली के खिलाफ छापेमारी अभियान गुरुवार को चलाया गया। इस दौरान एसडीओ राजेश कुमार के अलावे बिजली विभाग के कई कर्मी मौजूद थे। इस दौरान ग्राम चामा, लपसर व नाथपुर सहित कई गांव में चलाया गया। जिसमें छह लोग जिसमे लपसर निवासी बालक महतो व रविंद्र उरांव, चामा निवासी दुर्गा लोहरा,रामकेश्वर उरांव, बंधन उरांव श्रावण चिक बड़ाईक पर प्राथमिकी दर्ज कर 58000 रुपए का फाइन किया गया। साथ ही 36 बकायेदारों का लाइन भी काटा गया जिन पर लगभग ?552024 बकाया है। इस दौरान एसडीओ ने लोगों से आग्रह करते हुए कहा है कि कोई भी अवैध तरीके से बिजली चोरी करना जलाएं पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई के साथ फाइन लिया जाएगा। इससे अच्छा है कि आप कनेक्शन ले और बिजली जलाए।

केंद्र सरकार को जन-सरोकारों से कोई वास्ता नहीं : दिलीप

बजट में एलआईसी की आईपीओ घोषणा का कर्मियों ने किया विरोध

संवाददाता

बोकारो : बीमा कर्मचारी संघ हजारीबाग मंडल के आह्वान पर हजारीबाग मंडल अंतर्गत सभी कार्यालयों में दोपहर भोजनावकाश के दौरान द्वार बैठक का आयोजन कर केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा पेश किए गए वित्त वर्ष 2022-23 के आम बजट में एलआईसी के आईपीओ से संबंधित घोषणा का पुरजोर विरोध किया गया। इसी कड़ी में सेक्टर-4 स्थित एलआईसी ब्रांच-2 में आयोजित द्वार बैठक में बीमा कर्मचारी संघ, हजारीबाग मंडल के संयुक्त सचिव दिलीप कुमार झा ने कहा कि देश के आमलोग आज बेतहाशा बेरोजगारी, भयंकर गरीबी, कुपोषण, बेतरतीब महंगाई और कोविड महामारी के भयंकर कुप्रभाव से गुजर रहे हैं। लोगों को यह भरोसा था कि सरकार इस बजट में इन प्रमुख ज्वलंत समस्याओं को संबोधित करेगी, परंतु यह बहुत ही दुखद है कि एक लोकतान्त्रिक और पूर्ण बहुमत वाली सरकार, देश के आम लोगों के सरोकारों से कोई वास्ता नहीं रखती है और उसके अपनी हित साधन की प्राथमिकताएं हैं। यह भारतीयों के सरोकारों से दूर कतिपय चुनिन्दा लोगों और विशेष वर्ग के हितों को ध्यान में रखकर बनाया गया बजट है और इस प्रकार यह बहुप्रतीक्षित बजट आम लोगों के लिए घोर निराशा और धोखे का पर्याय मात्र है।

उन्होंने कहा कि बीमा उद्योग, एलआईसी और बीमाधारकों के लिए यह बजट एक बहुत बड़ी निराशा है। एलआईसी का सार्वजनिक निर्गम शीघ्र ही अपेक्षित है। बीमा के विनिवेशीकरण की प्रतिबद्धताओं की पुनरावृत्ति के अलावा बजट में भारत के बीमा उद्योग के लिए कुछ भी नहीं है। अगर इस सरकार की पिछली प्रतिबद्धताओं को देखा जाए तो भारत अब तक 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन चुका होता। अपनी अगंभीर और अवास्तविक घोषणाओं की कड़ी में इस बजट ने कुछ नए जुमलाओं को अपने मे समेट लिया है। झा ने आह्वान करते हुआ कहा कि अपने देश की वित्तीय संस्थाओं को बचाएं, अपने देश को बचाएं। एलआईसी में आईपीओ का विरोध करें। इसे खारिज करें। हम यह मांग करते हैं कि व्यापक देश हित में भारत सरकार इस गलत निर्णय को तुरंत वापस ले। मौके पर अजय कुमार, हरेराम प्रसाद, महावीर, श्रवण लाल, गोविंद मांझी, कमल देव प्रसाद, इंदु भूषण प्रसाद, मोहन कुमार, राजेश कुमार सिंह सहित कई बीमाकर्मी मौजूद रहे।

चार महीने से पेंशन से वंचित हैं कई लोग, भाकपा नेता ने जाना हाल

गोमिया (बोकारो) : अत्यंत अल्प आय वाले एवं असहाय पुरुष - महिलाओं के लिए संचालित पेंशन की राशि को केंद्र सरकार द्वारा बजट में 1.5 प्रतिशत के प्रावधान को वित्त वर्ष 2021-22 में घटाकर 0.6 प्रतिशत कर देने से लाभुकों का पेंशन पिछले 4 माह से बंद हो गया है। ये बातें भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी झारखंड राज्य कार्यसमिति के सदस्य एवं झारखंड आंदोलनकारी इफ्तेखार महमूद ने कही। प्रेस को जारी अपने एक बयान में उन्होंने कहा कि मात्र पेंशन से होने वाली आय पर ही निर्भर रहने वाले लोगों को पिछले चार माह से पेंशन बंद होने से काफी आर्थिक परेशानी उठानी पड़ रही है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार प्रायोजित समस्या होने के कारण बोकारो जिला का सामाजिक सुरक्षा कोषांग लाभुकों को कोई मदद नहीं कर पा रहा है। कहा कि भुगतान होने वाली पेंशन की राशि में केन्द्रांश के साथ-साथ राज्यांश की भी राशि होती है। महमूद ने मुख्यमंत्री से कम से कम राज्यांश की राशि का भुगतान कर दिए जाने की मांग की, ताकि लाभुकों को थोड़ी राहत मिल सके।

यादों के झरोखे : भारत ने आज ही के दिन जीता था अंडर-19 विश्व कप का खिताब

नई दिल्ली, 3 फरवरी : भारतीय क्रिकेट प्रेमियों के लिए आज का दिन काफी यादगार है। आज ही के दिन चार साल पहले 3 फरवरी 2018 को भारतीय युवा ब्रिगेड ने ऑस्ट्रेलिया को तोरंगा के बे ओवल में आठ विकेट से हराकर रिकॉर्ड चौथी बार आईसीसी अंडर-19 विश्व कप जीता था। इस विश्व कप में पृथ्वी शॉ की अगुवाई वाली भारतीय टीम अजेय रही। भारतीय टीम ने सभी छह मैच जीते। सेमीफाइनल में चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर 203 रनों की बेहतरीन जीत के बाद फाइनल में प्रवेश किया। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 217 रनों के मामूली लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने सलामी बल्लेबाज मनजोत कालरा की नाबाद 101 और विकेटकीपर हार्विक देसाई की नाबाद 47 रनों की पारी की बदौलत 38.5 ओवर में आरामदायक जीत दर्ज की। 217 के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ और कालरा ने अच्छी शुरूआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 71 रन जोड़े। विल सदरलैंड ने आखिरकार भारतीय कप्तान शॉ (29) को क्लीन बोल्ड कर यह साझेदारी तोड़ा। इसके बाद शुभमन गिल और कालरा ने दूसरे विकेट के लिए 70 रन की साझेदारी की। परम उप्पल ने शुभमन (31) को आउट किया। हालाँकि, इसके बाद कालरा और देसाई ने पचास रनों की नाबाद साझेदारी कर भारत को जीत दिला दी। इससे पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 216 रनों पर सिमट गई। कालरा को उनकी एंकर पारी के लिए मैन ऑफ द मैच मैच का पुरस्कार जीता, जबकि शुभमन गिल को प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट चुना गया। गिल ने टूनार्मेंट में 373 रन बनाए।

माइकल वॉन ने की यश ढुल की तारीफ, कहा- भारतीय क्रिकेट का भविष्य सुरक्षित

सेंट जॉन्स, 3 फरवरी : इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने अंडर-19 विश्व कप के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारतीय कप्तान यश ढुल के बेहतरीन पारी की प्रशंसा की। यश ने 110 रनों की बेहतरीन शतकीय पारी खेली, जिसकी बदौलत भारत ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 96 रनों से शिकस्त दी। भारत अब शनिवार को टूनार्मेंट के फाइनल में इंग्लैंड से भिड़ेगा। वॉन ने ट्वीट किया, भारतीय अंडर-19 टीम की बल्लेबाजी उच्च श्रेणी की लग रही थी... भारतीय क्रिकेट का भविष्य सुरक्षित दिख रहा है..यश ढुल असाधारण दिख रहे हैं। शेख रशीद और यश ढुल ने टूनार्मेंट की दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी की और तीसरे विकेट के लिए 204 रन जोड़े। ढुल विराट कोहली और उन्मुक्त चंद के बाद अंडर-19 विश्व कप में शतक बनाने वाले तीसरे भारतीय भी बने। एंटीगा के कूलिज क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए सेमीफाइनल मैच में भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसल किया और पांच विकेट खोकर 290 रन बनाए। इस पारी में कप्तान यश ढुल ने 110 और शेख रशीद ने 94 रन बनाए। भारत के 291 रन की चुनौती के जवाब में ऑस्ट्रेलिया 41.5 ओवर्स में ही 194 रन पर सिमट गई। भारत के विकी ओस्तवाल ने तीन, निशांत सिंधू और रवि कुमार ने दो-दो विकेट हासिल किए। भारत ने आस्ट्रेलिया को 96 रन से हराकर अंडर 19 क्रिकेट विश्वकप प्रतियोगिता में लगातार चौथी बार और कुल आठवीं बार फाइनल में स्थान बनाया है।

इस साल आईपीएल 2022 में हिस्सा नहीं ले रहे हैं काइल जैमीसन



नयी दिल्ली : न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजकाइल जैमीसन ने इस साल पृथकवास और बायो बबल से दूर रहकर घर पर समय बिताने और अपने खेल में सुधार के लिये इंडियन प्रीमियर लीग में नहीं खेलने का फैसला किया है. जैमीसन पिछले साल आईपीएल में दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी थे जिन्हें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने 15 करोड़ रुपए में खरीदा था। जैमीसन ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो' से कहा, मैने कई कारणों से यह फैसला लिया है। पिछले बारह महीने बायो बबल और पृथकवास में काफी समय बिताया। अगले 12 महीने के शेड्यूल को देखते हुए अब परिवार के साथ समय बिताना चाहता हूं। भारत के खिलाफ फरवरी 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले जैमीसन 12 टेस्ट, पांच वनडे और आठ टी20 खेल चुके हैं। उन्होंने कहा, दूसरी बात यह है कि मैं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बहुत नया हूं। दो ही साल हुए हैं तो मैं अपने खेल पर मेहनत करना चाहता हूं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि जहां पर मुझे होना चाहिये, उस स्तर पर नहीं पहुंच सका हूं। अगर तीनों प्रारूपों में खेलना है तो अपने खेल पर मेहनत करनी होगी। जैमीसन ने कहा कि आईपीएल नहीं खेलने का फैसला कठिन था लेकिन उन्हें उम्मीद है कि वह भविष्य में इस लीग का हिस्सा होंगे। उन्होंने कहा, यह शुरूआत में काफी कठिन फैसला था। मैंने इस पर काफी विचार किया। लेकिन मैं अपने कैरियर पर फोकस करना चाहता हूं और अपने खेल पर काम करना चाहता हूं।

बास्केटबाल लीग भारत में इस खेल को देगा एक नई उंचाई : प्रेरणा शर्मा

नई दिल्ली : भारत में बास्केटबाल का खुमार इन दिनों सर चढकर बोल रहा है। जिसका श्रेय 2017 में शुरू हुई बास्केटबाल को जाता है। बास्केटबाल लीग को हाल ही में ओलंपिक में भी शामिल किया गया है। इस लीग की डायरेक्टर प्रेरणा शर्मा भी देश में बढ़ रही बास्केटबाल की लोकप्रियता को लेकर काफी खुश नजर आ रही है। दैनिक जागरण से बात करते हुए प्रेरणा शर्मा ने कहा कि भारत में बास्केटबाल का भविष्य बहुत उज्जवल है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि भारतीय बास्केटबाल संघ ने हाल ही में इस लीग को मान्यता दी है। जिसको लेकर इस लीग की डायरेक्टर ने भारतीय बास्केटबाल संघ को इस सराहनीय कदम को लेकर अपनी खुशी जाहिर की है। प्रेरणा शर्मा के बारे में बात करें तो बतौर महिला डायरेक्टर उन्होंने इस लीग को आगे बढ़ाकर ये साफ जाहिर कर दिया है कि अगर आप किसी चीज को बदलने का प्रयास करोगे तो वो जरूर बदलेगी। समय तो जरूर लगता है। लेकिन चीजें बदलती जरूर है। इस लीग का आयोजन मार्च में होना है। जिसमें भारतीय बास्केटबाल टीम के कई धुरंधर खिलाड़ी खेलते हुए दिखेंगे। जिसमें विशेष भृगवंशी, शीरीन लीमाई, अमज्योत सिंह जैसे खिलाड़ी खेलते हुए दिखेंगे प्रेरणा के बारे में बात करें तो उनके द्वरा प्रायोजित 'कदे हा कदे ना' ने पंजाबी बाक्स आफिस पर धमाल मचाया है। जिसको लेकर प्रेरणा काफी खुश नजर आ रही हैं। साथ ही आने वाले दिनों में वो खेल और सिनेमा जगत को बढ़ावा देने के लिए काम करने की इच्छा जाहिर की है।

एनएसएफ से संबंधित योजना की मंजूरी, 1575 करोड़ रु जारी

नई दिल्ली, 3 फरवरी : केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय खेल संघों (एनएसएफ) को सहायता देने से संबंधित योजना को15वें वित्त आयोग की अवधि (2021-22 से 2025-26) तक जारी रखने की मंजूरी दी है। सरकार ने इसके लिए 1575 करोड़ रुपये जारी किये हैं। बता दें कि एनएसएफ को सहायता देने से संबंधित योजना केंद्रीय क्षेत्र की प्रमुख योजना है और ओलंपिक खेलों, पैरा-ओलंपिक, एशियाई खेलों, पैरा एशियाई खेलों, राष्ट्रमंडल खेलों और अन्य प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं सहित सभी प्रमुख राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए राष्ट्रीय टीमों को तैयार करने के लिए वित्तीय सहायता का मुख्य स्रोत है। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने एनएसएफ को सहायता देने से संबंधित योजना जारी रखने को मंजूरी देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण का हार्दिक आभार प्रकट किया। ठाकुर ने कहा कि इस योजना को जारी रखने से खेलों के क्षेत्र में गौरवशाली स्थान हासिल करने के देश के प्रयासों को व्यापक बल मिलेगा। बता दें कि पिछले कुछ वर्षों में इस योजना के माध्यम से एनएसएफ को सहायता दिए जाने के शानदार नतीजे सामने आए हैं। भारत ने टोक्यो ओलंपिक 2020 में 6 अलग-अलग खेलों में 7 पदक जीते, ओलंपिक पदक तालिका में भारत ने पहली बार इतने पदक अपने नाम किए।

विवेकानंद की किताब लिए नजर आए गेल

सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही तस्वीर



नई दिल्ली : वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के 42 वर्षीय विस्फोटक बल्लेबाज क्रिस गेल किसी परिचय के मोहताज नही हैं। वह कैरेबियाई टीम के साथ-साथ विश्व क्रिकेट के लगभग सभी क्रिकेट लीग में शिरकत करते हैं। इस दौरान पूरी दुनिया में उनके चाहने वालों की संख्या बहुतायत में है। कैरेबियाई दिग्गज भारत की प्रतिष्ठित टूनार्मेंट इंडियन प्रीमियर लीग में भी पिछले कई सालों से कई टीमों के हिस्सा रह चूके हैं। आईपीएल की वजह से क्रिस गेल को भारत में कई महीनों तक रुकने का मौका मिलता है। इस दौरान उन्हें यहां के लोगों के साथ अक्सर समय बिताते हुए देखा जाता है। गेल कई बार प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारतीय सभ्यता और संस्कृति का भी गुणगान कर चूके हैं। गेल का कहना है उन्हें इंडिया उनके दूसरे घर जैसा प्रतीत होता है। इसके अलावा उन्हें यहां की संस्कृति के साथ-साथ त्यौहार भी काफी पसंद हैं। भारत के प्रति कैरेबियन प्लेयर के इस लगाव के बीच उनकी एक तस्वीर इन दिनों सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हो रही है। इस तस्वीर में वह देश के महान आध्यात्मिक संत स्वामी विवेकानंद के एक किताब के साथ नजर आ रहे हैं। वायरल तस्वीर में गेल के हाथ में जो तस्वीर नजर आ रही है उसका नाम 'लिविंग एट दी सोर्स' है। बात करें गेल के क्रिकेट करियर के बारे में तो उन्होंने वेस्टइंडीज के लिए 103 टेस्ट क्रिकेट मैच खेलते हुए 182 पारियों में 42 l2 की एवरेज से 7214 रन बनाए हैं। टेस्ट प्रारूप में उनके नाम 15 शतक और 37 अर्धशतक दर्ज है।

सतीश की शानदार गेंदबाजी, क्रिएटर्स क्लब ने जीता मैच

लखनऊ, 03 फरवरी : डाक्टर यशपाल सिंह मेमोरियल क्रिकेट सी और डी ग्रुप में भारत क्रिकेट क्लब और क्रिएटर्स क्रिकेट क्लब के बीच लीग मैच खेला गया। इसमें सतीश कुमार की शानदार गेंदबाजी से क्रिएटर्स क्रिकेट क्लब ने छह विकेट से मैच को जीत लिया। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 109 रन बनाये और आल आउट हो गए। इसमें सर्वाधिक 70 रन हिमांशु पांडेय ने बनाया। वहीं ओपनर सक्षम दो रन पर ही आउट हो गए। वहीं क्रिएटर्स के गेंदबाज सतीश कुमार ने सात ओवर गेंद डालकर 27 रन देते हुए चार विकेट चटकाए। क्रिएटर्स की टीम ने 21वें ओवर में ही चार विकेट खोकर 110 रन बना लिये और मैच को छह विकेट से जीत लिया। सर्वाधिक 36 रन ओपनर ललित कुमार ने बनाए, जबकि आलोक राज ने 22 रन, अमन सिंह ने 17 रन का योगदान दिया।

उत्तराखंड : राष्ट्रीय विंटर गेम्स 7 फरवरी से

विभिन्न राज्यों के 200 प्रतिभागी लेंगे हिस्सा

देहरादून, 03 फरवरी : उत्तराखंड में साहसिक खेलों को बढ़ावा देने तीन दिवसीय राष्ट्रीय विंटर गेम्स का 07 फरवरी से औली में आयोजन किया जाएगा। विभिन्न राज्यों की 16 टीमों के 200 प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। कोरोना के चलते 2019 से विंटर गेम्स का आयोजन नहीं किया गया था। देवभूमि उत्तराखंड में के लिए पर्यटन विभाग की ओर से हर साल चमोली जिले के औली में राष्ट्रीय विंटर गेम्स का आयोजन किया जाता है। इस साल आयोजित होने वाले राष्ट्रीय विंटर गेम्स का शुभारंभ 07 फरवरी को किया जाएगा। कोरोना के घटते मामले के बीच एक बार फिर से विंटर गेम्स का आयोजन हो रहा है। प्रदेश के पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ पर्यटकों और पर्यटन कारोबारियों के लिए सुखद है। पर्यटन विभाग और गढ़वाल मंडल विकास निगम (जीएमवीएन), जिला प्रशासन चमोली, आईटीबीपी, स्कीइंग एंड स्नो बोर्ड एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के सहयोग से आयोजित होने वाले गेम्स में उत्तराखंड, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, जम्मू एंड कश्मीर समेत विभिन्न राज्यों की 16 टीमों के 200 प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी औली के आसपास के क्षेत्रों में बड़ी संख्या में पर्यटन आ रहे हैं। जिनके लिए विंटर गेम्स एक अतिरिक्त आकर्षण का केंद्र होगा। उधर, इस वर्ष हुई अच्छी बर्फबारी से पर्यटकों के चेहरे पर खुशी देखने को मिल रही है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भी प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की संभावनाएं जताई हैं। औली में होने वाले विंटर गेम्स फेडरेशन ऑफ इंटरनेशनल स्कीइंग द्वारा सर्टिफाइड स्लोप है। औली अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए दुनियाभर में मशहूर है। औली तक पहुंचने के लिए देश के सबसे तेज स्पीड वाला रोपवे बनाया गया है। सचिव पर्यटन दिलीप जावलकर ने कहा कि तीन दिवसीय राष्ट्रीय विंटर गेम्स के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। राष्ट्रीय विंटर गेम्स के सफल आयोजन के लिए विभाग प्रतिबद्ध है, जिससे प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ पर्यटन से जुड़े कारोबारियों को भी लाभ मिले। बीते कुछ वर्षों में साहसिक पर्यटन को लेकर देश-विदेश के पर्यटकों का रुख प्रदेश की ओर होने लगा है। इसका सीधा लाभ प्रदेश को मिल रहा है। उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित औली देश ही नहीं विदेश के प्रसिद्ध स्कीइंग स्थल में से एक है। यह जगह लंबे समय से पर्यटकों और साहसिक खेलों के शौकीनों को अपनी ओर आकर्षित करती रही है। स्कीइंग करने के अलावा पर्यटक यहां नंदा देवी, माणा और कामत जैसे पर्वत श्रृंखलाओं को भी देख सकते हैं।

एक नजर

भारत-विंडीज श्रृंखला : मयंक अग्रवाल टीम में शामिल

नई दिल्ली, 3 फरवरी : अखिल भारतीय वरिष्ठ चयन समिति ने भारतीय दल के सात सदस्यों के कोरोना संक्रमित निकलने के बाद, जिसमें टीम इंडिया के तीन खिलाड़ी (सीनियर पुरुष)भी शामिल हैं, मयंक अग्रवाल को भारतीय एकदिवसीय टीम में शामिल किया है। बीसीसीआई ने एक आधिकारिक बयान में कहा, ह्यसदस्यों को वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी पेटीएम तीन मैचों की एकदिवसीय और टी20 श्रृंखला के लिए 31 जनवरी 2022 को अहमदाबाद में रिपोर्ट करने के लिए कहा गया था। प्रत्येक सदस्य को अहमदाबाद की यात्रा शुरू करने से पहले घर पर आरटी-पीसीआर परीक्षण से गुजरने के लिए भी कहा गया था और यात्रा नकारात्मक परीक्षण के बाद ही की गई थी। बता दें कि सलामी बल्लेबाज शिखर धवन, तेज गेंदबाज नवदीप सैनी (स्टैंडबाय खिलाड़ी), श्रेयस अय्यर, रुतुराज गायकवाड़, फील्डिंग कोच टी. दिलीप, सुरक्षा संपर्क अधिकारी बी. लोकेश और स्पोर्ट्स मसाज थेरेपिस्ट राजीव कुमार के आरटी-पीसीआर टेस्ट सकारात्मक आए हैं।

अंडर19 : आस्ट्रेलिया को हराकर भारत फाइनल में पहुंचा

नई दिल्ली, 3 फरवरी : आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप के सेमीफाइनल मैच में भारत ने आस्ट्रेलिया को 96 रनों से हराकर फाइनल के लिए जगह बना ली है। अब फाइनल में भारत का मुकाबला 5 फरवरी को इंग्लैंड से होगा। भारत ने लगातार चौथी बार फाइनल में जगह बनाई है। एंटीगा के कूलिज क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए सेमीफाइनल मैच में भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसल किया और पांच विकेट खोकर 290 रन बनाए। इस पारी में कप्तान यश ढुल ने 110 और शेख रशीद ने 94 रन बनाए। भारत के 291 रन की चुनौती के जवाब में ऑस्ट्रेलिया 41.5 ओवर्स में ही 194 रन पर सिमट गई। भारत के विकी ओस्तवाल ने तीन, निशांत सिंधू और रवि कुमार ने दो-दो विकेट हासिल किए। भारत ने आस्ट्रेलिया को 96 रन से हराकर अंडर 19 क्रिकेट विश्वकप प्रतियोगिता में लगातार चौथी बार और कुल आठवीं बार फाइनल में स्थान बनाया है। इस प्रतियोगिता का फाइनल 5 फरवरी को खेला जाएगा। इस खिताबी मुकाबले में भारत का मुकाबला इंग्लैंड से एंटीगा में होगा। उल्लेखनीय है कि अब तक आईसीसी अंडर19 वर्ल्ड कप के सात फाइनल मैचों में भारत ने सबसे अधिक चार बार जीत दर्ज की है। फाइनल मैच में भारत की प्रतिद्वंदी टीम इंग्लैंड एक बार ही इस टूनार्मेंट जीत सकी है।

केन्द्र सरकार ने खेलो इंडिया कार्यक्रम का फैसला

नई दिल्ली, 3 फरवरी : केन्द्र सरकार ने खेलो इंडिया - खेल के विकास के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम की योजना को 15वें वित्त आयोग चक्र (2021-22 से 2025-26) तक जारी रखने का निर्णय लिया है और इसके लिए 3165.50 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने खेलो इंडिया योजना को जारी रखने की मंजूरी देने के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया। ठाकुर ने कहा, खेलो इंडिया योजना में पांच साल के विस्तार और बजट 2022 में बजट आवंटन में 48 प्रतिशत के इजाफे से इसे राष्ट्रीय स्तर पर महत्व देने तथा इसे प्रधानमंत्री पुरस्कार योजना में शामिल करने के लिए मंत्रालय और सभी हितधारकों की ओर से मैं प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करता हूं। खेलो इंडिया कार्यक्रम में खेल के मैदान का विकास, सामुदायिक कोचिंग, खेलों को बढ़ावा देना, ग्रामीण/स्वदेशी खेलों, दिव्यांगो के लिए खेल और महिला खेलों के लिए स्कूल और विश्वविद्यालय दोनों स्तरों पर एक मजबूत खेल प्रतियोगिता संरचना की स्थापना, चुनिंदा विश्वविद्यालयों में खेल उत्कृष्टता के केंद्रों के निर्माण सहित खेल के बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण अंतराल को भरना, प्रतिभा की पहचान और विकास, खेल अकादमियों को सहायता, स्कूली बच्चों के लिए राष्ट्रीय शारीरिक फिटनेस अभियान का कार्यान्वयन शामिल है।

मेलबर्न रेनगेड्स के साथ जुड़े शॉन मार्श

मेलबर्न, 3 फरवरी : ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के बल्लेबाज शॉन मार्श ने गुरुवार को मेलबर्न रेनगेड्स के साथ दो और सत्रों के लिए फिर से करार किया है। बाएं हाथ के स्टाइलिश बल्लेबाज मार्श अब बिग बैश लीग (बीबीएल) के 13वें संस्करण के अंत रेनगेड्स के साथ जुड़े रहेंगे। मार्श बीबीएल में सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में छठे स्थान पर हैं। उन्होंने 68 मैचों में 2398 रन बनाए हैं, जिसमें 22 अर्धशतक शामिल हैं। उन्होंने पिछले तीन सत्रों में रेनगेड्स के लिए 31 मैचों में 963 रन बनाए हैं - जिसमें आठ अर्धशतक शामिल हैं। मार्श ने कहा, मैं दो और सीजन के लिए इस क्लब का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हूं। उन्होंने कहा, हमें स्पष्ट रूप से पिछले कुछ वर्षों में एक टीम के रूप में वांछित परिणाम नहीं मिले हैं। मैं रेनगेड्स को फिर से उठने में मदद करने और उन सभी प्रशंसकों के लिए सफलता प्रदान करने के लिए दृढ़ हूं जिन्होंने हमारा समर्थन किया है और हमारे साथ जुड़े हुए हैं। 38 वर्षीय मार्श चोट के कारण बीबीएल 11 के पहले हाफ से चूक गए थे।

ईस्ट बंगाल ने चेन्नइयन का खेल बिगाड़ा

गोवा, 3 फरवरी : ईस्ट बंगाल ने हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2021-22 के लीग मुकाबले में पूर्व चैम्पियन चेन्नइयन को 2-2 की बराबरी पर रोक दिया। बुधवार रात वास्को डे गामा स्थित तिलक मैदान स्टेडियम में खेले गए लीग मुकाबले में शानदार प्रदर्शन के लिए ईस्ट बंगाल के मिडफील्डर वाहेनग्बाम लुवांग को हीरो ऑफ द मैच अवार्ड से नवाजा गया। रेड एंड गोल्ड ब्रिगेड हाफ टाइम तक दो गोल से पिछड़ी थी और वापसी करके मुकाबला ड्रा करना में सफल रही। इस परिणाम से कोच मारियो रिवेरा की टीम तालिका में एक स्थान ऊपर 10वें स्थान आ गई है। वो 15 मैचों एक जीत और सात ड्रा से मात्र 10 अंक जुटा सकी है। वहीं, चेन्नइयन एफसी को इस ड्रा से झटका लगा है, क्योंकि उसके शीर्ष चार में पहुंचने की उम्मीदों को झटका लगा है। हालांकि मोंटेनेग्रिन कोच बोजिदार बंदोविक की टीम को तालिका में एक स्थान का फायदा पहुंचा है और वो 14 मैचों में 19 अंक के साथ छठे स्थान पर आ गई है। उसने पांच मैच जीते हैं और चार ड्रा खेले हैं। मैच का पहला गोल दूसरे ही मिनट में आया, जब हीरा मंडल की आत्मघाती गलती ईस्ट बंगाल को भारी पड़ गई और चेन्नइयन को 1-0 की शुरूआती बढ़त मिल गई। बाएं फ्लैंक से बने एक हमले में ओवरलैपिंग करके आगे आए डिफेंडर जेरी लालरिंजुआला ने क्रॉस डाला, जिसे मिडफील्डर सुहैल पाशा ने हैड किया लेकिन गेंद ईस्ट बंगाल के डिफेंडर हीरा मंडल के पैरों से लगाकर गोलपोस्ट के अंदर चली गई। हीरा मंडल के इस आत्मघाती गोल से गोलकीपर अरिंदम भट्टाचार्य समेत पूरी रेड एंड गोल्ड ब्रिगेड हतप्रभ रह गई। 15वें मिनट में मिडफील्डर निंथोइंगनबा मीतेल ने गोलकर करके चेन्नइयन की बढ़त को 2-0 कर कर दिया।

दानापुर में युवक की गोली मार कर हत्या, विरोध में सड़क जाम, प्रदर्शन

पटना : पटना के दानापुर में गुरुवार को अपराधियों ने एक युवक की गोली मार कर हत्या कर दी। हत्या के बाद अपराधियों ने युवक के शव को दानापुर के अवस्थी घाट के नजदीक फेंक दिया। गुरुवार को युवक का शव मिलते ही आसपास के लोग आक्रोशित हो गये। गुस्साये लोगों ने दानापुर-दीघा मार्ग को जाम कर जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे लोग अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार, अवस्थी घाट के नजदीक रहनेवाला विकास कुमार (27 वर्ष, पिता स्वर्गीय कृष्णा साहू) प्राइवेट नौकरी करता था। घर का सबसे बड़ा बेटा होने के नाते विकास कुमार घर की सारी जिम्मेदारियों को खुद निभाता था। लोगों ने बताया कि बुधवार की रात कुछ लोगों से विकास कुमार का झगड़ा हुआ था।

इसके बाद विकास बुधवार की रात 10:00 बजे से अपने घर से अचानक लापता हो गया। परिवार के लोगों ने रातभर दानापुर के आसपास के इलाकों में खोजा, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। ढूंढ़ने के दौरान परिजनों को सूचना मिली कि अवस्थी घाट के नजदीक एक युवक का शव पड़ा है। इसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे। लोगों ने इसकी सूचना दानापुर थाने को दी। हत्या से गुस्साये लोगों ने सड़क जाम कर दिया। सड़क जाम के कारण दानापुर दीघा मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया। सड़क जाम कर रहे लोगों ने पुलिस प्रशासन के

खिलाफ जम कर नारे लगाये। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा-बुझा कर जाम खत्म करवाया। दानापुर एसपी सैयद इमरान मसूद ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हत्या के कारणों को पता लगाने में पुलिस जुट गयी है। उन्होंने बताया कि अपराधियों के द्वारा विकास कुमार के सिर में गोली मारी गयी है। उन्होंने कहा कि हत्या के कारणों का पता लगाने में पुलिस जुट गयी है।

आसपास के लोगों ने बताया कि विकास कुमार अपने तीन भाई-बहनों में सबसे बड़ा था। छोटा भाई चिंटू एवं एक बहन अंजली कुमारी का घटना की सूचना मिलते ही रो-रो कर बुरा हाल है। विकास की मां उषा देवी जो एक प्राइवेट स्कूल में दाई का काम किया करती हैं, उन्होंने बताया कि अवस्थी घाट के नजदीक से बुधवार की रात नन्नू और गोलू के द्वारा विकास कुमार के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया था। 2 घंटे बाद नन्नू और गोलू विकास कुमार को जबरन वहां से ले गये थे और रात्रि में ही विकास की गोली मारकर हत्या कर डाली।

उपमुख्यमंत्री ने की विभिन्न संगठनों के साथ प्री-बजट बैठक

पटना : बिहार के उप मुख्यमंत्री-सह-वित्त मंत्री तारकिशोर प्रसाद ने विभिन्न संगठनों के साथ प्री-बजट बैठक की। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि आज की प्री-बजट बैठक में विभिन्न संगठनों द्वारा कई महत्वपूर्ण सूचना प्राप्त हुए हैं, जिसकी बिंदुवार समीक्षा के उपरांत वित्त विभाग आवश्यक निर्णय करेगा। राज्य की खुशहाली और समृद्धि के लिए बिहार के आगामी बजट में उद्योग और उद्यमिता के विकास तथा स्वावलंबन की दिशा में ठोस प्रबंधों पर विचार होगा। इससे पहले बिहार प्रदेश भारतीय मजदूर संघ के प्रतिनिधि ने बिहार शताब्दी असंगठित कामगार दुर्घटना योजना का नामाकरण दंतोपंथ हेगड़ी बिहार शताब्दी असंगठित कामगार दुर्घटना योजना करने तथा योजना की राशि एक लाख से बढ़ाकर दो लाख

करने का अनुरोध किया। साथ ही रोजगार सृजन के लिए बिहार में बंद पड़े उद्योगों को रिवाइवल पैकेज देकर पुनर्जीवित करने का सुझाव दिया। स्वदेशी जागरण मंच के प्रतिनिधि ने राज्य के सभी 534 प्रखंडों में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, पशुपालन संबंधित कौशल केंद्रों को ₹सेंटर ऑफ एक्सीलेंस₹ के रूप में विकसित करने, कोटा (राजस्थान) अवधारणा के तहत बिहार के सभी शहरों में भी कोचिंग ग्राम अवधारणा के संरचनात्मक विकास के लिए बजट में आवश्यक प्रबंध करने का अनुरोध किया। भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधि ने वन्य प्राणियों से फसलों की रक्षा के लिए सरकार के स्तर पर वन्य पशुओं को नियंत्रित करने की व्यवस्था करने, धान गेहूं के समर्थन मूल्य पर खरीद की व्यवस्था पैक्स के अलावा अन्य एजेंसियों से करने का अनुरोध किया।

ट्रेन में अंडरवियर में घूमने वाले विधायक का विवादित बयान

अच्छा है नकली शराब पीकर मर रहे लोग...

पटना : जनता दल यूनाइटेड के विधायक गोपाल मंडल अक्सिर चर्चा में रहते हैं। कुछ माह पहले कभी ट्रेन में अंडरवियर में घूमने के कारण वो चर्चा में आये थे। अब उन्हों ने बिहार में जहरीली शराब के शिकार हुए लोगों को लेकर एक अजीबोगरीब बयान दे दिया है। इस बयान के लिए सोशल मीडिया में उनकी जमकर आलोचना हो रही है। गोपाल मंडल ने कहा, ह्यबॉर्डर सील कर दिए गए हैं इसलिए कम शराब आ रही है। खेत के रास्ते शराब लाई जाती है। ऐसे में बनाई हुई शराब पीएगा कोई तो मरेगा ही। गोपाल मंडल यहीं नहीं रुके। उन्होंने यहां तक कह डाला कि लोग मर रहे हैं तो जगह भी तो खाली होनी चाहिए। अगर ऐसे ही मरते रहेंगे तो जनसंख्या भी घटेगी। उन्होंने कहा, ह्यजब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बोल रहे हैं, मना कर रहे हैं तो फिर आप दारू क्यों पीते हैं? नीतीश कुमार ने पहले ही कहा है कि पीयोगे तो मरोगे।

लोग पीते क्यों हैं, मरने ही के लिए, जगह भी तो खाली होनी चाहिए। अगर ऐसे ही मरते रहेंगे तो जनसंख्या घटेगी। बॉर्डर सील कर दिए गए हैं इसलिए कम शराब आ रही है। खेत के रास्ते शराब लाई जाती है। गरीब आदमी के लिए ही शराब बंद की गई, ऐसे में अवैध रूप से बनाई हुई शराब पीएगा कोई तो मरेगा ही।

प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली कलश यात्रा

नवप्रदेश संवाददाता

सुर्यपुरा : प्रखंड अंतर्गत बलिहार मुख्य बाजार सूर्यपुरा स्थित बाबा बंगाल नाथ मंदिर परिसर में नवनिर्मित मंदिर के मां दुर्गा प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर बुधवार को कलश शोभायात्रा निकाली गई जिसमें घोड़ा ,बैंड बाजा के साथ ही स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु महिला पुरुषों के साथ ही युवक एवं युवतियों ने अपने अपने माथे पर विभिन्न रंग बिरंगो से सुशोभित कलश माथे पर लेकर माता रानी की जयकारा लगाते हुए पैदल यात्रा करते हुए सूर्यपुरा से चलकर सुप्रसिद्ध शक्ति पीठ माँ भलूनी भवानी धाम के तालाब से जलभरी करने के लिए निकल पड़े।

इस संबंध में पुरोहित बाबा संतोष ने बताया कि सूर्यपुरा बलिहार मुख्य बाजार स्थित सुप्रसिद्ध बाबा बंगाल नाथ के मंदिर परिसर में मेजर सिन्हा के सानिध्य में नवनिर्मित मंदिर के मां दुर्गा प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ की शुरूआत के लिए बुधवार को जल भरी करने के लिए शोभा यात्रा निकाला गया जो सूर्यपुरा बाबा बंगाल नाथ के मंदिर से चलकर सुप्रसिद्ध शक्तिपीठ मां भलूनी भवानी धाम के तालाब से जल भरी करने से पूर्व यज्ञ आचार्य के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण करने के बाद सूर्यपुरा के लिए चल पड़े फिर उक्त मंदिर में पहुंच कर सभी श्रद्धालुओं ने पूरी शुद्धता के साथ जल से भरे सभी पात्रों को यथा स्थान पर रखा।

तीसरे दिन 575 परीक्षार्थी अनुपस्थित, दो निलंबित

सीवान। जिले में चल रहे है इंटरमीडिएट की परीक्षा में तीसरे दिन 571 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए।जिला नियंत्रण कक्ष से मिली जानकारी के अनुसार प्रथम पाली में 16,624 परीक्षार्थियों को शामिल होना था जिनमें 16,414 परीक्षार्थी ही शामिल हुए। प्रथम पाली में 210 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें, वहीं दूसरी पाली में 22,733 परीक्षार्थियों को शामिल होना था जिनमें 22,368 परीक्षार्थी ही शामिल हुए अर्थात दूसरी पाली में 365 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें।

पिता को अंतिम सांस तक कैद की सजा

गया। बेटी से दुष्कर्म मामले में कोर्ट ने दोषी पाए गए पिता को अंतिम सांस तक कैद की सजा सुनाई है।पॉक्सो कोर्ट के विशेष जज नीरज कुमार ने गुरुवार को अभियुक्त पिता सुरेंद्र पासवान को 35 हजार रुपये जुमार्ना भी लगाया। वह नीम चक बथानी थाना क्षेत्र का रहने वाला है। कोर्ट ने विधिक सेवा प्राधिकार को दस लाख रुपया मुआवजा पीड़िता को देने का आदेश भी दिया है। विशेष लोक अभियोजक सुनील कुमार ने बताया कि अभियुक्त पिता सुरेंद्र पासवान अपनी नाबालिग बेटी से एक वर्ष से दुष्कर्म कर रहा था।

यूपी चुनाव में बिहारी दम दिखा रही है महिला नेत्री

नवप्रदेश संवाददाता

औरंगाबाद : भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश में अपनी सत्ता की वापसी के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती है। इस कारण योगी आदित्यानाथ को फरि से वहां का मुख्यमंत्री बनाने के लिए देश भर में भाजपा कार्यकर्ता यूपी पहुंच रहे हैं। रोहतास और औरंगाबाद जिले से भारी संख्या में कार्यकर्ता महिला नेत्री उषा सिंह के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पहुंची है तथा विधानसभा चुनाव के कमान संभाले हुई है । उषा सिंह भारतीय जनता पार्टी औरंगाबाद महिला मोर्चा के जिला महामंत्री हैं तथा उनकी पकड़ बिहार प्रदेश कार्यसमिति में मजबूत मानी जाती है। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व द्वारा उन्हें उत्तर प्रदेश के बस्ती जनपद अंतर्गत हरैया विधानसभा क्षेत्र में की जिम्मेवारी सौंपी गई है ।वह गत 1 सप्ताह से विधानसभा का दौरा कर पार्टी को जीत दिलाने के लिए परिश्रम कर रहे हैं। उषा सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में इस बार फरि कमल खिलेगा। लोगों के जुवां पर योगी आदित्यानाथ का नाम है। कोरोना काल में उन्होंने पूरे देश में बेहतर कार्य किया है। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्य की भी यहां खूब तारीफ हो रही है। उन्होंने ने महिला मोर्चा के कार्यकताओं से मिली। वे यहां महिला शक्ति महासंपर्क अभियान का नेतृत्व कर रहीं हैं।

महिलाओं को सदन में उचित भागीदारी जरूरी : शबनम

राजेश सिंह नवप्रदेश पटना

ज्ञान,कर्म,तपस्या,बलिदान,कई धर्मो के संगम एवं लोकतंत्र की जननी बिहार सदियों से संघर्ष करता आ रहा हैं और इस संघर्ष करने वाली धरती पर अनेकों ने अपनी कर्मठता,दक्षता,योग्यता एवं अनुभव के दम पर बिहार का नाम विश्व के मानस पटल पर सुनहरे शब्दो मे अंकित किया हैं। चाहे बात प्राचीन काल की हो या मध्य- आधुनिक।हम सम्राट अशोक की मजबूत विकसित शासन प्रणाली की बात करें या शेरशाह के अल्पकाल शासन के विराट सोच की,आजादी के पूर्व गाँधी जी के चम्पारण सत्याग्रह से महात्मा बनने की या आजादी के बाद की जेपी के सम्पूर्ण क्रांति की ।कुछ तो बात हैं बिहार की उर्वरा में जिन्होंने यहाँ पसीने से खुद को भिगोया उसे बिहार ने सोने जैसी चमक से पूरे दुनिया में निखार दिया।

आज हम बिहार के गौरवशाली अतीत की बखान नहीं बल्कि अल्प समय से बिहार में संघर्ष करने वाली एक युवा महिला की चर्चा करेंगे जो न सिर्फ बिहार के विकास के लिए पारदर्शी रोड मैप तैयार कर रही हैं बल्कि महिला विकास मंच एवं अन्य संगठनों के माध्यम से आधी आबादी को जागरूक कर उनके हक एवं अधिकार के लिए प्रयास करने के साथ-साथ आधी आबादी को भी राजनीतिक हिस्सेदारी में बराबर की हक दिलाने के लिए मांग कर रही हैं। राजनीति में यह नई शख्सियत कोई और नहीं बल्कि राजधानी पटना के गांधी मैदान में आयोजित फरवरी 1994 की ऐतिहासिक कुर्मी चेतना महारैली के महानायक सतीश कुमार की बेटी शबनम लता हैं। शबनम जाति, धर्म क्षेत्र और समुदाय से ऊपर उठ बिहार की राजनीति में महिलाओ की भागीदारी का आवाज तो बुलंद करती ही साथ ही साथ युवाओं के भविष्य के प्रति भी काफी सजग दिखती हैं।उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में देश का हरेक राजनीतिक दल महिला प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ

बनाकर महिलाओं एवं युवाओं को अपनी पार्टी से आवश्य जोड़ लेता हैं लेकिन जब टिकट देने की बारी आती हैं तो वही राजनीतिक दल महिलाओं एवं युवाओं को अनदेखी कर देती हैं। राजनीति में जो सम्मान एवं हिस्सेदारी युवाओं एवं महिलाओं को मिलनी चाहिए वह नहीं मिल पाता हैं इसलिए युवाओं और महिलाओं को उचित भागीदारी के लिए आवश्य अपनी आवाज बुलंद करनी चाहिए भले ही वह किसी भी दल से जुड़े हो।

गौरतलब हो कि शबनम लता ने समाज के सभी लोगो के बीच विचार विमर्श तथा उनकी मांग पर ऐशो आराम की जिंदगी छोड़ अब लोगो के बीच उनकी आवाज बुलंद करती दिख रही हैं।इसी क्रम में उन्होंने जिला पार्षद का चुनावी मैदान लोगो के दिल में तो अपनी स्थान बना लिया लेकिन राजनीति के अंक गणित में मामूली अंतरो से चूक गई।शबनम बताती हैं कि धरातल पर बदलाव लाने के लिए राजनीति ही एक सशक्त माध्यम हैं। महिला विकास मंच के प्रदेश प्रभारी के रूप में कार्य के दौरान कई ऐसे केश के काउंसलिंग करने को मिले जिसने मुझे अंदर से झकझोर दिया। आज के समय में भी कहीं महिलाएं प्रताड़ित हैं तो कहीं पुरुष भी,इनके पीछे के कारण जानने की कोशिश किया तो पता चला की इसमें अधिकतर लोगो के बीच शिक्षा का आभाव था और अशिक्षित होने की वजह से बहुत सारी महिलाएं अपनी हक को ही नहीं समझ पाती हैं तो उसका लाभ क्या लेंगीचुनाव के समय वह क्षेत्र भ्रमण में कई ऐसे गांव का दौरा किया जो आज भी सड़क,बिजली और अन्य समस्याओं से जूझ रहे हैं और इन सबके पीछे का मूल कारण केवल यही दिखा कि इन क्षेत्रों में आज भी उत्तम शिक्षा का घोर आभाव हैं साथ ही साथ गरीबी युवाओं को शिक्षा से पहले मजदूरी की ओर धकेल देती हैं।तब मैने एक संकल्प लिया कि महिलाओ और युवाओं की दशा और दिशा में सुधार लाने के लिए मुझे आजीवन प्रयत्नशील होना पड़ेगा और राष्ट्र निर्माण में इनकी महत्ती भूमिका के साथ - साथ सामाजिक तथा आर्थिक विषमताओं को दूर करने का भरसक प्रयास हो।

संक्षिप्त

जमुई में ईंट व्यवसायी की हत्या

जमुई : सोनो थाना क्षेत्र के हरिहरपुर गांव में अपराधियों ने ईट व्यवसायी की तेजधार हथियार से हत्या कर दी। मिली जानकारी के अनुसार ईंट व्यवसायी घर से 2 लाख रुपये लेकर घर से बाहर निकले थे। रास्ते में अपराधियों ने धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। परिजनों ने सोनो अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए जमुई सदर अस्पताल रेफर कर दिया। इलाज के दौरान ईट व्यवसायी की मौत हो गई। मृतक की पहचान हरिहरपुर गांव के रामदेव सिंह उर्फ भज्जू के रूप में हुई है।

नवनिर्वाचित जिला परिषद अध्यक्ष सम्मानित

बगहा : पश्चिम चंपारण के नवनिर्वाचित जिला परिषद अध्यक्ष निर्भय कुमार काजी का जदयू कार्यालय के सामने पार्टी कार्यकताओं और आमजन ने स्वागत किया है। जदयू जिलाध्यक्ष सह विधान पार्षद भीष्म सहनी और जिला उपाध्यक्ष जयेंद्र सिंह ने जिला परिषद अध्यक्ष को अंग वस्त्र से सम्मानित किया। सभी कार्यकताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अपने एक साथी के जिला परिषद अध्यक्ष बनने पर खुशी व्यक्त की है।

लापरवाही पर नपेंगे कर्मचारी

बिहारशरीफ : जिले में रहुई प्रखंड किसान भवन में गुरुवार को पंचायत समिति की बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों पर टीएचआर धांधली का मुद्दा छाया रहा। इसमे शिक्षा, सात निश्चय योजना, पैक्स, स्वाथ्य विभाग, आवास, पीडीएस, कबीर अंत्येष्टि, कन्या विवाह योजना, दाखिल खारिज, प्रखंड कार्यालय में सम्पर्क पथ व सौंदर्यीकरण की समीक्षा भी हुई। 15वीं वित्त आयोग से मिली राशि व पूर्व की योजनाओं की समीक्षा के बाद इसे निरस्त कर नयी योजनाएं ली गयी। प्रखंड शिक्षक नियोजन पर भी चर्चा हुई।

संदेहास्पद परिस्थिति में छात्र की मौत

सहरसा : सदर थाना क्षेत्र के हटियागछी में संचालित एक निजी आवासीय विद्यालय में पढ़ाई कर रहे वर्ग छह के छात्र की संदेहास्पद परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक के पिता ने पुत्र की मौत के लिए स्कूल प्रबंधन को जिम्मेदार ठहराते हुए थाने में प्राथमिकी के लिए आवेदन दिया है। मृतक मधेपुरा जिले के घैलाढ़ प्रखंड के ररिआहा गांव वासी गणपति यादव का 12 वर्षीय पुत्र ब्रजेश कुमार है।

विद्युत उप केंद्र का होगा निर्माण : डीएम

बगहा : ।जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने बैठक उपरांत बताया कि बगहा-02 प्रखंड क्षेत्र में 132/33 केवी विद्युत उपकेन्द्र का निर्माण के लिए खरहट, डुमवलिया, नारायणगढ़, बैरिया खुर्द, गोइती, सुखवन तथा पोखरभिन्डा में आठ एकड़ की भूमि अंचलाधिकारी द्वारा चिन्हित कर लिया गया है। उक्त स्थलों में से पोखरभिन्डा क्षेत्र मेंआठ एकड़ भूमि पर 132/33 केवी विद्युत उप केन्द्र का निर्माण प्रस्तावित है।

एक्सीडेंट क्लेम मामले में याचिका दायर

पटना : राज्य सरकार की ओर से बिहार मोटर व्हीकल एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल से जुड़े कानून में किये गए संशोधन को मोटर व्हीकल एक्ट, 1988 के प्रावधानों, संविधान के प्रावधानों, केंद्रीय कानून के प्रावधानों सहित एडवोकेट एक्ट के प्रावधानों के अधिकार क्षेत्र से बाहर बताते हुए इस मामले में पटना हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई है।

60 बोतल कोरेक्स बरामद

सहरसा : रेल जीआरपी की स्पेशल जांच टीम ने पटना से सहरसा आ रही राज्यरानी एक्सप्रेस ट्रेन के कोच संख्या - डी/8 में लावारिस अवस्था में पड़े बैग से 60 बोतल कोरेक्स कफ सिरफ बरामद किया है। जीआरपी के एएलटीएफ-2 टीम के एसआई गजेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि पटना से सहरसा आ रही राज्यरानी सुपरफास्ट ट्रेन संख्या - 12568 के कोच डी-8 से लावारिस बैग बरामद हुआ। जिसकी जांच करने पर उसमें रखे 60 बोतल कोरेक्स कफ सिरप बरामद किया है।

एक नजर

इलाके में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़

औरंगाबाद : जिले के पचरुखिया जंगल में गुरुवार को नक्सलियों और पुलिस के बीच मुठभेड़ की जानकारी मिल रही है। दोनों ओर से दर्जनों राउंड फायरिंग हो चुकी है। मुठभेड़ फिलहाल जारी है, एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। सीआरपीएफ और कोबरा जवानों को औरंगाबाद-गया सीमावर्ती क्षेत्र के पचरुखिया जंगल में नक्सलियों का जमावड़ा होने की सूचना मिली थी। नक्सली कोई बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए एकत्रित हो रहे थे। लिहाजा कोबरा व सीआरपीएफ जवानों द्वारा संयुक्त रूप से यह ऑपरेशन की जा रही है। जंगल में जवानों पर नक्सलियों की नजर पड़ गयी। इसके बाद जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी गयी। इसके बाद जवानों ने भी मोर्चा संभाला और जवाबी कार्रवाई की। कार्रवाई मे किसी तरह की हताहत की खबर अब तक नहीं मिली है। जवानों की कार्रवाई जारी है।

पीएमसी बैंक के डायरेक्टर दलजीत सिंह गिरफ्तार

मोतिहारी : महाराष्ट्र पीएमसी बैंक (पंजाब एंड सिन्ध बैंक) के 4355 करोड़ स्कैम के मुख्य आरोपी बैंक के डायरेक्टर दलजीत सिंह बल को रक्सौल बॉर्डर पर गुरुवार को गिरफ्तार किया गया। देश छोड़कर भागने के दौरान रक्सौल बॉर्डर पर इमिग्रेशन विभाग ने यह कार्रवाई की है। गौरतलब है कि इस इस काम को लेकर डायरेक्टर की काफी दिनों से खोजबीन पुलिस की ओर से की जा रही थी। वह देश छोड़कर भागने के फिराक में लंबे समय से थे। नेपाल के रास्ते हो विदेश जाने का प्लान था। लेकिन इमीग्रेशन की टीम ने उन्हें धर दबोचा। बताया जा रहा है कि नेपाल प्रवेश करने से 200 मीटर पहले ही एमिग्रेशन विभाग ने पीएमसी बैंक के डायरेक्टर दलजीत सिंह बल को हिरासत में ले लिया। इमिग्रेशन विभाग ने मुंबई एडह विभाग को सूचना दे दी है। फिलहाल, दलजीत सिंह बल को रक्सौल थाना में रखा गया। सूत्रों की मानें तो एडह की टीम पटना पहुंच चुकी है। इस मामले में कोई भी अधिकारी कुछ नही बोलने से बच रहे हैं।

अनुकरणीय है शहीद जगदेव के विचार : डॉ अरुण

विक्रमगंज : शहीद जगदेव प्रसाद की 100 वीं जयंती बुधवार को जन्म शताब्दी समारोह के रूप में मनाई गई। नगर परिषद बिक्रमगंज के धनगांई स्थित कुलवंती सुमन सिंह मेमोरियल समुदायिक भवन में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए शहर के बहुचर्चित चिकित्सक सह एस बी डी पब्लिक स्कूल के निदेशक डॉ अरुण ने शहीद जगदेव प्रसाद के विचारों को अनुकरणीय बताया। उन्होंने कहा कि समाज विसंगतियों का दंश झेल रहा था उस समय जगदेव प्रसाद ने शोषित वंचित एवं दलित पिछड़ों का आवाज बनाने का काम किया। इस विशेषता के कारण भले ही उन्हें मार दिया गया परंतु उनकी आवाज वर्तमान में भी इन वर्ग के कानो तक गूंजयमान है। उनका वह संघर्ष समाज के वंचित वर्ग के लिए वरदान साबित हुआ है। इसके साथ ही युवाओं को अध्ययन करने तथा शिक्षा को अपना हथियार बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त बीडीयो हीरालाल सिंह एवं संचालन प्रधानाध्यापक कामेश्वर सिंह ने किया। आयोजकों द्वारा अतिथियों तथा समाज के बुद्धिजीवियों को अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। मौके पर प्रधानाध्यापक अशोक कुमार, हरिचरण कुशवाहा, आर्जमा सिंह, डॉ अशोक सिंह, डॉ सुरेश कुशवाहा, जयप्रकाश सिंह, अरुण कुमार एवं विनोद कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत शहीद जगदेव प्रसाद के तैलचित्र पर पुष्प अर्पण से किया गया।

मैरवा धाम पर सूर्य नमस्कार

सीवान : ।आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत देश भर में आयोजित होने वाले 75 करोड़ सूर्य-नमस्कार संकल्प कार्यक्रम के तहत गुरुवार को क्रीड़ा भारती-सीवान के तत्वावधान में जिले के मैरवा धाम स्थित हरिराम डिग्री कॉलेज के परिसर में सूर्य-नमस्कार कार्यक्रम संपन्न संपर्क हुआ। कार्यक्रम में सीवान जिला बॉल बेडमिंटन संघ के खिलाड़ियों , राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थानीय स्वयंसेवकों, क्रीड़ा भारती के सदस्यों सहित नगर के अनेक युवाओं एवं गणमान्य लोगों ने भाग लिया।इस अवसर पर क्रीड़ा भारती उत्तर बिहार प्रांत सूर्य नमस्कार आयाम के प्रमुख चंदन दुबे ने 75 करोड़ सूर्य नमस्कार संकल्प कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहां कि हम खिलाड़ी सूर्य नमस्कार संकल्प कार्यक्रम के माध्यम से देश की आजादी का अमृत महोत्सव मनाते हुए अपने देश के शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर रहे हैं।

सीवान में तीसरे दिन 575 परीक्षार्थी अनुपस्थित

सीवान : जिले में चल रहे है इंटरमीडिएट की परीक्षा में तीसरे दिन 571 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए।जिला नियंत्रण कक्ष से मिली जानकारी के अनुसार प्रथम पाली में 16,624 परीक्षार्थियों को शामिल होना था जिनमें 16,414 परीक्षार्थी ही शामिल हुए। प्रथम पाली में 210 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें, वहीं दूसरी पाली में 22,733 परीक्षार्थियों को शामिल होना था जिनमें 22,368 परीक्षार्थी ही शामिल हुए अर्थात दूसरी पाली में 365 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें। आज परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। गुरुवार को प्रथम पाली में ही दो परीक्षार्थियों को कदाचार के आरोप में निलंबित किया गया। जिला नियंत्रण कक्ष से मिली जानकारी अनुसार शहर के भी एम इंटर कॉलेज से एक परीक्षार्थी और डायट से एक परीक्षार्थी को कदाचार के आरोप में निलंबित किया गया।

विद्युत उप केंद्र का होगा निर्माण : डीएम

बगहा : जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने बैठक उपरांत बताया कि बगहा-02 प्रखंड क्षेत्र में 132/33 केवी विद्युत उपकेन्द्र का निर्माण के लिए खरहट, डुमवलिया, नारायणगढ़, बैरिया खुर्द, गोइती, सुखवन तथा पोखरभिन्डा में आठ एकड़ की भूमि अंचलाधिकारी द्वारा चिन्हित कर लिया गया है। उक्त स्थलों में से पोखरभिन्डा क्षेत्र मेंआठ एकड़ भूमि पर 132/33 केवी विद्युत उप केन्द्र का निर्माण प्रस्तावित है। विद्युत अधीक्षण अभियंता, संचरण अंचल मोतिहारी, नीरज कुमार सिंह ने बताया कि वर्तमान में बगहा प्रखंड को रामनगर विद्युत ग्रिड से सप्लाई होती है। रामनगर ग्रिड से सप्लाई होने से कभी-कभार ब्रेक डाउन की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। बगहा-02 में उच्च क्षमता वाले ग्रिड का निर्माण हो जाने से विद्युत समस्याओं का निराकरण स्वतः हो जायेगा।

निर्माणाधीन प्रेक्षागृह का निरीक्षण करते डीएम

मोतिहारी : मोतिहारी के कचहरी रोड मे बन रहे 2000 क्षमता वाले प्रेक्षागृह(गांधी स्मृति भवन) का आज जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक ने निरीक्षण कर कार्य प्रगति का जायजा लिया।

सरस्वती पूजा. शांति समिति की बैठक आयोजित

नवप्रदेश संवाददाता

सूर्यपुरा : थाना परिसर में गुरुवार को सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता बीडीओ वीणा पाणी ने किया जबकि संचालन थानाध्यक्ष अविनाश कुमार के द्वारा किया गया। बैठक में उपस्थित थाना क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों को बीडीओ ने बताया की इस साल भी कोविड-19 के गाइड लाइन के मिले जिला प्रशासन के निदेर्शानुसार सरस्वती पूजा का आयोजन के लिए किसी भी पूजा संस्थान को लाइसेंस निर्गत नहीं किया जाएगा, साथ ही डीजे बजाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध है जुलूस भी नहीं निकाला जाएगा, वहीं सार्वजनिक स्थलों पर सरस्वती पूजा के लिए पंडाल नहीं बनाने की बात कही जबकि भीड़ भाड़ से परहेज करते हुए पूजा करने वाले सदस्यों को कोविड-19 के गाइड लाइन के अनुसार मास्क पहनकर एवं हैंड सैनिटाइजर भी रखने की सख्त चेतावनी दी गई आगे यह भी बताया गया कि सरस्वती माता की प्रतिमा का विसर्जन हर हाल में 6 तारीख रविवार को अवश्य ही कर देना है , किसी भी तरह का सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन पर पूरी तरह से प्रतिबंध है इन नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर जेएसआई सत्य किशोर सिंह, एएसआई जय प्रकाश पांडे ,विजय राम, वरुण चौधरी, थाना मैनेजर रिपु कुमार, मुखिया प्रमोद कुमार चंद्रवंशी, पूर्व मुखिया सीताराम सिंह, आदि मौजूद थे।

संक्षिप्त

बुजुर्ग से पैसे ऐंठ पड़ोसी हुआ फरार

नई दिल्ली : बाहरी उत्तरी जिले के शाहबाद डेयरी इलाके में अकेले रहने वाले बुजुर्ग दंपत्ती से पड़ोस में रहने वाले व्यक्ति ने पहले उसका प्लॉट बिकवाया और फिर झांसा देकर उसको मुनाफे का लालच देकर 20 लाख रुपये ऐंठ लिये। पुलिस दंपति के बयान पर मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

भारत के राजदूत उपराष्ट्रपति से मिले

नई दिल्ली : म्यांमार में भारत के मनोनीत राजदूत विनय कुमार ने गुरुवार को उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू से यहां शिष्टाचार भेंट की। विनय कुमार भारतीय विदेश सेवा के 1992 बैच के अधिकारी हैं। उन्हें नवंबर माह में म्यांमार में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया था। इससे पूर्व वे मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव के पद पर कार्यरत थे।

तय समय पर ही होगी गेट की परीक्षा

नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने इंजीनियरिंग के ग्रेजुएट छात्रों की योग्यता तय करने के लिए होने वाली गेट परीक्षा टालने की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि परीक्षा से 48 घंटे पहले इसे टालने का आदेश भ्रम और समस्या पैदा करेगा।

बंगाल में खुल गए स्कूल-कॉलेज

कोलकाता : मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की घोषणा के मुताबिक पश्चिम बंगाल में स्कूल कॉलेज आज यानी गुरुवार से खुल गए हैं। आठवीं से बारहवीं तक की कक्षाओं में पठन-पाठन शुरू कर दिया गया है। गुरुवार सुबह यूनिफार्म में बच्चे एक बार फिर स्कूल जाते नजर आए ।

राहुल गांधी ने छग को दी कई सौगातें

रायपुर : कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में छत्तीसगढ़ को कई ऐतिहासिक सौगातें दी। उन्होंने बस्तर डोम में माई दंतेश्वरी देवी की पूजा अर्चना कर ह्यराजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजनाह्न और ह्यराजीव युवा मितान क्लब योजनाह्न का शुभारंभ किया। साथ ही उन्होंने नवा रायपुर में प्रस्तावित ह्यसेवाग्रामह्न और शहीद जवानों की याद में 'छत्तीसगढ़ अमर जवान ज्योति' की आधारशिला रखी।

मालेगांव विस्फोट का 17वां गवाह पलटा

मुंबई : मालेगांव बम विस्फोट की विशेष कोर्ट में सुनवाई के दौरान गुरुवार को 17वां गवाह भी मुकर गया है। इस गवाह ने मामले में एंटी टेरोरिस्ट स्काड (एटीएस) पर 4 दिनों तक अपहरण किए जाने और बाद में जबरन आरएसएस नेताओं का नाम लेने के लिए दबाव डालने का भी आरोप लगाया है। मालेगांव बम विस्फोट मामले की विशेष कोर्ट में सुनवाई के दौरान इस मामले के 15वें गवाह ने भी इसी तरह आरोप एटीएस पर लगाया था।

मौजूदा कोरोना लहर में सर्जरी सुरक्षित

नई दिल्ली : केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक मौजूदा कोरोना लहर में सर्जरी पूरी तरह सुरक्षित है और आवश्यक सर्जरी को टालने की जरुरत नहीं है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव लव अग्रवाल ने गुरुवार को बताया कि पिछली दो कोरोना लहर के विपरीत इस लहर में किए गए डेटा आकलन से यह बात स्पष्ट हुई है कि सभी सर्जरी सुरक्षित है।

सीमा कुशवाहा बनीं बसपा की प्रवक्ता

लखनऊ : बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने एडवोकेट सीमा कुशवाहा को पार्टी का राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया है। यह जानकारी गुरुवार को पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सतीश चन्द्र मिश्रा ने दी। विगत 20 जनवरी को सीमा कुशवाहा ने बसपा की सदस्यता ग्रहण की थी।

दिख रहे भविष्य के संघर्ष : नरवणे

- चीन-पाकिस्तान सीमा पर रणनीतिक लक्ष्य हासिल करने के प्रयास जारी रहेंगे
- आज की 'वास्तविकता' देखकर भारत को लगानी है भविष्य की ओर छलांग

नई दिल्ली : सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे ने गुरुवार को चीन और पाकिस्तान से मिलने वाली राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों पर कहा कि भारत अपनी दूरदृष्टि से भविष्य में होने वाले संघर्षों को देख रहा है। हमें इन 'ट्रेलरों' के आधार पर कल के युद्धक्षेत्र की रूपरेखा की कल्पना करनी है। दोनों देशों की अस्थिर और सक्रिय सीमाओं पर हम रणनीतिक लक्ष्यों को हासिल करने के लिए किये जा रहे प्रयासों को जारी रहेंगे। अगर आप अपने आस-पास देखेंगे तो पाएंगे कि कल की 'विज्ञान-कथा' आज की 'वास्तविकता' है, इसलिए हमें भी भविष्य की ओर छलांग लगानी है।

जनरल नरवणे ने एक ऑनलाइन संगोष्ठी में कहा कि भारत 'अद्वितीय, पर्याप्त और बहु-डोमेन' सुरक्षा चुनौतियों का सामना कर रहा है, इसीलिए उत्तरी सीमाओं पर आवश्यकता को देखते हुए पर्याप्त रूप से सक्षम बलों को तैनात किया गया है। चीन और पाकिस्तान का नाम लिए बिना सेनाध्यक्ष ने कहा कि परमाणु सक्षम पड़ोसियों के साथ विवादित अस्थिर और सक्रिय सीमाएं छद्म युद्ध का सामना कर रही हैं। उन्होंने कहा कि हम भविष्य के संघर्षों के ट्रेलर देख रहे हैं। ये सूचना युद्ध के मैदान पर, नेटवर्क और साइबर स्पेस में दैनिक रूप से लागू किए जा रहे हैं। अब हमें इन ट्रेलरों के आधार पर कल के युद्धक्षेत्र की रूपरेखा की कल्पना करनी है। अगर आप अपने आस-पास देखेंगे तो आपको आज की हकीकत का पता चल जाएगा।

सेना प्रमुख ने कहा कि उत्तरी सीमाओं के घटनाक्रम ने देश की संप्रभुता और अखंडता को बनाए रखने के लिए आधुनिक तकनीक से सक्षम बलों की जरूरतों को पूरा किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारा विरोधी अपने रणनीतिक लक्ष्यों को हासिल करने के लिए अपने प्रयासों को जारी रखेगा, जिसमें राजनीतिक, सैन्य और आर्थिक क्षेत्रों में ग्रे जोन की गतिविधियां भी शामिल हैं। पूर्वी लद्दाख का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि 2020 की घटनाएं सभी डोमेन में सुरक्षा खतरों की विविधता की गवाही रही हैं, जिन्होंने ग्रे जोन युद्ध की ओर ध्यान आकर्षित किया है। उन्होंने कहा कि हमें युद्ध के गैर-संपर्क और संपर्क मोड दोनों में क्षमताओं को बढ़ाने की आवश्यकता है।

एमपी पहला राज्य होगा, जहां हिंदी में होगी मेडिकल की पढ़ाई

भोपाल : मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गणतंत्र दिवस पर प्रदेशवासियों के नाम अपने संदेश में प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा का पाठ्यक्रम हिन्दी में किये जाने की घोषणा के क्रम में चिकित्सा शिक्षा विभाग ने कार्यवाही शुरू कर दी है। कार्यवाही पूर्ण होने के बाद मध्य प्रदेश देश का पहला राज्य होगा, जहां मेडिकल की पढ़ाई हिन्दी में होगी। प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने गुरुवार को बताया कि मुख्यमंत्री चौहान की मंशा अनुरूप प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधीन संचालित चिकित्सा महाविद्यालयों में चिकित्सा पाठ्यक्रम को हिन्दी में पढ़ाये जाने की कार्यवाही जारी है। इसी अनुक्रम में कार्यवाही कर गांधी चिकित्सा महाविद्यालय, भोपाल से इसकी शुरूआत करने के निर्देश दिये गये हैं।

मंत्री सारंग ने बताया कि चिकित्सा शिक्षा के पाठ्यक्रम में हिन्दी भाषा के उपयोग को बढ़ावा देने और एमबीबीएस के प्रथम वर्ष के विषयों के लिए हिन्दी में सप्लीमेंट्री पुस्तकों को तैयार करने के लिये विषय-विशेषज्ञों से चर्चा भी की गई। उन्होंने अटल बिहारी हिन्दी विश्वविद्यालय के कुलपति, रजिस्ट्रार तथा एम्स भोपाल और गांधी चिकित्सा महाविद्यालय के चिकित्सकों के साथ आयुक्त चिकित्सा शिक्षा की उपस्थिति में विचार-विमर्श किया। प्रथम चरण में चिकित्सा शिक्षा के पाठ्यक्रम को पढ़ाते समय चिकित्सा शिक्षक हिन्दी भाषा का अधिकाधिक प्रयोग करेंगे। साथ ही प्रथम वर्ष के चिकित्सा छात्रों की स्टडी कर आकलन किया जायेगा। पहले हिन्दी पृष्ठभूमि के छात्रों का दो माह अंग्रेजी माध्यम से एवं दो माह हिन्दी भाषा के उपयोग से पठन-पाठन का आकलन भी किया जायेगा। द्वितीय चरण में एमबीबीएस प्रथम वर्ष के तीन विषयों (एनाटॉमी, फिजियोलॉजी एवं बायो-केमेस्ट्री) की पूरक संदर्भ पुस्तकों को हिन्दी भाषा में तैयार किया जायेगा। इस कार्य-योजना को पूरा करने के लिए तीन समिति बनायी गयी है। चिकित्सा पाठ्यक्रम में हिन्दी के उपयोग एवं हिन्दी में पूरक संदर्भ पुस्तकों को तैयार करने की कार्य-योजना तैयार करने के लिये समिति गठित की गई है। कार्य-योजना को मूर्तरूप देने के लिये अटल बिहारी हिन्दी विश्वविद्यालय का मार्गदर्शन प्राप्त किया जायेगा। एमबीबीएस प्रथम वर्ष के विषय एनाटॉमी, फिजियोलॉजी एवं बायो-केमेस्ट्री की हिन्दी में पूरक संदर्भ पुस्तकें तैयार करने के लिये उप समिति गठित की गई। द्वितीय उप समिति द्वारा हिन्दी में तैयार किए गए विषय को पुनः सूक्ष्म रूप से परिष्कृत करने के लिये एक सत्यापन उप समिति भी गठित की गई है।

भाजपा राज में यूपी दंगामुक्त : योगी

लखनऊ : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने पांच साल कार्यकाल का ब्यौरा रखते हुए कहा कि बसपा सरकार में 2007 से 2012 तक 364 दंगे हुए। समाजवादी पर्टी (सपा) की सरकार में 2012 से 2017 के बीच 700 से ज्यादा बड़े दंगे हुए। वहीं बीते पांच साल में कोई दंगा नहीं हुआ। न ही प्रदेश में कोई आतंकी घटना हुई।

उन्होंने कहा, 'उत्तर प्रदेश पहला राज्य है, जहां पिछले पांच साल में कोई दंगा नहीं हुआ। यह हमारी सरकार में हुआ है। उन्होंने कहा कि इसके बाद सरकार चुप नहीं बैठी है। हम आगे की तैयारी में जुट गये हैं। देवबंद में एटीएस सेंटर की स्थापना हो रहा है। पुलिस रिफार्म किया गया है। चार बड़े शहरों में पुलिस कमिश्नरेट व्यवस्था लागू की गयी है। उत्तर प्रदेश में एंटी रोमियो स्क्वाड सफलतापूर्वक काम कर रही है। इसी तरह, सपा शासन काल में दंगों और अपराध के सत्ता पोषित होने का आरोप लगाते हुए उन्होंने एनसीआरबी के ताजा आंकड़ों के हवाले से यूपी के बदले हालात की स्थिति बयान की। उन्होंने बताया कि 'एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में डकैती में 58 फीसदी, हत्या के मामलों में 23 फीसदी, फिरौती में 53 फीसदी और बलात्कार के मामलों में 45 फीसदी की कमी आई है। यही नहीं, बीते पांच साल में 694 पेशेवर अपराधियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्रवाई हुई। उन्होंने कहा कि माफिया जो बेटी-बहनों की सुरक्षा के लिए खतरे थे, उनकी 2046 करोड़ की प्रॉपर्टी को ध्वस्त किया गया।

इराक व सीरिया पर तुर्की विमानों का हमला, 4 मरे

बगदाद : तुर्की के युद्धक विमानों ने इराक और सीरिया के भीतर संदिग्ध कुर्दिश विद्रोहियों के ठिकानों पर हमले किये हैं। इराक में स्थित संयुक्त राष्ट्र मिशन के मुताबिक इन हमलों में कम से चार लोगों को मारे जाने की खबर है।

तुर्की पर कुर्दिश विद्रोहियों के तमाम हमलों के प्रतिकार स्वरूप तुर्किश युद्धक विमानों का निशाना इराक और सीरिया के तमाम इलाके बने हैं। इराक में संयुक्त राष्ट्र संघ के मिशन (यूएनएएमआई) ने ट्वीट कर जानकारी दी कि तुर्की के हमले से आम लोगों को जानमाल का नुकसान हुआ है। कम से कम चार लोगों के मारे जाने क पुष्टि करते हुए मिशन के ट्वीट में इराक के निनेवा शहर में हवाई हमलों की बात कही गयी है। यूएनएएमआई ने कहा कि इराक की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का हर कीमत पर, हर समय सम्मान किया जाना चाहिए। संदेश में दोहराया गया है कि स्थानीय आबादी की हिफाजत सुनिश्चित की जानी होगी। साथ ही कहा गया है कि सभी विवादों का निपटारा बातचीत व सहयोग के जरिये किया जाना चाहिए।

'स्टैच्यू ऑफ इक्वेलिटी' राष्ट्र को करेंगे समर्पित

नई दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को हैदराबाद का दौरा करेंगे और वहां 11वीं सदी के संत और समाज सुधारक श्री रामानुजाचार्य की 216 फुट ऊंची प्रतिमा ह्यस्टैच्यू ऑफ इक्वेलिटीह्न राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने गुरुवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 5 फरवरी को हैदराबाद का दौरा करेंगे।

प्रधानमंत्री लगभग 2:45 बजे हैदराबाद के पाटनचेरु में अर्ध-शुष्क उष्णकटिबंधीय के लिए अंतरराष्ट्रीय फसल अनुसंधान संस्थान (आईसीआरआईएसएटी) परिसर का दौरा करेंगे और संस्थान की 50वीं वर्षगांठ समारोह की शुरूआत करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री शाम को करीब 5 बजे हैदराबाद में ह्यस्टैच्यू ऑफ इक्वेलिटीह्न राष्ट्र को समर्पित करेंगे। कार्यक्रम के दौरान रामानुजाचार्य की जीवन यात्रा और शिक्षा पर थ्रीडी प्रेजेंटेशन भी प्रदर्शित की जाएगी।

विस्थापित शिविर पर आतंकी हमला

किंशासा : मध्य अफ्रीकी देश कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में विस्थापितों के लिए बनाए शिविर पर मिलीशिया गुटों ने जोरदार हमला कर दिया। संयुक्त राष्ट्र संघ के अनुसार इस हमले में पचास से अधिक लोग मारे गए हैं, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं।

कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में संयुक्त राष्ट्र मिशन की मुखिया बिन्टोई केइटा ने इस हमले की कठोरतम शब्दों में निंदा की है। इसमें 36 लोग घायल भी हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र मिशन ने घटनास्थल के तुरंत गश्तीदल भी भेजा है। इस हमले के बारे में देश के राष्ट्रीय सुरक्षा बलों और सामुदायिक एलर्ट नेटवर्क को भी सूचित कर दिया गया। संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के उपप्रवक्ता ने न्यूयार्क में पत्रकारों को बताया कि जब संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षक घटनास्थल पर पहुंचे तो हमलावरों के साथ उनकी भी गोलीबारी हुई।

इस बीच मानवीय सहायता एजेंसियों ने चिकित्सा सामग्री की आपूर्ति शुरू कर दी है।

फिल्मकारों के लिए आसान नहीं राजनीति

- पुल वाले नेता के रूप में मशहूर हुए थे विनोद खन्ना
- हंसराज हंस को रास नहीं आई पंजाब की राजनीति

चंडीगढ़ : पंजाब की राजनीति में पंजाबी गायकों तथा फिल्मी कलाकारों की सक्रियता लंबे समय से रही है लेकिन इनमें से बहुत कम ऐसे हैं, जिन्हें राजनीति की राह में कामयाबी मिली। पंजाब की राजनीति में लोक गायकों तथा फिल्मी कलाकारों ने प्रवेश तो किया लेकिन वह लंबी रेस के घोड़े साबित नहीं हो सके। विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस पार्टी ने मानसा विधानसभा क्षेत्र से पंजाबी लोक गायक सिद्धू मूसेवाला को चुनाव मैदान में उतारा है। पंजाब की मोगा विधानसभा सीट से कांग्रेस ने टिकट भले ही मालविका सूद को दी हो लेकिन चुनाव प्रचार की कमान उनके भाई एवं फिल्म अभिनेता सोनू सूद संभाल रहे हैं।

इसके पहले पंजाब में हुए चुनावों में फिल्मी कलाकारों की भूमिका अहम रही है। पंजाब की राजनीति में गायकों की एंट्री की शुरूआत पंजाब के प्रसिद्ध कविशर (धार्मिक गायक) बलवंत सिंह रामूवालिया के समय में हुई थी। रामूवालिया को यह फील्ड रास आया और वह केंद्र में मंत्री भी बने। हालांकि रामूवालिया के दामाद एवं पंजाबी फिल्म अभिनेता हरभजन मान राजनीति के क्षेत्र में ज्यादा लंबे नहीं चल सके।

बालीवुड अभिनेता विनोद खन्ना ने 90 के दशक में सक्रिय राजनीति शुरू की और वह गुरदासपुर से सांसद बने। विनोद खन्ना ने राजनीति के चक्कर में बालीवुड से पूरी तरह दूरी बना ली और गुरदासपुर में इतने काम करवाए कि लोग उन्हें पुल वाला सांसद कहने लगे थे। इसके विपरीत,पंजाब में लोक गायक का दर्जा प्राप्त हंसराज हंस ने पंजाब में दो बार किस्मत आजमाई लेकिन यहां उन्हें कामयाबी नहीं मिली। बाद में दिल्ली जाकर वह लोकसभा चुनाव जीते।

वर्ष 2012 के दौरान पंजाब के प्रसिद्ध लोक गायक मोहम्मद सद्दीक ,कॉमेडियन गुरप्रीत सिंह घुग्गी, भगवंत मान ने राजनीति में एंट्री की। मोहम्मद सद्दीक चुनाव जीत गए लेकिन गुरप्रीत सिंह घुग्गी को यह फील्ड रास नहीं आया तो वह दोबारा फिल्मी दुनिया में लौट गए। लगातार संघर्ष करते हुए भगवंत मान दो बार सांसद बने और इस चुनाव में उन्हें आम आदमी पार्टी ने मुख्यमंत्री चेहरा के रूप में सामने रखा है।

वर्ष 2019 में हुए लोकसभा चुनाव के दौरान गुरदासपुर लोकसभा क्षेत्र से फिल्म अभिनेता सन्नी दयोल ने चुनाव लड़ा और वह जीत भी गए लेकिन जीतने के बाद क्षेत्र से उनकी दूरी के कारण वह विवादों में घिरे हुए हैं। इसके अलावा पंजाब की राजनीति में पहले भी कुलदीप माणक, जस्सी जसराज, सतविंदर बिट्टी आदि भी आ चुके हैं लेकिन इन्हें आशातीत कामयाबी नहीं मिली।

एक नजर

कोरोना के नए मामले घटे

नई दिल्ली : देश के 34 राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों में कोरोना के नए मामलों में कमी आ रही है। हालांकि दो राज्यों में अभी बढ़ोतरी जारी है। यह जानकारी गुरुवार को केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने दी। इस हफ्ते 10 प्रतिशत अधिक संक्रमण दर वाले 297 जिले हैं। पिछले हफ्ते इस तरह के जिलों की संख्या 406 थी। फिलहाल 5- 10 प्रतिशत संक्रमण दर वाले जिलों की संख्या 169 हैं। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव लव अग्रवाल ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से कोरोना के मामलों में गिरावट देखी जा रही है। पिछले एक सप्ताह में प्रतिदिन औसत मामलों की संख्या 2.04 लाख है। सक्रिय मामले देश में 15 लाख 33 हजार हैं। पॉजिटिविटी रेट भी पिछले सप्ताह 12.98 प्रतिशत दर्ज.की गई। पिछले 24 घंटों में एक लाख 72 हजार 433 कोरोना के मामले दर्ज.किए गए हैं।

तवांग में फहरा 104 फीट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज

इटानगर : अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने गुरुवार को तावांग जिले में न्गंगपा नटमे (बुद्ध पार्क) स्थित सर्किट हाउस के ऊपर 104 फीट ऊंचा स्मारकीय राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर पेमा खांडू ने अरुणाचल प्रदेश के लोगों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह ध्वज अरुणाचल प्रदेश के देशभक्तों को समर्पित किया गया है। फहराया गया ध्वज 10 हजार फीट की ऊंचाई पर भारत का दूसरा सबसे ऊंचा स्मारक राष्ट्रीय ध्वज है। उन्होंने विधायक तवांग सेरिंग ताशी, जिला प्रशासन तवांग, एसएसबी, आईटीबीपी, भारतीय सेना और राज्य के सभी लोगों को बधाई दी।

मध्यप्रदेश विस का बजट सत्र 7 मार्च से

भोपाल : मध्यप्रदेश की पंद्रहवीं विधानसभा का बजट सत्र सोमवार आगामी 7 मार्च से शुरू होकर 25 मार्च 2022 तक चलेगा। राज्यपाल मंगुभाई पटेल के अनुमोदन के बाद गुरुवार को इस आशय की अधिसूचना विधानसभा सचिवालय ने जारी कर दी है। मध्यप्रदेश की पन्द्रहवीं विधानसभा का यह 11वां सत्र होगा। अधिसूचना के अनुसार विधानसभा के इस 19 दिवसीय सत्र में सदन की कुल 14 बैठकें होंगी। सत्र की शुरूआत राज्यपाल के अभिभाषण से होगी। इस दौरान आगामी वित्तीय वर्ष 2022-2023 का बजट प्रस्तुत होगा तथा शासकीय एवं अशासकीय कार्य संपादित किये जाएंगे।

संबित के खिलाफ प्राथमिकी पर 28 अप्रैल को सुनवाई

नई दिल्ली : दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट ने कथित तौर पर किसानों के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के मामले में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग करनेवाली याचिका पर सुनवाई टाल दी है। मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट ऋषभ कपूर ने 28 अप्रैल को अगली सुनवाई करने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता औ? आम आदमी पार्टी की प्रवक्ता आतिशि मलेर्ना की ओर से पेश वकील ने कहा कि आरोपी संबित पात्रा की ओर से कोर्ट के आदेश को सेशंस कोर्ट में चुनौती दी गई है जो अभी लंबित है। सेशंस कोर्ट उस याचिका पर 3 मार्च को सुनवाई करनेवाला है। संबित पात्रा की याचिका पर सेशंस कोर्ट मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट के आदेश पर रोक लगा चुका है।

सिद्धू के खिलाफ दायर रिव्यू पिटीशन पर सुनवाई टली

नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने नवजोत सिंह सिद्धू के खिलाफ गैर इरादतन हत्या मामले में बरी किए जाने के फैसले के खिलाफ दायर रिव्यू पिटीशन पर सुनवाई 25 फरवरी तक के लिए टाल दी है। सुप्रीम कोर्ट ने 12 सितंबर, 2018 को नवजोत सिंह सिद्धू की सजा बढ़ाने की मांग करने वाली पीड़ित पक्ष की ओर से दाखिल याचिका पर नवजोत सिंह सिद्धू को नोटिस जारी किया था। 15 मई 2018 को सुप्रीम कोर्ट ने नवजोत सिंह सिद्धू को गैर इरादतन हत्या का दोषी पाया था लेकिन धारा 323 का दोषी पाया था और उन पर एक हजार रुपये का जुमार्ना लगाया था। कोर्ट ने सह अभियुक्त रुपिंदर सिंह संधू को भी बरी कर दिया था।

लावण्या आत्महत्या मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा

नई दिल्ली : तमिलनाडु सरकार लावण्या आत्महत्या मामले में सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है। तमिलनाडु सरकार ने इस मामले की सीबीआई जांच के मद्रास हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ याचिका दायर की है। लावण्या के परिवार ने तमिलनाडु पुलिस पर मामले की लीपापोती का आरोप लगाया था। 17 साल की लावण्या ने अपने स्कूल पर ईसाई बनने के लिए दबाव बनाने का आरोप लगा कर आत्महत्या की थी। लावण्या के मामले में भाजपा नेता और वकील अश्विनी उपाध्याय ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर कर लावण्या की मौत की जांच की मांग की है।

ओलंपिक के उद्घाटन समारोह का बहिष्कार करेगा भारत

नई दिल्ली : भारत ने बीजिंग में आयोजित होने वाले आगामी शीतकालीन ओलंपिक में मशाल वाहक के रूप में गलवान घाटी के एक चीनी सैनिक के चयन को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। इसके मद्देनजर इन खेलों के उद्घाटन और समापन समारोह में बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास के प्रभारी भाग नहीं लेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने गुरुवार को साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि दुनिया के अनेक देश मानवाधिकारों के बारे में चीन के रवैए के विरोध में शीतकालीन ओलंपिक के उद्घाटन समारोह का बहिष्कार कर रहे हैं। शीतकालीन ओलंपिक में छह सदस्यीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल गया है। यहां स्कीयर आरिफ खान इस बार क्वालीफाई करने वाले देश के एकमात्र एथलीट हैं।

हिमाचल में बर्फबारी ने फिर बढ़ाई मुश्किलें

शिमला : हिमाचल प्रदेश में गुरुवार को पहाड़ी इलाकों में व्यापक बर्फबारी तथा मैदानी भागों में अंधड़ के साथ बारिश हुई। भारी बर्फबारी से शिमला सहित अन्य पर्वतीय जिलों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। मौसम विभाग ने पहले ही राज्य में मौसम का येलो अलर्ट जारी किया था। शिमला शहर में 26 दिन के भीतर तीसरी बार भारी बर्फ गिरी है, जिससे सैलानी गदगद हैं। शिमला में दिनभर बर्फबारी का दौर चला। शहर में जगह-जगह बिछी बर्फ का दीदार कर पर्यटक रोमांचित हो रहे हैं। बर्फबारी का लुत्फ उठाने आए पर्यटकों के कारण कारोबारियों के बीच भी उत्साह है। राज्य में भारी बर्फबारी के कारण अपर शिमला सहित सैंकड़ों गांवों का जिला मुख्यालयों से संपर्क टूट गया है।

दिल्ली में आउटडोर खेल को अनुमति नहीं

नई दिल्ली : दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली में आउटडोर खेल आयोजित करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। जस्टिस वी कामेश्वर राव की बेंच ने कहा कि दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकार को अपना काम करने देना चाहिए। दरअसल, कोरोना की तीसरी लहर के बीच दिल्ली में आउटडोर खेल आयोजित करने का आदेश दिया गया है। हाईकोर्ट में याचिका दायर करके आउटडोर खेल आयोजित करने के आदेश को चुनौती दी गई थी।सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक 4 जनवरी को होने वाली है। इस बैठक में स्थिति की समीक्षा कर फैसला किया जाएगा। उसके बाद कोर्ट ने याचिका को खारिज करते हुए कहा कि दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकार को अपना काम करने दीजिए।

रेल मंत्री ने 1000वीं किसान रेल को दिखाई हरी झंडी

नई दिल्ली : रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से देश के किसानों की प्रगति को समर्पित 1000वीं किसान रेल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मध्य रेलवे की यह ट्रेन महाराष्ट्र के सावदा से दिल्ली के आदर्श नगर के लिए रवाना हुई। मध्य रेलवे की यह 1000वीं किसान रेल है। ट्रेन में 23 डिब्बे हैं जिनमें 453 टन केला भेजा गया है। मध्य रेलवे से अब तक 1000वीं किसान रेल में 3.45 लाख कृषि उपज का परिवहन किया जा चुका है। पहली और 100वीं किसान रेल भी मध्य रेलवे द्वारा चलाई गई थी। देश की पहली किसान रेल 7 अगस्त 2020 को देवलाली से दानापुर के लिए चली थी बाद में इसका देवलाली और मुजफ्फरपुर के बीच विस्तार किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 28 दिसम्बर 2020 को 100वीं किसान रेल को सांगोला से शालीमार के लिए रवाना किया था। मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट ने 23 नवंबर 2021 को संबित पात्रा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया था।

स्वत्वाधिकारी यशवंत धोटे के लिए प्रकाशक, मुद्रक मधुकर सिंह, मां तपेश्वरी मीडिया एंड पब्लिकेशन प्रा0 लिमिटेड, सिंहमोड़ कल्याणपुर हटिया, अपोजिट एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, द्वारा रांची से प्रकाशित कर, तपो प्रिंटर, गुटूआ मौजा, प्लॉट न.-1124/1125, कटहल मोड़, थाना-नगड़ी, दयाल पेट्रोल पंप के बगल में, रांची (झारखंड) से मुद्रित, (न्याय क्षेत्र रांची) मुख्य कार्यकारी अधिकारी : पंकज मिश्र, संपादक-सचिन कुमार सिंह, स्थानीय संपादक-उपेन्द्र नाथ पाण्डेय* (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार*) , फोन नं-0651-2910972, ईमेल - navpradeshranchi@gmail.com (RNI No. JHAHIN/2016/68458)